आषाढ़ कृष्ण पक्ष नवमी 09:49 उपरांत दशमी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 20 जून 2025
वर्ष 6, अंक 210, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



भारत और क्रोएशिया रक्षा सहयोग के लिए हुए राजी 14

सामाजिक न्याय राष्ट्रीय प्रगति में अहम 12

**हिमालय पर योग...**




अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस : विषम मौसम की स्थिति के बीच हिमालय की ऊंचाई पर योग प्रदर्शन करते हुए भारतीय सेना के जवान गुरुवार को सैनिकों ने एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम के तहत अनुशासन और कल्याण की भावना पर प्रकाश डाला।

# निजी बिजली कंपनियों से हिस्सेदारी वापस लेगी सरकार

## राज्य सरकार ने नियामक आयोग से मांगी सलाह

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य सरकार पांच साल बाद प्रस्तावित निजी बिजली कंपनियों से अपनी हिस्सेदारी वापस लेगी। इस आशय के साथ सरकार ने राज्य विद्युत नियामक आयोग से ऊर्जा निगमों के निजीकरण पर राय मांगी गई है। इस बीच, उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद की ओर से इसका विरोध करते हुए कहा गया कि आयोग में विधिक वाद दायर किया गया है। इसमें कहा गया है कि आयोग से सलाह लेना सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का उल्लंघन है।

प्रदेश में पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण की प्रक्रिया चल रही है। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने निजीकरण के लिए जो खाका तैयार किया है, उसमें निजी कंपनियों की हिस्सेदारी 51 प्रतिशत व राज्य सरकार की हिस्सेदारी 49 प्रतिशत है। 'ट्रिपल पी' मॉडल के तहत गठित होने वाली निजी कंपनियों में मुख्य सचिव को अध्यक्ष व निदेशक के पदों पर निजी घरानों के प्रतिनिधि शामिल किए जाने का प्रावधान है। सूत्रों के अनुसार निजीकरण प्रक्रिया के तहत ऊर्जा विभाग ने विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 108 के तहत निजीकरण के लिए नियामक आयोग से सलाह मांगी है। आयोग की ओर से इस पर आगे की कार्रवाई जल्द होने की संभावना है। उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि देश का कोई भी नियामक आयोग इस असंवैधानिक प्रस्ताव को हरी झंडी नहीं दे सकता और न ही कोई भी इस मसौदे के आधार पर निजीकरण कर सकता है। उन्होंने कहा कि वितरण हानियां, बिजली दरें, पावर पर्चेज एग्रीमेंट, इक्विटी को लॉन्ग टर्म लोन में 'कन्वर्ट' करने, शेयर ट्रांसफर, बिजली आपूर्ति में सुधार की योजना आरडीएसएस के खर्चे पर लोन आदि पर सरकार ने भविष्य में नियामक आयोग को निर्देश जारी करने पर भी सलाह मांगी गई।



### सलाह देने पर बनेगा अवमानना का मामला

उपभोक्ता परिषद का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट की तीन सदस्यों वाली पीठ जिसमें मुख्य न्यायाधीश शामिल थे, ने केरल स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड बनाम झाबुआ पावर लिमिटेड में निर्णय दिया था कि राज्य सरकार व केंद्र सरकार के निर्देश को विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 108 के तहत राज्य विद्युत नियामक आयोग मानने के लिए बाध्य नहीं है। अगर नियामक आयोग निजीकरण के मसौदे पर धारा 108 पर कोई भी निर्णय लेता है या कोर्ट के निर्णय के विपरीत सलाह देता है तो यह सुप्रीम कोर्ट के निर्देश का उल्लंघन होगा। ऐसे में नियामक आयोग अवमानना का दोषी होगा।

**पहला टेस्ट मैच**

**भारत बनाम इंग्लैंड**

स्थान : हेडिंग्ले स्टेडियम, इंग्लैंड
समय : दोपहर 3:30 से।
प्रसारण : सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क

# स्टांप विभाग में तबादला घोटाला, होगी जांच

## योगी सख्त : 88 उपनिबंधकों तथा 114 कनिष्ठ सहायकों समेत 202 तबादले निरस्त

- बेसिक शिक्षा, स्वास्थ्य पशुपालन समेत अन्य विभागों में भी खींचतान आई सामने

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** प्रदेश में तबादलों को लेकर मची राजनीतिक और प्रशासनिक खींचतान के बीच ट्रांसफर के नाम पर हुए घोटाले को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संज्ञान में लाया गया है। आरोप हैं कि तबादलों के लिए करोड़ों रुपये की रिश्वत ली गई है।

मामला स्टांप व रजिस्ट्रेशन विभाग में 59 कार्यरत तथा 29 नव-प्रोन्नत उप-निबंधकों और 114 कनिष्ठ सहायकों के स्थानांतरण में अनियमितता का है। मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री ने सभी स्थानांतरण तुरंत स्थगित करने और प्रकरण की जांच के आदेश दे दिए हैं। किसी भी स्तर का कर्मचारी या अधिकारी हो जांच में दोषी पाए जाने पर उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। शासन ने स्पष्ट किया है कि अब कोई भी स्थानांतरण आदेश अग्रिम निर्देश तक प्रभावी नहीं होगा। दरअसल, राज्य के तमाम सरकारी विभागों में तबादलों का सिलसिला चल रहा है। इसी कड़ी में स्टाम्प एवं पंजीयन विभाग के महानिरीक्षक निबंधन ने 13 और 14 जून को तीन अलग-अलग आदेशों के तहत 58 उप निबंधकों, 29 नव-प्रोन्नत उप निबंधकों और 114 कनिष्ठ सहायक कर्मचारियों का ट्रांसफर किया गया था। इन तबादलों में भारी अनियमितताओं की शिकायतें सामने आई थीं, जिसके चलते यह मामला सीधे मुख्यमंत्री तक पहुंच गया था।

दरअसल, ट्रांसफर सीजन में बीते दिनों कई विभागों के मंत्रियों और प्रमुखों के बीच खींचतान सामने आ रही थी। इससे पहले बेसिक शिक्षा पशुपालन और स्वास्थ्य विभाग में तबादला प्रक्रिया को लेकर विवाद सामने आ चुका है। इस बीच मुख्यमंत्री स्तर से उठाया गया ताजा कदम इस बात का संकेत है कि जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत सरकार किसी भी प्रकार की अनियमितता, भाई-भतीजावाद या भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं करेगी। मुख्यमंत्री स्तर से तबादला आदेशों पर रोक और जांच के आदेश के बाद स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग में हड़कंप मचा है। कुछ अधिकारी राहत महसूस कर रहे हैं तो कई अधिकारियों की चिताएं बढ़ गईं हैं। ट्रांसफर के नाम पर रिश्वत लेने इस बात से खौफजदा हैं कि कहीं अब उन पर न कार्रवाई हो जाए।

### उपनिबंधक बना दिए गए इंटरमीडिएट पास

**लखनऊ।** स्टांप तथा पंजीयन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविंद्र जायसवाल ने विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में गुरुवार को पत्रकारों को बताया कि हाल ही में विभाग में उप-निबंधकों तथा कनिष्ठ सहायकों के स्थानांतरण तथा नियुक्ति की तबादला सूची में भारी अनियमितताएं पाई गई हैं। कुछ ऐसे कर्मचारियों को सब-रजिस्टार बना दिया गया जो सिर्फ 12वीं पास हैं, जबकि इस पद पर नियुक्ति के लिए अनुभव, योग्यता और स्पष्ट मापदंड तय हैं। रविंद्र जायसवाल के मुताबिक, हैरानी की बात यह रही कि जिन अधिकारियों पर भ्रष्टाचार की शिकायतें लंबित हैं, उन्हें भी प्रमोट कर बड़े जिलों में भेज दिया गया। कहा कि प्रारंभिक जांच में तबादला प्रकरण में भ्रष्टाचार की बू आ रही है, इसलिए मुख्यमंत्री ने संज्ञान लेते हुए सूची को स्थगित करने के आदेश दिए हैं और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश भी दिए हैं।

### मनचाहे ट्रांसफर करने वाले जांच के दायरे में

राज्य सरकार के सूत्रों अनुसार, उपनिबंधक का तबादला राज्य स्तर पर मंडलायुक्त (कमिश्नर) की संस्तुति से होता है। ऐसे में अगर इस स्तर पर नियमों की अनदेखी हुई है, तो यह न केवल विभागीय लापरवाही बल्कि भ्रष्टाचार का मामला भी बनता है। सूत्रों के अनुसार, विभाग में गुपचुप तरीके से एक जगह से दूसरी जगह पोस्टिंग के लिए मोटी रकम मांगी जा रही थी। जिन अधिकारियों के हस्ताक्षर और सहमति से संदिग्ध तबादले हुए, उनकी अब भूमिका गहन जांच के दायरे में है।

### आईएएस समीर और भवानी सिंह खंगारौत को पद से हटाया

**लखनऊ।** राज्य सरकार ने गुरुवार रात दो आईएएस अधिकारियों को प्रतीक्षारत करते हुए दो अन्य को अतिरिक्त प्रभार सौंप दिया। महानिरीक्षक निबंधन के पद पर तैनात आईएएस अधिकारी समीर वर्मा को प्रतीक्षारत कर दिया गया है। यह जिम्मेदारी अब स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन व परिवहन विभाग के प्रमुख सचिव अमित गुप्ता अतिरिक्त प्रभार के रूप में संभालेंगे। चिकित्सा विभाग में निदेशक प्रशासन भवानी सिंह खंगारौत को भी प्रतीक्षारत कर दिया गया है। इस पद की जिम्मेदारी अब अतिरिक्त प्रभार के रूप में विशेष सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य परिवार कल्याण आर्यका अखौरी को दी गई है। बीते दिनों चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग के मंत्री ब्रजेश पाठक ने मुख्यमंत्री से खंगारौत की कार्यशैली को लेकर शिकायत दर्ज कराई थी। अब प्रमुख सरकारी विभागों में तभी तबादले हो सकेंगे जब मुख्यमंत्री सहमति देंगे। तमाम विभागों की ही तरह स्वास्थ्य महकमे में भी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों की तबादला सूची पर गतिरोध रहा।

# भारत-पाकिस्तान युद्ध रोकने का श्रेय लेने से पीछे हटे ट्रंप

न्यूयॉर्क/इस्लामाबाद, एजेंसी



- कहा-दो समझदार नेताओं ने लिया था सैन्य संघर्ष रोकने का निर्णय

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के दो बहुत समझदार नेताओं ने एक ऐसे युद्ध को रोकने का निर्णय लिया जो परमाणु युद्ध में बदल सकता था। पिछले कुछ हफ्तों में यह पहली बार है जब ट्रंप ने दोनों पड़ोसी देशों के बीच संघर्ष रोकने का श्रेय खुद नहीं लिया है।

ट्रंप ने बुधवार को व्हाइट हाउस में पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर की दोपहर के भोजन पर मेजबानी करने के बाद ओवल कार्यालय में मीडिया से बातचीत में ये टिप्पणियां कीं। ट्रंप द्वारा बुधवार को की गई यह टिप्पणी उनके उन दावों से अलग है, जिसमें अमेरिकी राष्ट्रपति ने कई बार भारत-पाकिस्तान युद्धविराम समझौते में मध्यस्थता करने का दावा किया था। ट्रंप ने कहा कि उन्होंने ईरान-इजराइल संघर्ष से उत्पन्न स्थिति पर पाकिस्तानी सेना के प्रमुख के साथ चर्चा की। ऐसी अटकलें हैं कि वाशिंगटन तेहरान पर हमला करने की स्थिति में पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों का इस्तेमाल करने पर विचार कर रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भी जमकर प्रशंसा की तथा मंगलवार रात को उनके साथ फोन पर हुई बातचीत का भी जिक्र किया।

### छात्रों के लिए वीजा प्रक्रिया फिर होगी शुरू

**वाशिंगटन।** अमेरिका के विदेश विभाग ने बुधवार को कहा कि वह छात्र वीजा के लिए आवेदन करने वाले विदेशी विद्यार्थियों के लिए निलंबित प्रक्रिया को फिर से शुरू कर रहा है, लेकिन अब सभी आवेदकों को अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'अनलॉक' रखने होंगे। वाणिज्य दूतावासों के अधिकारी संदिग्ध पोस्ट और संदेशों पर नजर रखेंगे।

**एक नजर**

### ईडी के समक्ष पेश हुए अभिनेता डिनो मोरिया

**मुंबई।** फिल्म अभिनेता डिनो मोरिया मीठी नदी से गाद निकालने से जुड़े 65 करोड़ रुपये के कथित घोटाले से संबंधित धन शोधन जांच के सिलसिले में अपना बयान दर्ज कराने के लिए गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश हुए। एक अधिकारी ने बताया कि संघीय एजेंसी द्वारा तलब किए जाने के बाद मोरिया सुबह करीब 10.30 बजे दक्षिण मुंबई के बैलार्ड एस्टेट स्थित ईडी कार्यालय पहुंचे। अधिकारी ने बताया कि अभिनेता का बयान दर्ज किया जाएगा क्योंकि कुछ वित्तीय लेनदेन कथित तौर पर उनके और कुछ आरोपियों से जुड़े पाए गए हैं।

### सोनिया गांधी को गंगाराम अस्पताल से छुट्टी मिली

**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी को पेट से जुड़ी समस्या के उपचार के बाद गुरुवार को सर गंगाराम अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। अस्पताल ने बताया कि बीते 15 जून को 78 वर्षीय सोनिया गांधी को इस अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल के अध्यक्ष डॉ. अजय स्वरूप के अनुसार, सोनिया गांधी की हालत अब स्थिर है।

## यूपीएससी ने की प्रतिभा सेतु पहल की शुरुआत

**नई दिल्ली।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने एक रणनीतिक पहल शुरू की है, जो केंद्र सरकार और निजी क्षेत्र सहित सत्यापित नियोक्ताओं को देश की सबसे प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की शीर्ष प्रतिभाओं से जुड़ने का अवसर मुहैया करेगी। अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि यूपीएससी की 'प्रतिभा सेतु', जिसे पहले सार्वजनिक प्रकटीकरण योजना (पीडीएस) के नाम से जाना जाता था, उन गैर-अनुशंसा वाले इच्छुक अभ्यर्थियों के विवरण उपलब्ध कराती है, जो आयोग द्वारा आयोजित परीक्षाओं के सभी चरण में उत्तीर्ण हो गए, लेकिन अंतिम मेधा सूची में जगह नहीं बना पाए।

यूपीएससी ने एक आधिकारिक नोट में कहा कि यह नियोक्ताओं को गैर-अनुशंसित इच्छुक अभ्यर्थियों का चयन करने के लिए एक मंच प्रदान करता है, जो अनुशंसित अभ्यर्थियों के समान ही मेधावी होते हैं। साथ ही, यह यूपीएससी अभ्यर्थियों के लिए अपनी प्रतिभा दिखाने का एक और अवसर होगा।

## न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा को हटाने का प्रस्ताव

नई दिल्ली, एजेंसी

- नकदी विवाद : जांच समिति की रिपोर्ट में कदाचार साबित

दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के सरकारी आवास से जले नोटों की कथित बरामदगी की जांच कर रही समिति ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि न्यायमूर्ति वर्मा और उनके परिवार के सदस्यों का उस स्टोर रूम पर गुप्त या सक्रिय नियंत्रण था, जहां से बड़ी मात्रा में अधजली नकदी मिली थी।

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि इससे न्यायमूर्ति वर्मा के कदाचार का पता चलता है, जो इतना गंभीर है कि उन्हें (न्यायाधीश को) हटाया जाना चाहिए। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश शील नागू की अध्यक्षता वाली तीन-सदस्यीय समिति ने 10 दिनों तक मामले की पड़ताल की, 55 गवाहों से पूछताछ की और न्यायमूर्ति वर्मा के आधिकारिक आवास पर 14 मार्च को रात करीब 11.35 बजे लगी आग के परिप्रेक्ष्य में घटनास्थल का दौरा भी किया। न्यायमूर्ति वर्मा उस समय दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायाधीश थे और उनका तबादला इलाहाबाद हाईकोर्ट में कर दिया गया था। रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए पूर्व सीजेआई ने महाभियोग चलाने की सिफारिश की है।

## इजराइल से भारतीयों को निकालने का फैसला

**नई दिल्ली।** भारत ने अपने उन नागरिकों को इजराइल से निकालने का फैसला किया है जो ईरान के साथ जारी संघर्ष के कारण इजराइल में उत्पन्न सुरक्षा स्थिति के मद्देनजर वहां से निकलना चाहते हैं। इजराइल के बीरशेबा इलाके में एक अस्पताल पर ईरानी मिसाइल के हमले के कुछ घंटों बाद भारत ने अपने नागरिकों को निकालने का फैसला किया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि इजराइल और ईरान के बीच हाल में हुए घटनाक्रम के मद्देनजर, भारत सरकार ने उन भारतीय नागरिकों को इजराइल से निकालने का फैसला किया है जो वहां से वापस आना चाहते हैं।

मंत्रालय ने कहा कि वापस आने के इच्छुक भारतीयों को पहले इजराइल की भूमि सीमा के माध्यम से और उसके बाद हवाई मार्ग से भारत लाया जाएगा। भारत ने बुधवार को ईरान से अपने नागरिकों को निकालने के लिए 'ऑपरेशन सिंधु' शुरू करने की घोषणा की, क्योंकि इजराइल-ईरान के बीच संघर्ष कम होने का कोई संकेत नहीं दिखा।

(संबंधित पेज-14)

## बिहार पुलिस भर्ती परीक्षा घोटाले में कई राज्यों में ईडी ने की छापेमारी

नई दिल्ली, एजेंसी

- कोलकाता में एक प्रिंटिंग प्रेस पर भी मारे गए छापे

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बिहार में 2023 में कांस्टेबलों की भर्ती में कथित घोटाले की धनशोधन जांच के सिलसिले में गुरुवार को कई राज्यों में छापेमारी की।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि बिहार के पटना और नालंदा, रांची (झारखंड), लखनऊ (उत्तर प्रदेश) और कोलकाता (पश्चिम बंगाल) में एक दर्जन स्थानों पर कार्रवाई की जा रही है। ये ठिकाने एजेंट, प्रश्नपत्र लीक कराने वाले गिरोह के सदस्यों और उनके सहयोगियों से जुड़े हैं। कोलकाता में एक प्रेस पर भी छापा मारा गया जहां प्रश्नपत्रों की छपाई हुई थी। सूत्रों ने बताया कि इस घोटाले को अंजाम देने वाले लोग वही हैं जो 2024 में नीट यूजी के प्रश्नपत्र लीक घोटाले के आरोपी हैं।

बिहार पुलिस कांस्टेबल 2023 भर्ती का उद्देश्य बिहार पुलिस की विभिन्न इकाइयों में 21,391 रिक्तियों को भरना था। यह परीक्षा 1 अक्टूबर, 2023 को बिहार के 37 जिलों में 529 केंद्रों पर आयोजित की गई थी, जिसमें 18 लाख से अधिक उम्मीदवार शामिल हुए थे। परीक्षा के पेपर लीक होने के आरोपों के बाद, इसे उसी वर्ष 3 अक्टूबर को राज्य केंद्रीय कांस्टेबल चयन बोर्ड (सीएसबीसी) द्वारा रद्द कर दिया गया था। धन शोधन का मामला बिहार पुलिस की कुछ प्राथमिकियों से उपजा है। ईडी को इस मामले में धनशोधन का संदेह है क्योंकि एजेंटों के एक गिरोह ने प्रश्नपत्र लीक करके और इसे उम्मीदवारों को बेचकर 'अपराध से आय' (अवैध धन) अर्जित की और उम्मीदवारों द्वारा दिए गए धन का इस्तेमाल निजी संपत्ति बनाने के लिए किया। बिहार के कुछ पुलिस अधिकारी भी ईडी की जांच के दायरे में हैं।

## भारतीय संस्थानों में आईआईटी दिल्ली को मिली टॉप रैंक

नई दिल्ली, एजेंसी

- क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में 123वें स्थान पर
- देश के 54 विवि एवं संस्थान प्रतिष्ठित सूची में दर्ज

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), दिल्ली 2026 की 'क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग' में 123वें स्थान पहुंचकर सर्वश्रेष्ठ रैंक हासिल करने वाला भारतीय संस्थान है और देश के रिकॉर्ड 54 विश्वविद्यालय एवं संस्थान इस प्रतिष्ठित सूची में जगह बनाने में सफल रहे हैं।

आईआईटी दिल्ली ने दो वर्ष में 70 से अधिक स्थानों की छलांग लगाई है। वह दो साल पहले 197 और पिछले साल 150वें स्थान पर रहा था। संस्थान ने 'जॉर्जिया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, यूएस' के साथ संयुक्त रूप से 123वीं रैंक हासिल की है। लंदन स्थित वैश्विक उच्च शिक्षा विश्लेषण कंपनी 'क्वाक्वेरेली साइमंड्स' (क्यूएस) द्वारा प्रतिवर्ष प्रकाशित की जाने वाली प्रतिष्ठित 'क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग' के तहत विभिन्न प्रदर्शन संकेतकों के आधार पर विश्वविद्यालयों का आकलन किया जाता है। इस वर्ष रैंकिंग में आठ नए भारतीय संस्थानों के जगह बनाने के साथ इसमें शामिल भारत के संस्थानों की संख्या बढ़कर 54 हो गई है। अमेरिका (192 संस्थान), ब्रिटेन (90 संस्थान) और चीन (72 संस्थान) के बाद भारत चौथे स्थान पर है। किसी अन्य देश या क्षेत्र में इस वर्ष रैंकिंग में इतने विश्वविद्यालय नहीं जुड़े हैं। इस मामले में जॉर्डन और जरबैजान दूसरे स्थान पर रहे हैं और दोनों के छह-छह विश्वविद्यालय 2026 की रैंकिंग में जुड़े हैं।

# अब बिना ओटीपी नहीं मिलेगा टेक होम राशन

## सरकार सख्त, पात्रों तक ही पहुंचेगा राशन, जुलाई तक पूरी तरह लागू होगी ओटीपी व फेस रिकग्निशन सिस्टम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** कुपोषण के खिलाफ लड़ाई में धांधली रोकने को लेकर भी योगी सरकार सख्त हो गई है। 1 जुलाई तक शत-प्रतिशत 1.18 करोड़ लाभार्थियों को ओटीपी व फेस रिकग्निशन प्रणाली के जरिए ही मुफ्त राशन मिल सकेगा।



टेक होम राशन (टीएचआर) की सही डिलीवरी गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं, किशोरियों व 6 महीने से 6 साल तक के बच्चों को सुनिश्चित की जाएगी। पोषण ट्रैकर में एफआरएस दो-स्तरीय प्रमाणीकरण प्रणाली है, जिसमें चेहरे की पहचान और ओटीपी का उपयोग होता है। लाभार्थी की फोटो को आधार से जुड़े ई-केवाईसी के साथ मिलाया जाता है और उनके रजिस्टर्ड मोबाइल पर भेजकर ओटीपी आंगनबाड़ी केंद्र पर सत्यापित किया जाता है। यूपी में 2024 से शुरू हुई इस योजना में एफआरएस प्रणाली को 1 जुलाई 2025 तक प्रदेश में शत-प्रतिशत लागू करने का मुख्यमंत्री की ओर से निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी जिलाधिकारियों को शत-प्रतिशत एफआरएस के लिए ब्लॉक और पंचायत स्तर पर कैंप आयोजित करने, रोजाना प्रगति की निगरानी करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य विकास अधिकारियों को रोजाना इसकी समीक्षा करने को कहा गया है। योगी ने जोर देकर कहा है कि एफआरएस को तेजी से लागू करना कुपोषण मुक्त उत्तर प्रदेश के विजन का हिस्सा है।

### अगस्त से नए लाभार्थियों के लिए एफआरएस अनिवार्य

टेक होम राशन के लिए राज्य के फंड केवल एफआरएस पंजीकृत लाभार्थियों को ही जारी किए जाएंगे। साथ ही, 1 अगस्त 2025 से नए लाभार्थियों के लिए एफआरएस अनिवार्य होगा। योगी सरकार के इस कदम को कुपोषण के खिलाफ एक क्रांतिकारी कदम माना जा रहा है। एफआरएस का पायलट चरण अगस्त 2024 में कानपुर नगर के बिधनू और सरसौल प्रोजेक्ट्स में शुरू हुआ। मुख्यमंत्री के दिशा-निर्देशों के तहत इसे 14 नवंबर 2024 तक पूरे प्रदेश में लागू कर दिया गया। 13 जून 2025 तक के आंकड़ों के अनुसार, 1.18 करोड़ पात्र लाभार्थियों के ई-केवाईसी का कार्य पूरा करना है। कानपुर नगर जैसे जिले 45.34 प्रतिशत प्रगति के साथ अग्रणी हैं।

## भाजपा मंडल महामंत्री की मांग का सांसद ने लिया संज्ञान

**पूरनपुर, अमृत विचार:** भाजपा के मंडल महामंत्री ने दौरे पर आए सांसद से बालिका इंटर कॉलेज बनवाने की मांग की। सांसद ने समस्या को गंभीरता से लेकर मध्यमिक शिक्षा विभाग की राज्यमंत्री को पत्र भेजकर कालेज की स्थापना कराने की सिफारिश की है।

पूरनपुर क्षेत्र में दौरे पर केंद्रीय राज्यमंत्री और पीलीभीत सांसद जितिन प्रसाद बीते दिनों आए थे। सुल्तानपुर मंडल के महामंत्री सचिन श्रीवास्तव ने उन्हें पत्र सौंपा था। इसमें गांव धर्मापुर के दस किमी की परिधि में बालिका इंटर कॉलेज न होने की समस्या बताई। उन्होंने कहा था कि इससे छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। उन्हें नौंवी की कक्षा के बाद अगली कक्षाओं के लिए पूरनपुर जाना पड़ता है। धर्मापुर के अलावा पड़ोस के गांव गहलुइया, दुधिया खुर्द, बंजरिया, बिलहरी, नौगवां और पिपरिया लाला सहित दर्जन भर से अधिक गांव हैं। यहां बालिका इंटर कॉलेज की आवश्यकता है। इस पत्र का संज्ञान लेते हुए सांसद जितिन प्रसाद ने माध्यमिक शिक्षा विभाग की राज्यमंत्री गुलाबदेवी को पत्र भेजा है। इसमें सांसद ने धर्मापुर गांव में बालिका इंटर कॉलेज बनाने की सिफारिश की है।


# आबादी में घूम रहे बाघ ले रहे जान चार साल से एफडी का पद खाली

### पीटीआर: 2020 में फील्ड डायरेक्टर एच राजामोहन के ट्रांसफर के बाद से खाली पड़ा है पद

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** पचास फीसदी स्टाफ के सहारे बाघ संरक्षण में कैट्स जैसे प्रतिष्ठित अवार्ड हासिल करने वाले पीलीभीत टाइगर रिजर्व में पिछले चार साल से फील्ड डायरेक्टर का पद रिक्त चल रहा है। वर्तमान में मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाएं भी बढ़ी हैं। बाघ-तेंदुआ भी रिहायशी इलाकों की तरफ दौड़ रहे हैं। ऐसे में पूर्णकालिक फील्ड डायरेक्टर के न होने से आपात स्थिति में वन्यजीवों को रेस्क्यू करने के लिए शासन स्तर से अनुमति लेनी पड़ती है। ऐसे में मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटना की आशंका भी बढ़ जाती है।

जनपद के जंगल को जून 2014 में टाइगर रिजर्व का दर्जा दिया गया था। टाइगर रिजर्व बनने के बाद यहां बाघ समेत अन्य वन्यजीवों की संख्या में खासी बढ़ोतरी हुई है। इसका नतीजा यह हुआ कि बाघ-



पीलीभीत टाइगर रिजर्व।

तेंदुओं ने जंगल से बाहर निकलना शुरू कर दिया और इससे मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाएं भी शुरू हो गई। फिलहाल बाघ-तेंदुओं के बाहर निकलने का सिलसिला बदस्तूर जारी है। टाइगर रिजर्व प्रशासन सीमित स्टाफ और संसाधन के सहारे से ही वन एवं वन्यजीवों की सुरक्षा के साथ मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं को नियंत्रित करने के प्रयास में जुटा है। जिस दौरान पीलीभीत टाइगर रिजर्व घोषित किया गया था, उस दौरान फील्ड डायरेक्टर का पद भी सृजित किया गया था। पद सृजित करने के बाद जिम्मेदार इस महत्वपूर्ण पद पर किसी अफसर कर तैनाती करना ही भूल गए।

करीब चार साल बाद जुलाई 2018 में एच राजामोहन को पीलीभीत टाइगर रिजर्व का पहला फील्ड डायरेक्टर नियुक्त किया गया। अपनी तैनाती के दौरान फील्ड डायरेक्टर एच राजा मोहन ने वन एवं वन्यजीवों के हित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए, मगर अक्टूबर 2020 आते-आते उनका स्थानांतरण कर दिया गया।

तबसे लेकर आज तक इस महत्वपूर्ण पद पर किसी पूर्णकालिक फील्ड डायरेक्टर की नियुक्ति नहीं की गई है।

### आपात स्थिति में रेस्क्यू परमिशन के लिए करना होता है इंतजार

पीलीभीत टाइगर रिजर्व के जंगल से बाघ-तेंदुए बाहर निकलकर आबादी क्षेत्र में पहुंच रहे हैं। आबादी क्षेत्र में पहुंचने पर वन्यजीवों की निगरानी की जाती है, ताकि मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटना न हो। कई बार विपरीत परिस्थितियों में वन्यजीवों को रेस्क्यू करने की जरूरत पड़ती है। इसके लिए वन महकमे द्वारा वन्यजीवों को ट्रेंकुलाइज कर रेस्क्यू करने की अनुमति चाहिए होती है। मगर पीलीभीत टाइगर रिजर्व में फील्ड डायरेक्टर की तैनाती न होने के कारण जिम्मेदारों को यह अनुमति शासन स्तर से लेनी पड़ती है। कभी-कभार अनुमति मिलने में देर भी हो जाती है। इस बीच यदि कोई मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटना होती है तो इसको सारा दारोमदार टाइगर रिजर्व प्रशासन को ही झेलना पड़ता है। फिलहाल वर्तमान में मुरादाबाद वृत्त के वन संरक्षक रमेश चंद्र को फील्ड डायरेक्टर का अतिरिक्त चार्ज दिया गया, मगर अभी तक उन्होंने कार्यभार ग्रहण नहीं किया है।

## तहसील परिसर में थूकने पर लगेगा 500 रुपये जुर्माना

**पूरनपुर, अमृत विचार:** पुड़िया की पीक से रंगबिरंगी हुई तहसील फर्श और दीवारें सफाई व्यवस्था की सूरत बिगाड़ने लगी। मगर अब सख्ती की गई है। परिसर में थूकने वाले से 500 रुपये जुर्माना वसूला जाएगा। इसके लिए नोटिस चस्पा किए गए हैं।

स्वच्छता अभियान चलाकर समय समय पर लोगों को जागरुक किया जाता है। इसके बावजूद लोग सफाई में सहयोग नहीं करते। सरकारी भवनों की दीवारों पर पान पुड़िया के निशान सफाई अभियानों को पोल खोल देते हैं। हाल ही में नई तहसील परिसर में पौधे लगे गमलों और दवारों पर पान और पुड़िया के थूकने के निशानों को लेकर चर्चा हो रही थी। एसडीएम और तहसीलदार सहित कई अधिकारियों के तहसील में कार्यालय हैं। निरीक्षण के दौरान अन्य अधिकरियों नजर भी दीवार और फर्श आदि पर पहुंच जाती। गुरुवार को एसडीएम अजीत प्रताप सिंह ने तहसील परिसर में सफाई को लेकर नोटिस चस्पा कराए हैं। इसमें साफ हिदायत दी गई है कि तहसील परिसर में पान पुड़िया खाकर थूकने और गंदगी करना मना है। थूकते मिले तो 500 रुपये जुर्माना वसूला जाएगा।

## राज्य स्तरीय चैंपियनशिप के लिए ट्रॉयल के बाद हुआ चयन


गांधी स्टेडियम स्थित तरण ताल पर ट्रायल देते तैराक। ● अमृत विचार

संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश राज्य तैराकी संघ के तत्वावधान में 28 जून से 30 जून तक केडी सिंह बाबू स्टेडियम लखनऊ में 41 वीं सब जूनियर एवं 51वीं जूनियर राज्य तैराकी चैम्पियनशिप होगी। इसमें भाग लेने के लिए पीलीभीत की तैराकी टीम का चयन गांधी स्टेडियम के तरणताल पर ट्रॉयल के आधर पर किया गया।

जिला तैराकी संघ की अवैतनिक सचिव भावना मिश्रा ने बताया कि चयन ट्रायल मे ग्रुप ए बालक वर्ग में रुद्राक्ष गंगवार, ग्रुप बी बालिका वर्ग मे देवांशी कपूर, श्रेया वैभिवी सिंह, आशा, विधि खंडेलवाल, ग्रुप सी बालक वर्ग में फैजल मोहम्मद खान, फुआद मोहम्मद खान, देव कपूर, अर्नव रघुवंशी, आदित्य मौर्य, मयंक गंगवार और ग्रुप सी बालिका वर्ग में अश्नीत कौर, तृशा पांडे का चयन किया गया। चयन ट्रॉयल में जिला क्रीड़ा अधिकारी जयवीर सिंह, जिला तैराकी संघ के संयुक्त सचिव दीप कमल दुबे, संजय पांडे, तैराकी कोच दीपक बिष्ट, महेश तिवारी आदि का विशेष सहयोग रहा।

# कार्यों को गुणवत्तापरक एवं लक्ष्य के अनुरूप करें पूरा: डीएम

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** डीएम की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक हुई। उन्होंने विभागवार समीक्षा कर दिशा निर्देश दिए। कहा कि कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। यदि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में किसी प्रकार की लापरवाही पाई जाती है तो संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

गांधी सभागार में गुरुवार को डीएम ज्ञानेंद्र सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में सड़क निर्माण, सिंचाई, विद्युत देय, पंचायत भवन निर्माण, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी/ग्रामीण, छात्रवृत्ति, पेयजल, आवास योजना, फसल आदि की विभागवार समीक्षा की गई। सेतु निर्माण के समीक्षा डीएम ने पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता को सभी सेतु का निर्माण तेजी से कराने के निर्देश दिए। सड़कों के मामले में बताया कि लगभग सड़कें गढ्ढा मुक्त हो चुकी है। विद्युत विभाग की समीक्षा के दौरान खराब ट्रांसफार्मर तत्काल बदलने के निर्देश दिए। शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए कि अधिक से अधिक बच्चों का विद्यालय में पंजीकृत किया जाए और शिक्षा में सुधार लाया जाये। पशुधन विभाग की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए कि निर्माणाधीन गोशालाओं को तेजी से पूरा कराया जाए। सभी खंड विकास अधिकारियों और अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि अधिक से अधिक लोगों की फैमिली आईडी बनाई जाये। जल जीवन मिशन की समीक्षा के दौरान कहा कि जो भी सड़कें पाइप लाइन डालते समय खराब हुई हैं, उनकी शीघ्र मरम्मत कराई जाए। सभी विभागाध्यक्षों को विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए, ताकि रैंक में सुधार हो सके। निर्माण कार्यों की समीक्षा दौरान उन्होंने ने पशु चिकित्सालय बीसलपुर का गैरआवासीय भवन निर्माण, पशु चिकित्सालय बरखेड़ा भवन, पशु चिकित्सालय मझोला का अनावासीय भवन एवं पशु चिकित्सालय सदर अनावासीय भवन निर्माण की प्रगति जानी। बैठक में सीडीओ राजेंद्र कुमार श्रीवास, सीएमओ डॉ. आलोक कुमार, डीडीओ संजय कुमार, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी राजेश चौधरी आदि मौजूद रहे।


गांधी सभागार में समीक्षा के दौरान निर्देश देते डीएम ज्ञानेंद्र सिंह।

- डीएम की मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की विभागवार की समीक्षा, दिए निर्देश

## नाट्य मंचन के माध्यम से किया कई मुद्दों पर जागरूक


नाट्य की प्रस्तुति देते विद्यार्थी। ● अमृत विचार

संवाददाता, बीसलपुर

**अमृत विचार:** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में पिछले 18 दिनों से नवाचार के तहत रंगमंच कार्यशाला का आयोजन जा रहा था। इसका समापन गुरुवार को हुआ। कार्यशाला में ड्रीम ड्रामा आर्ट्स के डायरेक्टर शशांक शंखधर, सचिन सक्सेना के सानिध्य में प्रशिक्षुओं ने रंगमंच की विभिन्न विधाओं अभिनय, निर्देशन, लेखन, मंच सज्जा, ध्वनि नियंत्रण का प्रशिक्षण प्राप्त किया।

कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य महेंद्र कुमार सिंह, वरिष्ठ प्रवक्ता दरवेश कुमार ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके की। प्रशिक्षुओं ने स्वलिखित व स्वनिर्देशित कहानियों का मंचन किया गया। इसमें पहली कहानी मौत की डगर रही, जिसमें एक बच्चे को कैसे धूम्रपान व तंबाकू की लत लगने के बाद वह मौत के मुंह में चला जाता है। दूसरी कहानी प्राइवेट स्कूल स्कैम की रही, जिसमें गरीब तबका कैसे प्राइवेट स्कूल के चंगुल में फंस जाता है, इसका मंचन किया गया। इसके अलावा अन्य नाट्य भी पेश किए गए। प्राचार्य एमके सिंह ने कहा कि हमारा लक्ष्य प्रशिक्षुओं को न केवल अभिनय के गुण सिखाना है, बल्कि उन्हें एक ऐसा मंच प्रदान करना है, जहां वे अपनी रचनात्मकता का खुलकर प्रदर्शन कर सकें।

# बारिश हुई तो चिरौंजीलाल वीरेंद्र पाल इंटर कॉलेज में होगा योग दिवस कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन स्थल को लेकर डीएम ने अधिकारियों के साथ गांधी स्टेडियम समेत चिरौंजीलाल वीरेंद्र पाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज पहुंचकर जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मानसून के दृष्टिगत आयोजन स्थल पर सभी तैयारियां पूर्व से ही करने के निर्देश दिए।

जनपद में 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन 21 जून को गांधी स्टेडियम में होना है। इसको लेकर सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर को नोडल बनाया गया है। इधर 21 जून को कहीं बारिश के चलते आयोजन में व्यवधान न हो, इसको लेकर जिला प्रशासन सतर्क है। इधर गुरुवार को डीएम ज्ञानेंद्र सिंह ने अधिकारियों के साथ गांधी स्टेडियम पहुंचकर आयोजन स्थल का जायजा लिया। इसके बाद डीएम चिरौंजीलाल वीरेंद्र पाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज पहुंचे। यहां उन्होंने हॉल आदि का निरीक्षण किया।


गांधी स्टेडियम में आयोजन स्थल को लेकर जायजा लेते डीएम ज्ञानेंद्र सिंह व अन्य।

- डीएम ने अफसरों के साथ गांधी स्टेडियम और इंटर कॉलेज में पहुंचकर लिया जायजा
- 21 जून को होने वाले कार्यक्रम को लेकर तैयारियों में जुटे जिम्मेदार

उन्होंने मानसून के दृष्टिगत इंटर कॉलेज के हॉल को उपयुक्त पाते हुए दोनों ही स्थानों पर आयोजन की तैयारी करने के निर्देश दिए। इससे पूर्व सीडीओ राजेंद्र कुमार श्रीवास ने गांधी स्टेडियम के बैडमिंटन हॉल का भी निरीक्षण किया, लेकिन चारों ओर से बंद होने के चलते इसे उपयुक्त नहीं पाया जाएगा।

निरीक्षण के दौरान सीडीओ राजेंद्र कुमार श्रीवास, सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर, डीडीओ संजय कुमार समेत अन्य अधिकारी आदि मौजूद रहे।

VARUN ARJUN UNIVERSITY
NH-30 (OLD NH-24) Banthra, Distt. Shahjahanpur, Uttar Pradesh - 242307
ADMISSIONS OPEN FOR FOLLOWING COURSES FOR SESSION 2025-2026

VARUN ARJUN COLLEGE OF COMMERCE & MANAGEMMENT

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| Bachelor of Business Administration (BBA) | Intermediate (Any Stream) | 3 Years |
| Bachelor of Computer Applications (BCA) | Intermediate (Any Stream) | 3 Years |
| Master of Hospital Administration (MHA) | Graduate in Any Stream | 2 Years |
| Master in Public Health (MPH) | Graduate in Any Stream | 2 Years |

Contact for Admission : Mob. 7521050077, 9956248504 E-mail ID : admission@vau.edu.in

VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| M.Sc. (Medical Anatomy) | Candidate must have passed three years undergraduate program B.Sc. with 50% marks (45% for SC/ST) with Biological Sciences as one of the subjects or MBBS, BDS, BAMS, BHMS, BPT, B.Pharma, BMLT, BMRIT, B.Sc. Nursing must have passed from a recognized University. | 3 Years |
| M.Sc. (Medical Biochemistry) | | |
| M.Sc. (Medical Microbiology) | | |
| M.Sc. (Medical Physiology) | | |
| M.Sc. (Medical Pharmacology) | | |

Contact for Admission : Mob. 752105007, 9956248504, E-mail ID: admission@vau.edu.in

FACULTY OF FORENSIC SCIENCES

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| B.Sc. Forensic Sciences | Intermediate with Science | 3 Years |

Contact for Admission : Mob. 752105007, 9956248504, E-mail ID: admission@vau.edu.in

VARUN ARJUN COLLEGE OF NURSING

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| B.Sc. Nursing | Intermediate with Biology and Entrance Test | 4 Years |
| Post Basic B.Sc. Nursing | G.N.M with Entrance Test | 2 Years |
| G.N.M | Intermediate (with English) & Entrance Test | 3 Years |
| A.N.M | Intermediate | 2 Years |

Contact for Admission : Mob. 7521001992, E-mail ID: vacn2019@gmail.com

VARUN ARJUN COLLEGE OF PHARMACY

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| Bachelor of Pharmacy | Intermediate with Science | 4 Years |
| Diploma in Pharmacy | Intermediate with Science | 2 Years |

Contact for Admission : Mob. 7521001993, E-mail ID : principal.vacp@vau.edu.in

VARUN ARJUN COLLEGE OF PARAMEDICAL SCIENCES

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| Diploma in Medical Laboratory Technician - D.M.L.T | Intermediate with Science | 2 Years |
| Diploma in X-Ray Technician | Intermediate with Science | 2 Years |

Contact for Admission : Mob. 7521050078, E-mail ID : info.vacps@vau.edu.in

ADMISSIONS NOW!

# अब आंगनबाड़ी केंद्र भी रहेंगे खाद्य सुरक्षा के घेरे में, बनेगा लाइसेंस

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** अब जनपद के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों को खाद्य सुरक्षा के घेरे में लिया जाएगा। जल्द ही सभी केंद्रों को खाद्य सुरक्षा का लाइसेंस बनाया जाएगा। लाइसेंस बनने के बाद अब आसानी से केंद्रों से बंटने वाली सामग्री की सैंपलिंग की जा सकेगी।

जनपद में बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा 1960 आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन किया जा रहा है। इन आंगनबाड़ी केंद्रों से 06 वर्ष तक के बच्चों, धात्री एवं गर्भवती महिलाओं का पोषाहार का वितरण किया जा रहा है। आंगनबाड़ी केंद्रों पर बंटने वाले पोषाहार में अक्सर गड़बड़ियों का मामला प्रकाश में आता रहता है। ऐसे में अब शासन ने सभी आंगनबाड़ी केंद्रों का रजिस्ट्रेशन खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग से कराने के आदेश जारी किए है।

- एफएसडीए ने जिला कार्यक्रम अधिकारी से मिलकर की चर्चा, जल्द शुरू होगी रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया

इसी के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारियों ने विकास भवन पहुंचकर जिला कार्यक्रम अधिकारी युगल किशोर सांगुड़ी से मिलकर चर्चा की।

जिला कार्यक्रम अधिकारी युगल किशोर सांगुड़ी ने बताया कि जल्द ही सभी आंगनबाड़ी केंद्रों का खाद्य सुरक्षा लाइसेंस बनाया जाएगा। इसको लेकर विभाग की ओर से जल्द प्रक्रिया शुरू की जाएगी। रजिस्ट्रेशन होने के बाद आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण और केंद्रों से बंटने वाली सामग्री के सैंपल लिए जा सकेंगे। बता दें कि सरकारी राशन की दुकानों के लाइसेंस पहले से ही बनाए जा चुके हैं।

## बस चलता रहेगा हश्र तक सिक्का रसूल का...

संवाददाता, बिलसंडा

**अमृत विचार:** नगर में चल रहे सैयद दादा मियां रहमतुल्लाह अलैहे के तीन दिवसीय उर्स के दूसरे दिन गुरुवार को कानपुर की मशहूर फनकारा गुलनाज साबरी और फैजान रजा अजमेरी के बीच जवाबी मुकाबला हुआ, जिसमें कव्वालों ने रात भर समां बांधे रखा।

सूफी संत दादा मियां की दरगाह पर भारी संख्या में जायरीन उमड़े। दरगाह पर चादरपोशी कर वतन और कौम के अमन-चैन व तरक्की की दुआ मांगी। मेले में उमड़ी भीड़ को व्यवस्थित करने में पुलिस कर्मियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। देर रात तक नगर की बाजारों में भीड़ के चलते चहलकदमी रही। राजस्थान के अजमेर से पहुंचे सूफी गायक फैजान रजा और कानपुर की गुलनाज साबरी के बीच जवाबी मुकाबला हुआ, जिसमें दोनों ही कव्वालों ने अपने बेहतरीन अंदाज में समां बांधकर श्रोताओं की जमकर तालियां बटोरीं। मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष डीके गुप्ता, सुशील शुक्ला, राजेश पंजा ने फीता काटकर शुरुआत कराई थी। इस मौके पर कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद फैजान अली शाह, राजू, राशिद, फुरकान, अंसार मंसूरी, निषाद इदरीसी, साकिर सिद्दीकी, इमरान शाह, यासीन मंसूरी आदि मौजूद रहे।

## दो मेला स्पेशल ट्रेनों का संचालन बंद

**पीलीभीत, अमृत विचार:** उत्तराखंड के चंपावत स्थित मां पूर्णागिरी धाम जाने के लिए पूर्व में संचालित की गई दो मेला स्पेशल ट्रेनों का संचालन बंद कर दिया। इज्जतनगर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक ने बताया कि चंपावत प्रशासन की ओर से अवगत कराया गया है कि पूर्णागिरी अंतर्गत राजमार्ग संख्या 108 के बाटनागाड़ में भूस्खलन हो गया है, जिससे आवागमन में समस्या हो रही है।

इसके देखते हुए गाड़ी संख्या 05307/05308 टनकपुर-बरेली-टनकपुर और गाड़ी संख्या 05451/05452 कासगंज-टनकपुर-कासगंज का संचालन बंद किया जा रहा है। इसके अलावा गाड़ी संख्या 55323 पीलीभीत-टनकपुर, जो मेला के कारण समय परिवर्तित कर संचालित हो रही थी, उसे गुरुवार से पूर्व निर्धारित समय 12:35 बजे चलाया जाएगा।

# डिप्थीरिया-टिटनेस के लगेंगे टीके

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- स्वास्थ्य विभाग की ओर से शुरू की गई मुहिम, स्कूल बंद होने से वंचित थे बच्चे
- पूर्व में 10 मई तक चला था अभियान, 1806 स्कूलों के 50500 बच्चों का हुआ था टीकाकरण

**अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग ने एक बार फिर से बच्चों के सुरक्षित भविष्य की ओर कदम बढ़ाते हुए डिप्थीरिया और टिटनेस टीकाकरण अभियान को गति दी है।

पूर्व में 10 मई तक चले इस अभियान में स्कूलों की छुट्टियों के कारण कई बच्चे टीकाकरण से वंचित रह गए थे।

अब विभागीय निर्देशों के तहत छूटे नहीं कोई बच्चे के संकल्प को साकार करने के लिए टीम घर-घर जाकर इन बच्चों को चिन्हित कर टीका लगाएगी।

यह अभियान यूनिवर्सल इम्यूनाइजेशन प्रोग्राम (यूआईपी) के तहत संचालित हो रहा है, जिसमें स्वास्थ्य विभाग की एएनएम, आशा और अन्य फील्ड वर्क्स महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। बता दें कि डिप्थीरिया (गलघोटू) के केस सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग की ओर से टीकाकरण शुरू कराया था। विभाग की ओर से 24 अप्रैल से 10 मई तक विशेष टीकाकरण सत्र चलाया गया था, जिसमें टीकाकरण स्थल के अलावा स्कूलों में जाकर भी टीकाकरण किया गया था। रिपोर्ट के अनुसार, 1806 स्कूलों कवर करते हुए 50500 बच्चों का टीकाकरण किया गया था, लेकिन अधिकतर स्कूलों में बच्चे टीकाकरण छूट गए थे। इसलिए अब दोबारा से एक बार फिर अभियान चलाकर छूटे हुए बच्चों को चिह्नित कर टीकाकरण कराया जाएगा। इसको लेकर प्लानिंग तैयार की जा रही है।



जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. एसके सिंह ने बताया कि अभी तक चले 50500 बच्चों का टीकाकरण पूरा कर लिया गया है, जो लक्ष्य से भी अधिक है। बच्चों की संख्या बढ़ती रहती है। इसलिए पुनः अभियान चलाया जाएगा ताकि शत प्रतिशत बच्चों को कवर किया जा सके।

## विधायक ने गिनाई उपलब्धियां, योजनाओं की दी जानकारी

**बरखेड़ा, अमृत विचार:** केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर विकास क्षेत्र के गांव जयोरहा कल्यानपुर में गुरुवार को ग्राम चौपाल आयोजित की गई। मुख्य अतिथि बरखेड़ा विधायक महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद रहे। उन्होंने सरकार की उपलब्धियां बताईं।

विधायक ने विदेश नीति में बदलाव, आत्मनिर्भर भारत अभियान, डिजिटल इंडिया, महिला सशक्तिकरण, किसानों के हित में किए गए कार्य, प्रधानमंत्री आवास, मुद्रा योजना आदि को लेकर विस्तार से दी। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष प्यारेलाल कश्यप, जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा अमित कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा संजीव गंगवार, मंडल महामंत्री दीपक सूर्यवंशी, सूरज, चंद्रपाल आदि मौजूद रहे।




## शहर में आज

- भारतीय योग संस्थान की ओर से आर्य समाज मंदिर में योग शिविर 05 :30 बजे
- जिला क्षय रोग अस्पताल की ओर से 100 दिवसीय टीबी रोगी खोजी अभियान सुबह 10 बजे से
- शाही जामा मस्जिद में जुमे की नमाज दोपहर 1.30 बजे।

## घर के बाहर खड़े युवक को पीटा, रिपोर्ट

**पूरनपुर, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला रजागंज देहात के रहने वाली नाजमा बेगम पत्नी हनीफ का आरोप है कि उनका बेटा मोहम्मद हसीब दो दिन पहले घर के बाहर खड़ा था। आमिर, अरमान और बब्ली वहां आए और गाली गलौज की। विरोध करने पर मारपीट की गई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# बारिश... कीचड़ और जलभराव से बढ़ी नागरिकों की मुसीबत

### अव्यवस्थाः शहर में अभी पूरी नहीं हो सकी नालों की सफाई, सिल्ट बढ़ा रही राहगीरों की परेशानी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


छत्रपति शिवाजी कॉलोनी की गलियों में जमा गंदे पानी के बीच विरोध जताते कॉलोनीवासी।


गांधी स्टेडियम रोड पर नाला सफाई के दौरान फैली सिल्ट। ● अमृत विचार


असम हाईवे पर हरदोई ब्रांच नहर के पास कीचड़ से गुजरते राहगीर।

**अमृत विचारः** मानसून की दस्तक में अभी कुछ दिन बाकी है। हालांकि बारिश की शुरुआत हो चुकी है। शहर से लेकर हाईवे तक फैली अव्यवस्थाओं के बीच ये बारिश कुछ देर के लिए गर्मी से राहत तो दे रही है, लेकिन उससे अधिक मुसीबत बढ़ा रही। शहर में नाला सफाई कार्य के चलते सिल्ट फैली हुई है, जिससे राहगीर परेशान हैं। वहीं, नगर पंचायत नौगवां पकड़िया की गलियां तो नर्क से बदतर हो चुकी है। वहीं, हाईवे पर भी निर्माणाधीन कार्यों के चले राहगीरों की दिक्कत बरकरार है। महज दस एमएम बारिश के बाद हालात बिगड़े से दिखाई दिए।

पिछले कुछ दिनों से मौसम करवट ले रहा है। बीच-बीच में बारिश हो रही है। हालांकि विशेषज्ञों की मानें तो मानसूनी बरसात 24 जून के बाद से शुरू होगी। अभी फिलहाल इसी तरह से मौसम का उतार चढ़ाव बना रहेगा। बीते दिनों तेज बारिश हुई तो कई जगह जलभराव के साथ ही तेवा में पेड़, बिजली के तार टूटकर गिर गए थे। निर्माणाीन कार्य पर भी असर पड़ा था। इसके बाद एक दिन सब ठीक रहा। फिर बुधवार देर रात अचानक मौसम बदला।

तेज हवा चलना शुरू हुइर और फिर गुरुवार सुबह तक रुक-रुककर बाारिश हुई, जिससे गर्मी से कुछ राहत लोग महसूस करते रहे। मगर, दोपहर 12 बजे के बाद धूप खिली और एक बार फिर उमस बढ़ गई, जिसने लोगों को परेशान कर दिया। अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस, जबकि न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। कृषि वैज्ञानिक डॉ. एसएस ढाका कहना है कि बुधवार रात से गुरुवार सुबह तक 10 एमएम बारिश हुई है। अभी दो-तीन दिन बादल छाए रहने और हल्की बारिश होगी। अगले सप्ताह से मानसूनी बारिश की शुरुआत होने के आसार है। नगरपालिका की ओर से मानसून को देखते हुए नालों की सफाई कराई जा रही है। बारिश की शुरुआत हो चुकी है, लेकिन अभी भी नालों का काम बाकी है। गुरुवार को गांधी स्टेडियम रोड पर नाले की सफाई चलती रही। यहां पर बारिश के बाद सड़कों पर फैली सिल्ट मुसीबत बनी रही। उधर, दो दिन पहले मुख्य बाजार के नाले की सफाई हुई थी। वहां पर सिल्ट तो उठा ली गई है, लेकिन अन्य इलाकों में भी कीचड़ फैलने से राहगीरों को आवागमन में दिक्कत बनी रही।

### हाईवे पर निर्माणाधीन कार्य ने बढ़ाई परेशानी

बात सिर्फ नगरपालिका स्तर तक सीमित नहीं है। असम हाईवे पर भी निर्माणाधीन ओवरब्रिज के पास हालात बदतर बने हुए हैं। यहां पर गहरे गड्ढों में जलभराव हो गया। मिट्टी पहले से फैली हुई थी तो बारिश के बाद कीचड़ का रूप ले लिया, जिससे वाहनों की आवाजाही में दिक्कत हुई। सवारी लदे छोटे वाहनों के पलटने का डर चालकों को सताता रहा। पैदल गुजरने वाले तो और परेशान होते रहे। इसी हाईवे पर हरदोई ब्रांच नहर पुल के पास भी काम चल रहा है। वहां पर भी एप्रोच रोड अभी तक नहीं बनी है। ऐसे में बारिश के बाद यहां पर भी दिक्कत राहगीरों को झेलनी पड़ रही है। वाहनों के पलटने का भी डर बना हुआ है।

### पत्थर डालकर जैसे-तैसे बनाया है रास्ता

नगर पंचायत नौगवां पकड़िया की छत्रपति शिवाजी कॉलोनी का हाल तो पिछले तीन दिन से नर्क जैसा बना हुआ है। यहां पर बिन बारिश के ही नालियों का गंदा पानी भरा हुआ है। हल्की-सी बारिश के बाद घरों के भीतर कीचड़ और गंदा पानी घुस रहा है। लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो चुका है। जैसे-तैसे पत्थर डालकर रास्ता बनाया गया है। गुरुवार के गुस्साए लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। वहीं, डीएम से भी शिकायत की है। इसमें बताया है कि पिछले कई दिनों से घरों के सामने गंदा पानी भरा है। दुर्गंध से रहना मुश्किल हो चुका है। बच्चों और मरीजों को बाहर निकलने में दिक्कत आ रही है। बीमारियों का डर सता रहा है। इसका समाधान कराने की गुहार लगाई। शिकायत करने वालों में पंकज शर्मा, हरीश मौर्य, श्यामाचरन, सुम्मेरलाल, जगदीश प्रसाद, राजेंद्र कुमार एडवोकेट, प्रेमपाल, जयप्रकाश, शंकरलाल, जसवंत मिश्र, चंद्रपाल वर्मा, सालिकराम, रमाकांत, जितेंद्र मिश्रा आदि थे।

- नगर पंचायत नौगवां पकड़िया की छत्रपति शिवाजी कॉलोनी में तो नर्क जैसे हालात

### वार्ड 23 के नालों की सफाई नहीं, डीएम से शिकायत

वार्ड नंबर 23 की सभासद श्यामलता ने डीएम को दिए पत्र में बताया कि मोहल्ला बुजकसवान में सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष आनंद सिंह यादव के मकान से गौढ़ी तक नाले की सफाई के नाम पर खानापूर्ति की गई है। जबकि नाले में अभी भी सिल्ट भरी हुई है। कई बार शिकायत के बाद भी कोई ध्यान नहीं दिया गया है। इसी तरह वार्ड के मोहल्ला शेर मोहम्मदमें राजेश मिश्रा के मकान से पूर्व चेयरमैन इशरत खां के मकान तक जाने वाला प्रमुख नाला भी गंदगी से पटा है। अभी तक इसकी भी सफाई नहीं हुई है। इस वजह से जलभराव की दिक्कत होती है। इसे साफ कराने के निर्देश जारी करते हुए खानापूर्ति कर सरकारी धन का दुरुपयोग करने वालों पर कार्रवाई की मांग की।

# पुरानी रंजिश में पिता और पुत्रों पर हमला, एक की गई जान

संवाददाता, बीसलपुर


मेडिकल कॉलेज में ग्रामीण की मौत के बाद विलाप करते परिजन। ● अमृत विचार

- बीसलपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव रमपुरा नगरिया में हुई वारदात
- पुलिस शव पोस्टमार्टम को भेज कार्रवाई में जुटी

**अमृत विचारः** अपनी पालेज से तोरई तोड़कर बिक्री करने के लिए जा रहे एक ग्रामीण और उसके दो पुत्रों की पुरानी रंजिश में पिटाई की गई। गांव के बाहर तिराहे पर गन्ने के खेत में आरोपी छिपे थे। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान पिता की मौत हो गई। पुलिस शव पोस्टमार्टम को भेज छानबीन में जुट गई है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रम्पुरा नगरिया निवासी 47 वर्षीय सुरेश चंद्र की गांव के ही कुछ लोगों से पुरानी रंजिश है। गुरुवार दोपहर 1 बजे वह अपने पुत्र देवेंद्र कुमार और जितेंद्र कुमार के साथ अपने खेत पर गए। पालेज से तोरई तोड़कर साइकिल से अपने घर ला रहे थे। जैसे ही गांव के बाहर स्थित तिराहे पर पहुंचे आरोप है कि गन्ने के खेत में पहले से घात लगाए बैठे गांव के ही चार लोगों ने घेराबंदी कर दी। अचानक हमला कर दिया और धारदार हथियार, लाठी डंडों से वार किए। इस दौरान सुरेश चंद्र मौके पर ही लहूलुहान होकर गिर गए।

उसके दोनों पुत्र भी घायल हुए। इसके बाद हमलावर भाग गए। पुत्रों से सूचना मिलने पर अन्य परिवार वाले भी आ गए। आनन फानन में घायलों को बीसलपुर सीएचसी ले जाया गया। वहां से हालत नाजुक होने पर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और जानकारी की। मेडिकल कालेज पहुंचने पर घायल पिता सुरेश की मौत हो गई। परिवार में कोहराम मच गया। सभी का रोकर बुरा हाल रहा।

पुराने विवाद में घटना हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के परिजन से तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। -**संजीव कुमार शुक्ला,** कोतवाल बीसलपुर

### पुलिस ने आरोपियों के घर दी दबिश

घटना की जानकारी करने के बाद पुलिस कारवाई में जुट गई। मृतक की पत्नी इंद्रावती से जानकारी करने के बाद गांव में पुलिस काफी देर तक मौजूद रही। आरोपियों के घर दबिश दी गई। हालांकि आरोपी नहीं मिल सके। पुलिस उनके परिजन व अन्य ग्रामीणों से संपर्क कर जानकारी जुटा रही है।

### मातम में बदलीं खुशियां

हमले में ग्रामीण सुरेश चंद्र की मौत के बाद परिवार की खुशियां मातम में तब्दील हो गई। बताते हैं कि ग्राम रम्पुरा नगरिया निवासी सुरेश चंद्र के पुत्र देवेंद्र कुमार की पत्नी रिंकी देवी ने एक दिन पूर्व पुत्र को जन्म दिया था। बेटे के पुत्र का जन्म होने पर घर में खुशनुमा माहौल था। बेटे के पुत्र के नामकरण तैयारी परिवार कर रहा था। मगर, गुरुवार को हुई घटना में सुरेश चंद्र की जान चली गई, जिसके बाद खुशनुमा माहौल मातम में तब्दील हो गया।

## युवती को अगवा करने की रिपोर्ट दर्ज

**बीसलपुर, अमृत विचारः** युवती को अगवा करने के आरोप में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

करेली थाना क्षेत्र के एक ग्रामीण ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह अपनी पुत्री के मुकदमे में 10 जून को न्यायालय में बयान कराकर वापस लौट रहे थे। वापस जाते वक्त गांव के ही अनूप कुमार और तीन अन्य लोगों ने उसका पीछा किया। 12 जून को इस मामले की शिकायत एसपी से करने गए थे। बीसलपुर लौटकर अपनी पुत्री को एक मॉल के पीछे खड़ा कर दिया था। आरोप है कि उसे आरोपी अगवा करके ले गए। कुछ देर बाद आरोपी पुत्री को बरेली में छोड़ गए। वहां से गाड़ी से पुत्री बिलसंडा पहुंची। पुलिस मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

## महिला से मारपीट, दी तहरीर

**दियोरियाकलां, अमृत विचार :** गाली-गलौज के बाद एक महिला की पिटाई कर दी गई। क्षेत्र के गांव भगौतीपुर निवासी गायत्री पत्नी वीरपाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव का प्रेमसागर, पवन, अजय कुमार, चंपा देवी, रिंकी पत्नी पवन, रेखा पत्नी प्रेमसागर ने गाली गलौज की। इसका विरोध करने पर हमला कर पिटाई कर दी। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

## ग्रामीण को पीटा, एसपी के आदेश पर रिपोर्ट

**बरखेड़ा, अमृत विचारः** एक ग्रामीण पर कुछ लोगों ने हमला कर दिया। जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित क्या गया। एसपी के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना क्षेत्र के गांव भैसहा सथरापुर के रहने वाले सत्यपाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव के राम सिंह, अजय सिंह शराब के नशे में आए दिन जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित करता है। 4 जून को सुबह 10:30 बजे उसके घर के बाहर अजय सिंह गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर हमला कर दिया।

शोर पर लोग जमा हुए तो आरोपी जान से मार देने की धमकी देकर चला गया। इसके बाद वह थाना बरखेड़ा गए लेकिन मेडिकल परीक्षण कराने के बाद भी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। थाना पुलिस एसपी के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

## बाइक फिसलने से युवक व मासूम घायल

**बीसलपुर, अमृत विचारः** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रढ़ैता निवासी शिवम अपने साथ राकेश कुमार के ढाई वर्षीय पुत्र आरव को बैठाकर गुरुवार को बीसलपुर आ रहे थे। ग्राम भड़रिया के पास सामने से आ रहे वाहन को बचाने के चक्कर में बाइक गिर गई, जिसमें आरव और शिवम घायल हो गए। उन्हें सीएचसी में प्राथमिक इलाज के बाद मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है।

# शव विश्राम स्थल की भूमि रेलवे की निकली

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


कांशीराम कॉलोनी ईदगाह में निर्माणाधीन शव विश्राम स्थल।

- अब दूसरी जगह कराया जाएगा निर्माण, एसडीएम ने ईओ को लिखा पत्र
- कांशीराम कालोनी ईदगाह का मामला, बीते दिनों एसडीएम से हुई थी शिकायत

**अमृत विचार :** नगर पंचायत नौगवां पकड़िया के कांशीराम कॉलोनी ईदगाह में बनवाया जा रहा शव विश्राम स्थल रेलवे की जमीन पर निकला। कॉलोनी वासियों की मांग पर शुरू कराए गए इस निर्माण कार्य को रेलवे ने बीते दिनों रुकवाया तो बड़ी संख्या में लोग एसडीएम के पास पहुंचे थे। इसके बाद कराई गई जांच में स्थिति स्पष्ट हुई है। एसडीएम ने नगर पंचायत ईओ को पत्र लिखकर निर्माण के लिए दूसरे स्थान को चिह्नित करने के निर्देश दिए हैं। फिलहाल शव विश्राम स्थल का निर्माण रुका है।

बता दें कि नगर पंचायत नौगवां पकड़िया के वार्ड नंबर पांच में कॉलोनीवासियों की मांग पर शव विश्राम स्थल का निर्माण शुरू कराया गया था। यह कार्य नगर पंचायत नौगवां पकड़िया की ओर से कराया जा रहा था। जिसका करीब 50 फीसदी कार्य पूर्ण हो चुका है, लेकिन किसी व्यक्ति के द्वारा उक्त जमीन को रेलवे की बताते हुए शिकायत कर दी गई थी। इस पर रेलवे ने निर्माण कार्य रुकवा दिया था। 19 मई को वार्ड नंबर पांच के सभासद महंत सेवक विशाल की अगुवाई में तहसील पहुंचकर कॉलोनी के लोगों ने एसडीएम सदर आशुतोष गुप्ता को ज्ञापन सौंपा था। इसमें कहा था कि कॉलोनी वालों के लिए शव विश्राम स्थल की जरूरत है। इस कार्य में बाधा न डाली जाए। इस पर एसडीएम ने जांच कराई, जिसमें जगह पूर्वोत्तर रेलवे की निकली है। रेलवे ने यहां पर किसी तरह के भी पक्के निर्माण पर ऐतराज जताया है।

एसडीएम आशुतोष गुप्ता का कहना है कि नगर पंचायत की ओर से बिना जांच निर्माण शुरू करवा दिया था, जो गलत है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द नई जगह चिन्हित कर निर्माण कार्य दोबारा शुरू कराया जाए, ताकि अंतिम संस्कार जैसी संवेदनशील स्थिति में उन्हें असुविधा न हो। जांच में जगह रेलवे की निकली है, इसलिए वहां किसी तरह का निर्माण नहीं हो सकता है। इस संबंध में नगर पंचायत ईओ को पत्र भेजकर दूसरा स्थान चिह्नित करने के निर्देश दिए हैं।



मानसिक रोग, सैक्स रोग, नशा उन्मूलन विशेषज्ञ



डॉ. (प्रो.) राकेश यदुवंशी
Neuropsychiatrist
M.B.B.S., M.D., F.I.P.S., M.I.A.C.A.M.
(के.जी.एम.यू. लखनऊ)
भूतपूर्व मनोचिकित्सक, रूहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज, बरेली



सैयद उम्मे कुलसुम
क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट

मिलने का समय
सोमवार–बुधवार
पूर्वान्ह 11 से 3 बजे तक एवं 6 से 8 बजे तक
गुरूवार–शनिवार
दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक

- हिस्टीरिया, मिर्गी
- सिर दर्द, माइग्रेन
- डिप्रेशन, घबराहट
- पागलपन
- बेवजह शक, भ्रम चिन्ता करना
- शीघ्र पतन, तनाव न आना
- स्किजोफ्रेनिया, उन्माद, मेनिया
- नशे की आदत
- याद्दाश्त कम होना, डिमेशिया
- बच्चों में चंचलता
- बिस्तर गीला करना
- नींद न आना, ज्यादा आना
- बार–बार हाथ धोना OCD

दिमाग की जाँच (E.E.G.) की सुविधा उपलब्ध है।



संवेदना क्लीनिक
100 फिटा रोड, बरेली।
Mob. 08126922960
Clinic : 7409944400


# मुख्यमंत्री से की मुलाकात कई बिंदुओं पर रखी बात



मुख्यमंत्री को रामदरबार भेंट करते विधायक विवेक वर्मा और कपिल अग्रवाल।

**पीलीभीत, अमृत विचार:** बीसलपुर के भाजपा विधायक विवेक वर्मा, युवा व्यापार मंडल के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यमंत्री के जिला प्रतिनिधि कपिल अग्रवाल ने लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इस दौरान विकास कार्य और स्थानीय समस्याओं को लेकर वार्ता की गई।

मझोला में बन रही कपड़ा फैक्ट्री के बारे में बात हुई। मझोला में एथेनॉल, पावर प्रॉडक्शन प्लांट की स्थापना, दियूनी डैम पर नवीन पुल बनवाने, मझोला में उप-तहसील बनाने, मझोला का नाम सरकारी रिकॉर्ड में गुलड़िया भिंडारा के स्थान पर मझोला करने, मझोला सितारगंज मार्ग चौड़ीकरण के दौरान नगर के व्यापारियों की दुकानों को कम से कम क्षति हो, ऐसी व्यवस्था बनाने की मांग रखी गई।

इसके अलावा मझोला में मिनी स्टेडियम के निर्माण समेत कई बिंदुओं पर मांगों को रखा गया। मुख्यमंत्री से इसे लेकर आश्वासन दिया। इस दौरान मुख्यमंत्री को राम दरबार भेंट किया गया।

## बीए की छात्रा की सड़क हादसे में मौत

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** परीक्षा देकर घर जा रही छात्रा की सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसे में उसके साथ मौजूद चार अन्य छात्राओं को मामूली चोट आई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दियोरियाकलां कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नऊआ नगला की रहने वाली आरती देवी (20) पुत्री सुखलाल कस्बा बरखेड़ा के एक कॉलेज में बीए फाइनल की छात्रा है। गुरुवार को उसका पेपर था। शाम करीब 5 बजे पेपर छूटा। इसके बाद कुल पांच छात्राएं ई–रिक्शा पर सवार होकर घर जा रही थी। बरखेड़ा गजरौला मार्ग पर प्रतापडांडी गांव के पास पहुंचते ही ई–रिक्शा को ईको ने टक्कर मार दी। इसमें आरती देवी गंभीर रुप से घायल हो गई। कुछ ही देर में मौके पर भीड़ जमा हो गई। घायल को आनन–फानन में सीएचसी भेजा गया। वहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। उसका रोकर बुरा हाल रहा। बताते हैं कि जिस ई–रिक्शा में आरती देवी सवार थी, उसी में उसकी चचेरी बहन नीतू भी मौजूद थी। उसे मामूली चोट आई। हादसे के बाद परिवार में चीख पुकार मची हुई है।


MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002


ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा।
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध।
80000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
IOL Master 700 द्वारा लैंस का नंबर
लेजर द्वारा आँख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध।
बी–स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
8077344353
समय:– प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री ऑपरेशन की सुविधा



डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

नाक, कान व गला रोग विशेषज्ञ
डा. आरिफ हुसैन अन्सारी
M.B.B.S., M.S.
• Ex. Chief Resident-Sir J.J. Hospital Grant Medical College Mumbai





मिलने का समय
(सोमवार से शनिवार)
सुबह : 11 बजे से 3 बजे तक
शाम : 8 बजे से 9 बजे तक
नाक, कान व गला की एन्डोस्कोपी फ्री
सुविधायें
- नाक की टेढ़ी हड्डी को सही करना (Septoplasty)
- गले के बढ़े हुये टॉन्सिल का ऑपरेशन
- कान के फटे हुए पर्दे का ऑपरेशन (Tympanoplasty)
- थायराइड (घेंघा) का इलाज व ऑपरेशन
- दूरबीन द्वारा गले के कैंसर की जाँच व बायोप्सी

पता- बैंक ऑफ बड़ौदा के पास, मालियों की पुलिया, बरेली
(सेटेलाईट बस अड्डा व शाहमतगंज चौराहे के बीच में)
सम्पर्क करें
94566 58250, 70785 69786


# पेट्रोल पंप से टकराकर गिरा ड्रोन, कर्मी घबराए

## सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस और खुफिया विभाग की टीम, ड्रोन कब्जे में लेकर चल रही जांच

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** टनकपुर हाईवे से सटे एक पेट्रोल पंप पर उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक ड्रोन उड़ता हुआ आया और पंप की मशीन से टकराकर गिर गया। कुछ देर के लिए वहां मौजूद कर्मचारी घबरा गए। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस और खुफिया विभाग की टीम पहुंची। ड्रोन कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी गई है। हालांकि ड्रोन सामान्य निकला है। अब ये कौन उड़ा रहा था, इसके बारे में टीमें जानकारी करने में जुटी हुई हैं।

घटना गुरुवार सुबह करीब 11 बजे की है। सुनगढ़ी थाना क्षेत्र में डिग्री कॉलेज चौराहा से आगे नौगवां ओवरब्रिज के नीचे पेट्रोल पंप है। पंप पर मौजूद कर्मचारी रोज की तरह काम में लगे हुए थे। इसी बीच एक ड्रोन उड़ता हुआ आया



पेट्रोल पंप पर गिरे ड्रोन को चेक करते पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

- सुनगढ़ी थाना क्षेत्र में नौगवां ओवरब्रिज के पास स्थित पेट्रोल पंप की घटना

और मशीन से टकराने के बाद कर्मचारी के पैर के पास आकर गिर गया। अचानक हुई घटना से कर्मचारी घबरा गया। शोर पर अन्य कर्मचारी भी मौके पर जमा हो गए। आसपास के लोग भी आ गए। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सुनगढ़ी पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी की।ड्रोन को कब्जे में ले लिया गया।

खुफिया विभाग की टीम भी पहुंची और इससे जुड़ी जानकारी की। सीसीटीवी फुटेज चेक किए गए तो घटना कैमरे में कैद मिली। इसे लेकर टीमें जांच पड़ताल कर रही है।

> पंप पर ड्रोन गिरने की सूचना पर पुलिस, एलआईयू और तकनीकी टीम मौके पर गई थी। प्रथम दृष्टया सामान्य फोटोग्राफी वाला ड्रोन है। हो सकता है कि रेंज से बाहर होने पर गिर गया हो। फिलहाल ड्रोन कब्जे में लेकर जांच कराई जा रही है।
> –दीपक चतुर्वेदी, सीओ सिटी

### बिना अनुमति ड्रोन उड़ाने पर कार्रवाई की दी जा चुकी है चेतावनी

बता दें कि बीते साल 11 नवंबर को शहरी क्षेत्र में आसमान में ड्रोन उड़ाया जा रहा था। इसे लेकर कुछ लोगों ने फोटो वीडियो बना लिए थे। अइसे लेकर आपत्ति जताई गई और पुलिस से शिकायत हुई थी, जिसके बाद पुलिस ने ड्रोन उड़ाने वाले राजीव कॉलोनी के रहने वाले एक युवक को पुलिस ने पकड़ा था। उसकी वीडियो फुटेज चेक की गई तो कोई आपत्तिजनक वीडियो नहीं मिली थी। इस पर उसे नोटिस भरवाकर चेतावनी देकर छोड़ दिया था। वहीं, तत्कालीन एसपी ने ये भी आदेश दिए थे कि ड्रोन उड़ाने से पहले संबंधित अधिकारी से अनुमति लेनी होगी।ऐसा न करने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई थी। हालांकि इसके बाद सख्ती से पालन नहीं कराया जा सका था।

### रेंज से बाहर होने पर गिरने की जताई आशंका

ड्रोन से जुड़ा मामला सामने आने पर पुलिस ने इसे गंभीरता से लिया। थाना पुलिस और एलआईयू के अलावा तकनीकी टीम भी मौके पर पहुंची। उसने ड्रोन को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल की। इसमें प्रथम दृष्टया ड्रोन सामान्य फोटोग्राफी वाला निकला है। ये भी आशंका जताई गई है कि हो सकता है कि वह रेंज से बाहर आने पर गिर गया होगा। फिलहाल इसे लेकर टीमें जांच कर रही हैं।

## इलाके को लेकर किन्नरों में विवाद

**पूरनपुर, अमृत विचाार:** सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला फीलखाना की रहने वाली दीपा किन्नर ने गुरुवार को पूरनपुर कोतवाली पहुंचकर शिकायत की। बताया कि लोग किन्नर भेष धारण कर लोगों से ठगी करते है। अपने इलाके में उनसे बधाई मांगने से मना किया। आरोप है कि दूसरे पक्ष के किन्नर ने इस पर जान से मारने की धमकी दी।

फोन पर गाली गलौज कर धमकाने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की। दूसरे पक्ष के मनोज उर्फ महक किन्नर ने भी तहरीर दी। बताया कि एक शादी समारोह में धोखे से दूसरे किन्नर के क्षेत्र में बधाई ले ली थी। इस बात से नाराज होकर दूसरे किन्नरों ने कमरे में बंद कर गाली गलौज कर मारपीट की। उन्होंने रुपये और सोने के जेवरात छीनने का आरोप लगाया। दोनों पक्षों ने कार्रवाई के लिए पुलिस को तहरीर दी है।

# स्ट्रीट लाइट घोटाले की जांच अधर में, ठंडे बस्ते में कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत





नगर पालिका भवन। ● अमृत विचार

- मानक विहीन और ओवर एस्टीमेट के तहत लाइट खरीदने का मामला रोका गया था भुगतान
- प्रकाश प्रभारी से भी मांगा था जवाब, खरीदी गई थीं 100 से अधिक लाइटें

**अमृत विचार :** मानक विहीन और ओवर एस्टीमेट दरों पर खरीदी गई स्ट्रीट लाइटों के मामले में कार्रवाई ठंडे बस्ते में चली गई है। एसडीएम सदर द्वारा शुरू की गई इस जांच में गड़बड़ियों के संकेत मिलने पर भुगतान रोक दिया गया था और प्रकाश प्रभारी से जवाब मांगा गया। प्रारंभिक जांच में सामने आया था कि लाइटों की खरीद में न केवल गुणवत्ता की अनदेखी की गई, बल्कि अनुमानित लागत से भी अधिक दरों पर सामग्री खरीदी गई। इसके बावजूद अब तक किसी भी स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा सकी है।

बता दें कि नगर पालिका परिषद की ओर से नगर क्षेत्र में प्रकाश व्यवस्था के लिए 15वें वित्त की अनटाइड ग्रांट से आर्डर किया गया था। बरेली की फर्म को 109 नग हाईमास्ट पोल का अधिष्ठापन कार्य मिला। इनमें से 50 नग हाईमास्ट पोल 8155313 रुपये का भुगतान 20 दिसंबर 2024 को तत्कालीन अधिशासी अधिकारी के माध्यम से हो चुका था। बीते 16 मई को शेष 59 नग हाईमास्ट पोलों का अधिष्ठापन कार्य पूर्ण होने के बाद 9081330 रुपये के भुगतान की फाइल प्रभारी ईओ/एसडीएम सदर के पास पहुंची थी। एसडीएम ने आर्डर संबंधी अभिलेख व शासनादेश तलब किए थे। नगर निकायों में प्रकाश व्यवस्था के लिए लगाई जाने वाली एलईडी लाइट/लुमिनएयर के मानक एवं गुणवत्ता के प्रावधानों से संबंधित शासनादेश के मुताबिक खरीद व भुगतान नहीं पाया था। इस पर एसडीएम आशुतोष गुप्ता ने पत्रावली पर आपत्ति जताई, साथ ही प्रकाश प्रभारी का स्पष्टीकरण तलब करते हुए पूरे मामले में जांच के आदेश दिए थे। स्पष्टीकरण आदेश में कहा था कि शासनादेश का अनुपालन कराए बिना भुगतान के लिए पत्रावली प्रस्तुत की गई है।

इसी अपूर्ण कार्यवाही के आधार पर 20 दिसंबर 2024 में 8155313 रुपये की धनराशि का भुगतान तत्कालीन अधिशासी अधिकारी के माध्यम से कराया था। प्रथम दृष्टया प्रकरण शासन का वित्तीय विषय होने के कारण गंभीर बताया गया था। पॉवर कारपोरेशन के एक्सईएन से लाइट का परीक्षण करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद एसडीएम सदर से प्रभारी ईओ का चार्ज हट गया। नवागत ईओ संजीव कुमार के आने के बाद एसडीएम की ओर से पत्र भी जारी किया गया, जिसमें 18 महत्वपूर्ण बिंदुओं के बारे में अवगत कराया था।

इसमें स्ट्रीट लाइट प्रकरण भी शामिल रहा। लंबा समय बीतने के बाद भी अब इस मामले में कार्रवाई नहीं हो सकी है। ईओ संजीव कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। इसकी जानकारी कराएंगे, तभी स्थिति स्पष्ट की जा सकेगी।

# अपहरण की कहानी से पुलिस जल्द उठाएगी पर्दा

संवाददाता, पूरनपुर

- गांव की राजनैतिक पटकथा पर लिखी गई कहानी

**अमृत विचार:** जटपुरा गांव में मामली विवाद के बाद राजनीति हावी हो गई। उसके बाद खेत स्वामी को फंसाकर जेल भिजवाने के लिए अपहरण की पटकथा लिख दी गई। जांच के बाद पुलिस सच्चाई के करीब पहुंच चुकी है। दावा है कि जल्द ही इस मनगढ़ंत कहानी से पर्दा उठाते हुए खुलासा किया जाएगा।

कोतवाली क्षेत्र के गांव जटपुरा का रहने वाला एजाज 12 जून को गन्ने की फसल की सिंचाई करने गया था। बोरिंग पर इंजन लगाने को लेकर उसका पड़ोसी खेत स्वामी से विवाद हो गया था। विवाद के दौरान पड़ोसी के स्वामी ने उसे जान से मारने की धमकी दी। विवाद की रात एजाज अचानक खेत से गायब हो गया था, इसको लेकर खलबली मच गई थी। परिजन ने ग्रामीणों संग खोजबीन की। वन विभाग की टीम ने वन्य जीव के हमले के आशंका पर उसे जंगल में तलाशा। तीन दिन बाद एजाज हरिपुर रेंज के जंगल में सड़क किनारे पड़ा मिला और हाथ पैर बंधे हुए थे। उसे अस्पताल भर्ती कराया गया। पुलिस ने बयान लिए तो उसने भी पड़ोसी खेत स्वामी द्वारा अपहरण कर ले जाने का आरोप लगाया। पुलिस को घटना संदिग्ध प्रतीत हुई। मामले की जांच की गई तो कई तथ्य निकलकर आए हैं। अब तक हुई जांच में सामने आया है कि पड़ोसी खेत स्वामी के धमकी देने के बाद उसे अपहरण में जेल भेजवाने की कहानी बनाई गई। ये भी सामने आया है कि एजाज एक दिन तक अपनी रिश्तेदारी में रहा और उसने अपना मोबाइल बंद कर लिया। तीसरे दिन वह जंगल से बरामद हुआ। लिखी गई पटकथा के अनुसार ही एजाज ने पुलिस को पड़ोसी खेत स्वामी सहित चार लोगों के अपहरण करने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच लगभग पूरी कर चुकी है। कोतवाल सत्येंद्र कुमार का कहना है कि जल्द खुलासा किया जाएगा।

## वर्क के बजाय टूरिस्ट वीजा पर भेज दिया मलेशिया, लाखों ठगे

**पीलीभीत, अमृत विचार:** विदेश भेजने के नाम पर दो युवकों से ठगी कर ली गई। वर्क वीजा के बजाय टूरिस्ट वीजा पर भेज दिया। वहां पर एजेंट ने और रुपये भी छीन लिए। बमुश्किल दोनों युवक वापस आए। पीड़ित ने डीएम से न्याय की गुहार लगाई है।

सुनगढ़ी क्षेत्र के ग्राम भिकारीपुर के रहने वाले दिलकश पुत्र मोहम्मद रिजवान ने डीएम से की गई शिकायत में बताया कि उसके मकान पर मई 2025 को बरेली जनपद के बारादरी कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नवादा का रहने वाला एक युवक आया और उन्हें व गांव के एक युवक से कहा कि वह उनकी मलेशिया में नौकरी लगवा देगा। प्रति व्यक्ति पांच लाख रुपये खर्च बताया। 2,97,500 रुपये ऑनलाइन और 202500 रुपये नकद दिए गए। 3 जनू को मलेशिया भेज दिया। वहां पता चला कि वर्क वीजा के बजाय टूरिस्ट वीजा पर भेज दिया है। किसी तरह वे 8 जून को वापस आए। 9 जून को आरोपी के पास गए और रुपये वापस मांगे। इस पर आरोपी ने गाली गलौज कर भगा दिया।

# तहसीलदार ने बाढ़ बचाव कार्य परखा, किया जागरूक

संवाददाता, पूरनपुर

- बाढ़ के समय बरती जाने वाली सावधिनियों से संबधित जागरुकता पंफलेट बांटे

**अमृत विचार:** तहसीलदार के शारदा पार बाढ़ बचाव की चौकियों का निरीक्षण किया। इसके अलावा तटबंधों को भी देखा। लोगों को पंफलेट बांटकर जागरूक किया गया।

बता दें कि बाढ़ से बचाव को लेकर प्रशासन तमाम इंतजाम कर रहा है। गांवों में बाढ़ चौकिया स्थापित कर दी गईं हैं। गुरुवार को तहसीलदार हबीबउर्रहमान ने शारदा पार के गांव नहरोसा, बाजार घाट और राणाप्रताप नगर आदि गांवों में बनाई गईं बाढ़ चौकियों का निरीक्षण किया। बाढ़ से निपटने की तैयारिंयां देखी। इस दौरान तहसीलदार ने शारदा नदी के तटबंधों को भी निरीक्षण किया। ग्रामीणों से वार्ता समस्याएं जानी और उनके निस्तारण कराने का आश्वासन दिया। ग्रामीणों को बाढ़ के समय बरती जाने वाली सावधिनियों से संबधित जागरुकता पंफलेट भी बांटे गए। अवैध खनन की जानकारी लगने पर तहसीलदार ने बैल्हा के पास मिट्ट्टी ले जा रहे ट्रैक्टर ट्रॉली को पकड़ लिया।

परमीशन न होने पर ट्रैक्टर ट्राली को पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। तहसीलदार ने बताया कि बाढ़ प्रभावित गांवों में बचाव के इंतजाम देखे गए हैं।

## छात्रा को फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट

**बीसलपुर, अमृत विचार :** मामा के घर रह रही नाबालिग छात्रा को बहला फुसलाकर ले जाने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। क्षेत्र के एक ग्रामीण ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शाहजहांपुर जनपद की रहने वाली उनकी नाबालिग भांजी उनके घर आकर रह रही थी। यहां पर रहकर वह पढ़ाई करती है। गुरुवार सुबह साढ़े 9 बजे दवा लेने के लिए पड़ोस के गांव गई थी। उसे कोई बहला फुसलाकर ले गया। वह घर से तीस हजार रुपये भी ले गई है। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

## घर में घुसकर महिला पर हमला

**पूरनपुर, अमृत विचार:** महिला पर पड़ोसियों ने हमला कर दिया। धारदार हथियार के हमले से महिला घायल हो गई। बचाने आए पति के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज की है।

कोतवाली क्षेत्र के बिलहरी की रहने वाल गुड्डी देवी पत्नी गंगाराम ने बताया कि 17 जून की शाम वह परिजनों के साथ घर में खाना खा रहीं थी। इस दौरान पड़ोसी अशोक कुमार दीक्षित और उनके बेटे बागीश और गब्बर घर में घुस आए। सभी हथियारों से लैस थे। घर में घुसते ही मारपीट शुरू कर दी। बचाने आए महिला के पति को भी आरोपियों ने लात घूसों से पीटा। आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

# वसुंधरा कॉलोनी में चोरों ने बंद मकान से समेटा सामान

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- डिग्री कॉलेज प्राचार्य के किराए के आवास को बनाया निशाना
- सुनगढ़ी क्षेत्र में हुई वारदात पुलिस छानबीन में जुटी

**अमृत विचार:** पुलिस चौकी के पास स्थित पॉश कॉलोनी में चोरों ने दस्तक दी। कुछ दिन से बंद पड़े डिग्री कॉलेज प्राचार्य के किराए के मकान को निशाने पर लेकर चोर नकदी-जेवरात समेट ले गए। घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना कर जानकारी की। सीसीटीवी की फुटेज चेक कर पुलिस सुरागरसी में जुट गई है। वहीं, कॉलोनी में हुई वारदात से हड़कंप मचा रहा।

घटना सुनगढ़ी थाना क्षेत्र के वसुंधरा कॉलोनी में हुई। उपाधि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दुष्यंत सिंह यहां किराए के मकान में रहते हैं। 15 जून को वह मकान को ताला लगाकर परिवार के साथ अपने पैतृक घर मेरठ चले गए थे। इसके बाद से मकान बंद था। इस बीच चोरों ने मकान को निशाने पर ले लिया। मेन गेट का ताला तोड़कर घुसे चोरों ने कमरों में पहुंचकर सामान खंगाला दिया। यहां से पैंतीस हजार रुपये नकद और करीब तीन लाख कीमत के जेवरात समेट ले गए। गुरुवार को प्राचार्य वापस आए तो गेट का ताला टूटा देख उनके होश उड़ गए।

चोरी का शोर मचते ही आसपास के तममा लोग जमा हो गए। घटना की सूचना मिलने पर सुनगढ़ी पुलिस मौके पर पहुंच गई।मौका मुआयना कर पुलिस ने



घटना की जानकारी देते प्राचार्य डॉ. दुष्यंत कुमार। ● अमृत विचार

जानकारी की। फारेंसिक टीम की मदद से भी सुराग जुटाने का प्रयास किया गया। पुलिस आसपास के मकानों और प्रतिष्ठानों पर लगे सीसीटीवी की फुटेज भी चेक कर रही है, ताकि चोरो के बारे में कोई सुराग हाथ लग सके। कॉलोनी के बाहर कुछ ही दूरी पर चौराहा पर असम पुलिस चौकी बनी हुई है। हाईवे से सटा व्यस्ततम इलाका है। इसके बावजूद चोर आसानी से वारदात को अंजाम देकर निकल गए। इसे लेकर स्थानीय लोगों में भी चोरों की दहशत बनी हुई है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## एक नजर

### भैंस को नाले में खींच ले गया मगरमच्छ

**धौरहरा, अमृत विचार :** वन रेंज धौरहरा के धूसाखुर्द गांव निवासी एक किसान की भैंस हरदुआ नाले में पानी पीने गई थी। तभी मगरमच्छ उसे गहरे पानी में खींच ले गया। धूसाखुर्द गांव निवासी साकिर अली ने बताया कि उसकी भैंस गांव के पास हरदुआ नाले में पानी पीने चली गई, तभी मगरमच्छ ने उसे पकड़ लिया और गहरे नाले में डुबो दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पीड़ित किसान की सूचना पर वन विभाग ने भैंस को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। क्षेत्रीय वनाधिकारी नृपेंद्र चतुर्वेदी ने बताया किसान को सरकारी सहायता दी जाएगी।

### मनमाने ढंग से खड़े रहते हैं ई-रिक्शा

**बरवर, अमृत विचार :** कस्बा में मनमाने ढंग से आड़े-तिरछे ई-रिक्शा खड़े होने से सड़क पर निकलने में कठिनाई होती है। साथ ही दुर्घटना का भय रहता है। पुलिस चौकी क्षेत्र में चल रहे है ई-रिक्शा वालों पर पुलिस भी नियंत्रण नहीं रख पा रही है। कुछ माह पहले बरवर-औरंगाबाद मार्ग पर गोमती नदी पुल पर ई-रिक्शा के कारण हुए हादसे में पांच लोग चोटिल हो गये थे। 18 साल से कम आयु के किशोर ई-रिक्शा चला रहे हैं। अधिकांश चालकों के पास डीएल नहीं होता है। तिराहों और चौराहों पर इनका जमावड़ा रहता है।

### प्रशासन ने कब्जा मुक्त कराई खलिहान की जमीन

**सिंगाही, अमृत विचार :** शिकायत पर सकते में आए तहसील प्रशासन ने गुरुवार को खलिहान की दो और चारागाह की तीन एकड़ भूमि कब्जा मुक्त कराई है। ग्राम पंचायत भेडौरा निवासी धुव कुमार ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर सरकारी घुरे आदि सहित चारागाह की करीब 36 एकड़ जमीन पर कब्जा होने की शिकायत की थी, जिस पर लोग फसल बो रहे थे। शिकायत पर एसडीएम निघासन राजीव निगम ने कानून गो आलोक रंजन मौर्य के नेतृत्व में लेखपाल विमल कुमार व विश्वजीत वर्मा को सिंगाही पुलिस के साथ मौके पर भेजकर दो एकड़ खलिहान और तीन एकड़ चारागाह की जमीन कब्जा मुक्त कराई है।

# सुबह से लग रही लाइनें, फिर भी नहीं मिल रही खाद

## गन्ना किसानों को जरूरत के समय ढूंढे नहीं मिल रही यूरिया, गोला क्षेत्र में प्राइवेट दुकानदार कर रहे ओवररेटिंग

**खाद की समस्या**

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** जिले की सहकारी समितियों पर या तो यूरिया खाद है नहीं या फिर किसानों की भीड़ के कारण मारामारी मची है। आलम यह है कि जहां खाद है, वहां भीड़ के कारण जरूरत के लिहाज से नहीं मिल पा रही है। तीन बोरी की जगह एक बोरी ही बमुश्किल मिल पा रही है। इसके अलावा जहां स्टॉक नहीं है, वहां दूरदराज से पहुंचने वाले किसान मायूस होकर लौट रहे हैं। कई समितियों पर तो ताला लटकता मिलता है।

गोला गोकर्णनाथ। बरसात निकट होने से किसानों को चिंता सता रही है कि गन्ने में यूरिया खाद न पड़ पाई तो गन्ने की बढ़वार रुक जाएगी। सहकारिता विभाग के अधिकारियों की उदासीनता से जिनके जिम्मे गन्ने में खाद देने का दायित्व है, उन सहकारी गन्ना समितियों में खाद ही नहीं है। न्याय पंचायत स्तरीय सहकारी समितियों में भी यूरिया खाद का टोटा चल रहा है। अधिकांश सचिवों का कहना है कि जिले पर यूरिया के लिए चेक जमा होने के बाद भी खाद नहीं मिल पा रही है। अधिकारी खाद की कमी बता रहे हैं। नगर में खुटार रोड पर कृभको के खाद बिक्री केंद्र पर काफी दिनों से खाद नहीं है। दो सप्ताह पहले जब खाद आई तो रोड तक लाइन लग गई थी। अब खाद न होने से इनका बिक्री केंद्र ही बंद है।

**कृभको के बिक्री केंद्र के बाहर चस्पा किया नोटिस :** खुटार रोड स्थित कृभको बिक्री केंद्र के प्रभारी ने खाद न होने पर नया तरीका ईजाद किया है। उन्होंने दो दिन पहले ही सेंटर बंद कर बाहर नोटिस लगा दी है कि वह तीन दिन के लिए मीटिंग में जा रहे हैं, जिससे केंद्र बंद रहेगा, जबकि जून के महीने में किसी भी विभाग में लगातार तीन दिन मीटिंग नहीं होती है और यदि किसी कर्मचारी को प्रशिक्षण पर जाना पड़े तो उसके लिए तत्काल व्यवस्था की जाती है। लेकिन किसानों को गुमराह करने के लिए यह नोटिस चस्पा की गई है।

**मैंगलगंज खीरी।** नवीन गल्ला मंडी स्थित आईएफएफडीसी कृषक सेवा केंद्र पर सुबह से शाम तक किसान चक्कर लगाते रहते है, लेकिन खाली हाथ लौटना पड़ता है। किसानों का कहना है कि केंद्र पर डीएपी खाद की बोरियां हैं, फिर भी कर्मचारी यह कहकर उन्हें वापस भेज देते हैं कि खाद खत्म हो गई है या रैक नहीं आई है।

**मैलानी।** क्षेत्र में निजी खाद की दुकानों पर किसानों को 350 रुपए से 375 रुपये तक खाद की दुकानों पर बिक्री की जा रही है। जिससे किसानों के जेब पर डाका डालकर दुकानदार मालामाल हो रहे हैं। दो बोरी यूरिया पर एक सागरिका की बोतल के अलग रुपये लिये जा रहे हैं। सोसाइटी सचिव धनेश शुक्ला ने बताया खाद एक हफ्ते से नहीं आई है। जिले पर चेक लगा है, खाद आते ही वितरण किया जाएगा।



मझगईं इलाके में त्रिलोकपुर समिति पर खाद के लिए लगी किसानों भीड़। ● अमृत विचार

### प्राइवेट दुकानदारों से खरीदने को हो रहे मजबूर

**बिझौली।** ब्लॉक लखीमपुर की सहकारी समिति बिझौली में लगभग एक महीने से यूरिया खाद नहीं है. जिससे गन्ने के अंतिम समय में यूरिया डालने वाले किसान परेशान हो रहे हैं। गन्ने में यूरिया खाद डालने का अंतिम समय चल रहा है। बरसात होने पर गन्ने की बड़वार अधिक होने से खेतों में यूरिया नहीं पड़ पाएगी।

### यूरिया के लिए भटकते किसान

**बांकेगंज।** बांकेगंज व कुकरा सहकारी समिति पर एक सप्ताह पूर्व तक यूरिया व अन्य खाद मौजूद थी, किंतु बारिश के बाद अचानक बढ़ी यूरिया की मांग से थोड़ी समस्या उत्पन्न हुई है वह भी उन किसानों को जो आर्थिक रूप से कमजोर है। समर्थ कृषक अपनी फसल के मुताबिक खाद पहले ही एकत्र कर लेते हैं जिससे उन्हें कम दिक्कत होती है। ग्रंट नंबर 10 सहकारी समिति के एमडी शिवपाल वर्मा ने बताया कि समिति पर यूरिया के अलावा सभी खाद मौजूद है। कुकरा सहकारी समिति के एमडी अमित कुमार ने बताया कि समिति पर नैनो यूरिया, नैनो डीएपी, एनपीके 12 :32 :16 और इफ्को सल्फर मौजूद है। यूरिया खाद की गाड़ी शीघ्र आ जाएगी।

### समितियों में नहीं पहुंच रही यूरिया

**केशवापुर।** क्षेत्र की सहकारी समिति (वी-पैक्स) रजागंज और सिसावां कलां के अंतर्गत आने वाले दर्जनों गांवों के सैकड़ों किसानों को गन्ने की फसल के लिए यूरिया देनी थी, जिसके लिए किसान सहकारी व इफ्को केंद्र से यूरिया खरीदने को चक्कर लगा रहे हैं। वहीं रेलवे ओवर ब्रिज निर्माण के कारण वाहनों की बंदी से समितियों में यूरिया आपूर्ति नहीं हो रही है। वी-पैक्स केंद्र निपनिया (रजागंज) में किसान यूरिया के लिये दर-बदर घूम रहे हैं। प्राइवेट दुकानों पर डेढ़ से दो गुने रेट पर खुलेआम बेची जा रही है। किसान महंगी यूरिया खाद खरीदने को मजबूर हैं। यही हाल सिसावां कला का है, जहां 29 मई को एक ट्रक यूरिया करीब 600 बोरी मिल सकी थी जो सिर्फ दो-तीन दिनों में ही वितरित हो गईं।

### त्रिलोकपुर समिति पर मची रही मारामारी

**मझगईं।** त्रिलोकपुर न्याय पंचायत के किसान नौगवां स्थित साधन सहकारी समिति पर गुरुवार को सुबह से किसानों की भीड़ लग गई, लेकिन जरूरत के हिसाब से खाद नहीं दी जा रही थी। इससे मारामारी मच गई। कुछ देर में ही समिति संचालक ने यह कहते हुए ताला डाल दिया कि खाद खत्म हो गई। इस पर किसान होहल्ला करने लगे। अधिकारियों को भी सूचना दी गई, लेकिन खाद न मिलने से किसान मायूस होकर लौट गए। पलिया ब्लॉक क्षेत्र में सहकारी समितियों पर किसानों को खाद आपूर्ति करना समिति संचालकों की घोर लापरवाही सामने आ रही है। क्षेत्र में किसानों को खाद की भारी किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। सहकारी समिति में खाद उपलब्ध न होने के कारण, किसानों को खुले बाजार से महंगी दरों पर खाद खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। किसानों ने बताया कि खाद की कमी से राहत दिलाने के लिए सरकार को सहकारी समितियों में खाद की आपूर्ति सुनिश्चित करनी चाहिए और कालाबाजारी रोकना चाहिए। भगवंत नगर गुलरा के किसान सियाराम यादव ने बताया कि खाद लेने के लिए 5 किलोमीटर चलकर सुबह तड़के त्रिलोकपुर सहकारी समिति पर आ जाते हैं। दोपहर तक खड़ा रहने के बाद भी उनको खाद नहीं मिलती है और लौट जाते हैं। यही हाल 3 दिन से हो रहा है। आज फिर उनको खाद नहीं मिली। चौखड़ा फार्म के किसान हरभजन सिंह ने बताया कि फसलों में खाद डालने के लिए जब इस समय खाद की जरूरत है तब खाद नहीं मिल रही है। बाबत समिति सचिव राजेश यादव ने बताया कि पर्याप्त मात्रा में खाद नहीं मिल रही है। लेने वालों की भीड़ काफी है।

### यूरिया के लिए भटकते किसान



प्रगतिशील किसान बाबा अमीरचंद ने बताया कि हफ्ते भर से यूरिया खाद नहीं मिल पा रही है। 266 रुपए की जगह 350 रुपए प्रति बोरी खाद खरीद कर खेत में डालनी पडी है। इससे उन्हें आर्थिक हानि उठानी पड़ी।



कांग्रेस नेता अवनीश अवस्थी बताते हैं कि जिले में किसानों को यूरिया नहीं मिल पा रही है। किसान परेशान हैं। भाजपा सरकार किसानों को खाद भी उपलब्ध नहीं करा पा रही है, जिससे किसान खाद को भटक रहे हैं।



बांकेपुर के कृषक गेंदन लाल मौर्य कहते हैं कि जिले में केले की खेती अन्य क्षेत्रों से अधिक की जाती है। उसमें बारहों महीने खाद की जरूरत पड़ती है। फसलों के हिसाब से खाद आए तो समस्या न आए।



बिझौली के किसान चंदन सिंह ने बताया कि वह एक महीने से यूरिया के लिए दौड़ कर समिति पर आते हैं, पर यूरिया नहीं मिल रही है। मजबूरन महंगे दामों पर प्राइवेट दुकान से खरीद कर फसल में डालनी होगी।



किसान फईम अहमद ने बताया कि गन्ने को इसी समय यूरिया खाद डालने का मौका होता है। इस समय यूरिया खाद नहीं मिल पा रही है। मजबूरन निजी दुकानों से ही महंगी खाद खरीद कर खाद डालना मजबूरी बन गया है।



बिझौली के किसान राजू सिंह का कहना है कि इस समय यूरिया खाद की हर किसान को जरूरत है। गन्ने में खाद डालने का समय है। जब यूरिया खाद की जरूरत पड़ती है तब इस समिति पर खाद नहीं मिलती।



सिसावां खुर्द के गन्ना किसान मानसिंह कहते हैं कि इस समय गन्ने की फसल को यूरिया की सख्त जरूरत थी, तब समिति में यूरिया उपलब्ध नहीं है। समिति कर्मचारियों से जानकारी की तो रास्ता बंद होना बताया।

## अधिक मूल्य पर खाद बिक्री करने पर लाइसेंस निलंबित

- नवागत जिला कृषि अधिकारी की कार्रवाई से मचा हड़कंप

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** जिले में खाद का संकट है। इसके बावजूद दुकानदार ओवररेटिंग कर इसकी बिक्री कर रहे हैं। इस तरह की शिकायत मिलने पर गुरुवार को नवागत जिला कृषि अधिकारी ने तीन दुकान पर छापेमारी कर लाइसेंस निलंबित कर दिए हैं। साथ ही नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। संतोषजनक जवात न मिलने पर लाइसेंस निरस्त करने की चेतावनी दी है।

नवागत जिला कृषि अधिकारी सूर्य प्रताप सिंह ने बताया कि आईजीआरएस पर ओवररेटिंग की शिकायत मिली थी। इस पर जांच कराने पर तीनों दुकानों पर ओवरेटिंग के साथ अन्य भी गड़बड़ी मिली। इसमें बिजुआ की मैसर्स वाजपेयी कृषि विकास केंद्र पर यूरिया उर्वरक 400 रुपये प्रति बोरी बेची जा रही थी। इसके साथ अन्य उत्पादों भी दिए जा रहे थे। वहीं बेहजम के मलिकपुर स्थित मैसर्स स्टार खाद भंडार पर 450 रुपये प्रति बोरी यूरिया बेंची जा रही थी। मितौली क्षेत्र के माखन लाल चौराहा स्थित मैसर्स कृषक अन्त्योदय फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी पर उर्वरकों के साथ जबरन अन्य उत्पाद किसानों को बेंचे जा रहे था। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि तीनों का लाइसेंस निलंबित कर नोटिस थमाई है। सात दिन में संतोषजनक जवाब न मिलने पर लाइसेंस निरस्त करने की कार्यवाही होगी। जिला कृषि अधिकरी ने खाद विक्रेताओं को निर्देश दिए हैं कि ओवररेटिंग कतई बर्दाश्त नहीं होगी। इसकी निगरानी के लिए टीमें लगाई गई हैं।

# पिकनिक मनाने गए आठ लोग नेपाली नदी की बाढ़ में फंसे

- नेपाल प्रशासन ने रेस्क्यू कर सकुशल बचाया

संवाददाता, पलिया कलां

**अमृत विचार :** लखीमपुर से कई महिलाओं सहित पिकनिक मनाने नेपाल गए आठ लोग नेपाली नदी गोदावरी में आई अचानक बाढ़ में फंस गए। काफी देर तक परेशान होने के बाद मांगी गई मदद पर पहुंची नेपाली पुलिस ने बामुश्किल उनको बाहर निकाला।

बुधवार को लखीमपुर निवासी संदीप वर्मा, हर्षित वर्मा, अंकित वर्मा, साहेबाग अली, निधि सिंह, स्नेहा सिंह, अभिषेक व साकेत गुप्ता धनगढ़ी, नेपाल घूमने गए हुए थे। जहां से वे पिकनिक मनाने के लिए जनपद कैलाली के कस्बा अतरिया के आगे गोदावरी नदी पार जा पहुंचे। इसी बीच नेपाली पहाड़ियों पर हुई अच्छी वर्षा के बाद गोदावरी नदी उफना चली और पर्यटक नदी पार पानी में फंसकर परेशान होने लगे। इसकी सूचना अस्थाई पुलिस पोस्ट गोदावरी को मिली को मिली। उसने आनन -फानन में मौके पर पहुंचकर बमुश्किल रस्सियों की सहायता से सभी को नदी पार कराई और भारत भेजा।

पुलिस निरीक्षक गोदावरी पुलिस पोस्ट इंद्र राज भट्ट ने एक बयान जारी कर लोगों से अपील की है कि इन दिनों पहाड़ी क्षेत्रों में लगातार बारिश हो रही है जिससे यहां की नदियों में कभी भी बाढ़ आ सकती है। उन्होंने लोगों को सावधानी बरतने और नदी किनारे न जाने की सलाह दी है।



रस्सी के सहारे नदी पार कराती गोदावरी पुलिस।

## नकब लगाकर सात लाख के जेवर चोरी

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** थाना फूलबेहड़ की पुलिस चौकी सुंदरवल चौकी क्षेत्र के गांव सिकटिहा में बुधवार की रात चोरों ने राजेश कुमार के मकान में पीछे नकब लगा दी। चोर 10 हजार नकदी समेत करीब सात लाख रुपये के जेवर चोरी कर ले गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव सिकटिहा निवासी राजेश कुमार ने बताया कि गर्मी की वजह से परिवार के लोग दूसरी मंजिल पर सो रहे थे। बुधवार रात को चोरों ने मकान के पीछे से कमरे में नकब लगा दी और अंदर घुस गए। बक्शे और लोहे की अलमारी का ताला तोड़ कर दस हजार नकदी, सोने के चार कंगन, गले का हार, दो जोड़ी झुमकी, मांग बेदी, दो सोने की चेन, कमर बिछुआ, पायल, दो सोने की अंगूठी समेत करीब सात लाख रूपये के जेवर उठा ले गए। पुलिस ने मौका मुआयना कर रिपोर्ट दर्ज की है। प्रभारी निरीक्षक अवधराज सिंह सेंगर ने बताया कि नकब लगाकर चोरी की घटना हुई है। पुलिस जांच कर रही है।

# पूर्व ब्लॉक प्रमुख के पोते को मारी गोली, घायल

- नाली में पाइप डालने को लेकर हुआ विवाद
- घायल की हालत गंभीर, जिला अस्पताल में भर्ती

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** थाना शारदानगर के गांव पतरासी में बन रही नाली में पाइप डालने को लेकर गांव के दो रसूखदार परिवार आमने-सामने आ गए और उनमें विवाद होने लगा। बात इतनी बढ़ गई नौबत हाथापाई की आ गई। इसी बीच एक पक्ष का प्रज्ञानंद वर्मा अपनी छत पर चढ़ गया और भाई संदीप वर्मा की लाइसेंसी बंदूक से पूर्व ब्लॉक प्रमुख के पोते को गोली मार दी। गोली पैर में लगने से वह घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने बंदूक कब्जे में लेकर आरोपी प्रज्ञानंद और उसके भाई को गिरफ्तार कर लिया है।

गांव पतरासी निवासी प्रज्ञानंद वर्मा और पूर्व ब्लॉक प्रमुख हरिवंश लाल वर्मा के मकान आमने-सामने हैं। गुरुवार सुबह मार्ग किनारे बन रही नाली में संदीप पाइप डाल रहे थे। पड़ोसी विमलेश वर्मा और उनके घर वालों ने इस पर आपत्ति जताई। इस पर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई। इस दौरान हाथापाई होने लगी। आरोप है कि इसी बीच विमलेश के भाई ने ट्रैक्टर से संदीप के घर की दीवार में टक्कर मार दी और उसे घेर लिया। विरोध में संदीप का भाई प्रज्ञानंद छत पर चढ़ गया और अपने भाई की डबल बैरक लाइसेंसी बंदूक से गोली चला दी। गोली पूर्व ब्लाक प्रमुख हरिवंश लाल वर्मा के पोते मोहित वर्मा पुत्र राजेश के पैर में जा घुसी, जिससे वह घायल हो गया। गोली चलने से गांव में अफरा-तफरी मच गई।

प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार मौर्य फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और किसी तरह स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने घायल मोहित वर्मा को जिला अस्पताल भेजा। पुलिस ने फायरिंग करने के आरोपी प्रज्ञानंद और उसके भाई प्रदीप को गिरफ्तार कर लिया है। उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त बंदूक भी बरामद कर कब्जे में ली है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पाइप डालने के विवाद में घटना हुई है। एक युवक गोली लगने से घायल हुआ है। दोनों पक्षों में राजनीतिक और जमीन की रंजिश चल रही है।



छत से फायरिंग करता आरोपी युवक। ● अमृत विचार

JYOTI COLLEGE
of Management Science & Technology
Estd. 2000
NAAC B+ Accredited College
B.Sc. Nursing
M.Sc. Nursing
P.B.B.Sc. Nursing
College Code: 2430244
M.Ed.
B.Ed
G.N.M.
A.N.M.
D.P.T.
D.R. Optometry
D.M.L.T.
D.Pharma
Campus: Mudia Ahmad Nagar, Near Airport Gate, Pilibhit Road, Bareilly
Email: contact@jyoticollege.com | Web: www.jyoticollege.com
Ph.: 9219459111, 6395711513, 9837028420

**कायाकल्प** — साल 2008 की बाढ़ में भारत-नेपाल के बीच बह रही मोहाना नदी ने कर दिया था अलग-थलग

# सौर ऊर्जा से जगमग हुआ नेपाल सीमा पर बसा चौगुर्जी गांव

केके मौर्य, निघासन (लखीमपुर खीरी)

**अमृत विचार:** सूरज ढलते ही घुप्प अंधेरे में सांप-बिच्छुओं के साथ ही जंगली जानवरों का डर और पीने के पानी के नाम पर मोहाना नदी का सहारा ही करीब 500 लोगों की नियति बन गई है। गांव में हर ओर बदहाली है, लेकिन विधायक शशांक वर्मा के प्रयास से अब यह गांव सौर ऊर्जा लाइटों से जगमग हो रहा है। इस कार्य में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने भी काफी सक्रियता दिखाई और अब यहां शुद्ध पेयजल की भी व्यवस्था की जा रही है।

जिला मुख्यालय से उत्तर दिशा में करीब 110 किलोमीटर दूर भारत-नेपाल सीमा पर बह रही मोहाना नदी के पार गांव चौगुर्जी है। तहसील निघासन क्षेत्र की ग्राम पंचायत सूरतनगर के मजरा गांव चौगुर्जी को वर्ष 2008 में नेपाल की करनाली और मोहाना नदी ने काटकर भारत से दूर नेपाल की ओर कर दिया था। जिले की सीमा का स्वरूप मोहाना नदी ने ले लिया, जिससे यह गांव अलग-थलग हो गया। तबसे इस गांव के आवागमन का साधन सिर्फ नाव है। यहां के लोगों को तहसील अथवा जिला मुख्यालय पर जाने के लिए पहले नाव का किराया देकर पार करना होता है, फिर बस अथवा अन्य संसाधन से गंतव्य की ओर रवाना होते हैं। बाढ़ त्रासदी का दंश झेल रहे इस छोटे से गांव में बिजली और पानी की कोई व्यवस्था नहीं थी। इससे यहां के लोग अभी तक अंधेरे में ही जीवनयापन कर रहे थे। पिछले दिनों विधायक शशांक वर्मा और डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल मोटरबोट से नदी पार कर चौगुर्जी गांव पहुंचे थे। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं तो उनके समाधान की ठान ली। इसी के तहत गांव में 20 स्ट्रीट सोलर लाइट लगवाई गईं। साथ ही पेयजल संकट को देखते हुए गांव में बोरिंग कार्य शुरू करा दिया है, जिससे जल्द ही हर घर में नल के माध्यम से जल पहुंचाया जाएगा।



गांव चौगुर्जी में लगी सौर ऊर्जा लाइट।



तहसील निघासन में नेपाल बार्डर पर स्थित गांव चौगुर्जी।



गांव चौगुर्जी पहुंचने को नाव से मोहाना नदी पार कर जाते लोग।

### अलग-थलग हो चुके गांव चौगुर्जी का विकास जरूरी



भाजपा विधायक शशांक वर्मा का कहना है कि उन्होंने अपने क्षेत्र में काफी विकास कार्य कराए हैं, लेकिन चौगुर्जी में सोलर लाइट और पेयजल व्यवस्था कराने से उन्हें आत्मिक खुशी मिली है। वजह है कि बाढ़ के कारण नदी ने धारा बदली, जिससे यह गांव कटकर दूसरी तरफ नेपाल की ओर चला गया। इससे यह गांव जिले से अलग-थलग हो गया और यहां का विकास रुक गया। चुनाव के दौरान ही इस गांव का विकास उनका सपना बन गया। अब इस गांव को लाइट से जगमग कर उन्हें बहुत खुशी मिली। इसमें डीएम और सीडीओ का सहयोग भी सराहनीय है।

### लाइटें लगीं तो बहुत खुशी हुई

गांव निवासी फौजी, गोविंद, सूरजबली, नंद किशोर, महतिया, जोखन और शंभू कहते हैं कि उनका परिवार अक्सर अंधेरे में ही खाना खाता था। उन्होंने सोचा भी न था कि कभी उनके गांव में उजाला होगा, लेकिन जब सोलर लाइटें जलीं तो बहुत खुशी हुई। अब उजाले में आसमान के नीचे परिवार के साथ भोजन करते हैं तो बहुत अच्छा लगता है। उजाला होने से सांप और बिच्छुओं का डर भी कम हो गया और दूर तक सबकुछ नजर भी आने लगा।

### एक नजर में


- नदी के उस पार होने के कारण इसे श्रीलंका भी कहते हैं।
- पांच सौ लोगों की आबादी, निषाद परिवार रहते हैं।
- गांव में कच्चे रास्ते हैं।
- स्टीमर या नाव से आने-जाने का है साधन, जरूरत की चीजें लेने के लिए स्टीमर से आते हैं।
- नेपाल के राजापुर से भी अपना समान लेकर जाते हैं चौगुर्जी के लोग।
- एक प्राथमिक व एक उच्च प्राथमिक विद्यालय है। इसके बाद शिक्षा के लिए तिकुनियां आना पड़ता है।
- 20 रुपये प्रति व्यक्ति है स्टीमर का किराया।

वर्ष 1988 से खुसरो मैमोरियल ट्रस्ट द्वारा संचालित
खुसरो कॉलेज
स्लीपर रोड सी.बी.गंज, बरेली
फोन 7417587162, 8923928009
Courses Offered:
B.A., B.Sc, B.Com, B.B.A., BCA, M.Com, M.Sc. (Chemistry, Physics, Zoology, Botany, Mathematics) M.A. (English, Hindi, Economics) Sociology, Political Science, Urdu, Education, History
नोट:- इस वर्ष आधी फीस पर प्रवेश

सोलर फर्टिलिटी क्लिनिक
30 वर्ष कार्यकाल
9000 से अधिक सफलता
महिला या पुरुष दोनों में संतानहीनता या सेक्स दुर्बलता की जांच व इलाज के लिए मिलें।
चिकित्सक



डॉ. वंदना संजीव
(MBBS, MD, MIAP)
Female Fertility and IUI Consultant
महिलाओं में हार्मोन्स विकार, अनियमित माहवारी, PCOS मोटापा, इन्फेक्शन बार बार होने वाले गर्भपात बंद नलियों या अंडों के न बनने जैसे संतानहीनता के समस्त कारणों की जांच व इलाज
जरूरी मामलों में दर्द रहित कृत्रिम गर्भाधान (IUI)



डॉ. संजीव कुमार
(MBBS, MD, MIAP)
Male Fertility and Sperm Biotech Specialist & Male/Female Sex Specialist
पुरुषों में शुक्राणु संबंधी सभी कमियों, निल शुक्राणु आदि की जांच व इलाज।
पुरुषों महिलाओं में सेक्स समस्याओं की वैज्ञानिक जांच व इलाज
निल शुक्राणु वाले लाइलाज मामलों में गर्भधारण हेतु शुक्राणु बैंक व कृतिम गर्भाधान की सुविधा
सम्पर्क
प्रातः 11 से 2 बजे
सायं 6 से 7 बजे
रविवार बन्द
सोलर फर्टिलिटी एवं सेक्स क्लीनिक
साकेत कॉलोनी, 148-सिविल लाइन्स, समीप एक्सिस बैंक व चौकी चौराहा, बरेली
मो. 9927788842
0581-2510177

# बिजली कटौती से मुश्किलें हजार, शहर से गांव तक मचा हाहाकार

## बिजली न आने का समय न ही जाने का, नाम का है रोस्टर, बार-बार बिजली की आवाजाही से परेशान

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** भीषण गर्मी के बीच बिजली कटौती ने लोगों को बेहाल कर दिया है। न तो बिजली आने का कोई समय है और न ही जाने का। रोस्टर सिर्फ नाम का रह गया है। दिन में कई-कई बार हो रही ट्रिपिंग शहरवासियों के लिए मुसीबत बन रही है। बार बार हो रही ट्रिपिंग के कारण रात भर बिजली की आवाजाही लगी रहती है। ऐसे में लोग रात में चैन की नींद भी नहीं ले पा रहे हैं।

शासन की तमाम कोशिश के बावजूद जिले में बिजली व्यवस्था में कोई सुधार नहीं है। दिन पर दिन बिजली आपूर्ति बेपटरी होती जा रही है। जैसे-जैसे गर्मी बढ़ रही वैसे-वैसे बिजली की आवाजाही व लोकल फॉल्ट बढ़ रहे हैं। शहर के सभी फीडरों पर एक घंटे में चार -पांच बार बिजली गुल होती है। ऐसे में 24 घंटे का रोस्टर होने के बावजूद जिला मुख्यालय पर 15 से 18 घंटे की आपूर्ति हो रही है। इससे शहरवासी भीषण गर्मी में परेशान हैं।

**पलिया कलां।** नगर में बिजली कटौती निरंतर जारी है। दिन भर में बिजली कितनी बार जाएगी और कितनी बार आएगी, इसका अधिकारियों के पास कोई जवाब नहीं है। गत दिवस हुई बरसात के बाद बढ़ी उमस से व्याकुल लोग बिजली कटौती से परेशान हैं। मोहल्ला रंगरेजान, पठान, इकराम नगर सहित कई मोहल्लों में 24 घंटे बाद बिजली आने पर लोगों ने राहत की सांस ली। उधर ग्रामीण क्षेत्र में बिजली आपूर्ति का बुरा हाल है। तमाम ग्रामीण बिजली को लेकर हाइडिल जाकर अपनी शिकायतें दर्ज करा रहे हैं। नगर व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने बिजली उपकेंद्र पहुंचकर अधिकारियों से कई बार वार्ता की, किंतु सब ढाक के तीन पात ही रहा। इस संबंध में एक्सईएन निशांत ज्योति का कहना है कि गर्मियों में बिजली का लोड बढ़ जाता है, शीघ्र ही सुधार होगा। एक्सईएन बिजली वितरण खंड प्रथम के शैलेंद्र कुमार ने बताया कि रोस्टर के अनुसार बिजली आपूर्ति करने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है। मगर, लोड़ बढ़ने की वजह से बार-बार ट्रिपिंग होने से लेकर ट्रांसफार्मर तक जल रहे हैं।



नौरंगाबाद चौराहे पर खराब ट्रांसफार्मर ठीक करते कर्मचारी। ● अमृत विचार



भरिगवां निवासी समाजसेवी बादाम सिंह यादव ने कहा है कि जहां एक ओर आसमान आग उगल रहा है। तेज धूप से न दिन में चैन है न रात को। ऐसे में बिजली का आना-जाना खेतों की सिंचाई को प्रभावित कर रहा है। धान की रोपाई के साथ गन्ने की सिंचाई हेतु खेतों को पानी की आवश्यकता होती है।



कस्बे के समाजसेवी मुकर्रब अली ने बताया कि दिन तो जैसे तैसे सोलर पैनल से व्यतीत हो जाता है लेकिन रात में बिजली कटौती से सोना भी दुश्वार हो जाता है। ग्रामीण क्षेत्रों का हाल और बुरा है। रात में लाइट न मिलने से चोरी की घटनाएं बढ़ सकती हैं। इस समस्या से हम सभी क्षेत्रवासी परेशान हैं।



कस्बा निवासी अल्ताफ अंसारी ने बताया कि जहां एक तरफ उमस भरी गर्मी से हाल बेहाल है। वहीं बिजली विभाग के इस आंख मिचौली के खेल से सब परेशान हैं। आए दिन रात में बिजली गायब हो जाती है। संबंधित अधिकारी जल्द से जल्द इस पर ध्यान दें, जिससे गर्मी से कुछ राहत मिल सके।



गांव पकरिया के किसान रामकुमार वर्मा का कहना है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किसानों को सिंचाई के लिए निःशुल्क बिजली देने का आदेश दिया है। बिजली न मिलने से सिंचाई प्रभावित हो रही है। ग्रामीण क्षेत्र की सप्लाई चालू करने के लिए एक फेस खोल दिया जाता हैं जिससे से लाइट टू फेश हो जाती है।

### 5 दिन से गड़बड़ाई मोहम्मदी फीडर से बिजली

**ममरी, अमृत विचार :** गोला मोहम्मदी फीडर लाइन से जुड़े गांव कन्जा, मूड़ाभाई, तुर्कीखेड़ा, धिरावां, कैथौला, ऊंचागांव, सहुआपुर, बेहडा मुल्तान, खोखाय, हेमपुर के ग्रामीणों को पांच दिनों से बिजली सप्लाई नहीं मिल पा रही है, जिससे ग्रामीणों में हाहाकार मचा हुआ है। गांवों के बिजली उपभोक्ताओं का कहना है कि जरा सी हवा चलने, बूदाबांदी होने पर सप्लाई बंद कर दी जाती है। अगर कोई उपभोक्ता अधिकारियों से शिकायत करता है तो लाइनमैन राजेश कुमार उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराके बंद करा देने की धमकी देते हैं। हालत यह है कि बिजली सप्लाई 10 घंटे भी नहीं मिल पा रही है। जेई मोहम्मदी नन्दराम ने बताया कि लाइनमैन अगर किसी को बंद कराने की धमकी देता है तो यह गलत है। सप्लाई नहीं मिलने पर ग्रामीण शिकायत तो करेंगे ही। रही सप्लाई की बात तो इसके लिए दिन और रात का रोस्टर बना है। ऊपर से सप्लाई आने पर ग्रामीण क्षेत्र में बिजली दी जाती है।

“ऊपर से रोस्टिंग होने के बाद हमें जितनी भी सप्लाई मिलती है, वह उपभोक्ताओं दे रहे हैं। उसमें लोकल फॉल्ट अटेंड करने के लिए जो शट डाउन होते हैं वह कुछ बढ़ जाने से मामूली कटौती हो जाती है। बाकी हमारा प्रयास है कि क्षेत्र को ज्यादा से ज्यादा बिजली आपूर्ति की जाए, आने वाले समय में बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से देने के लिए काम किया जा रहा है। **-नीलाक्ष मनोस**, बिजली उपखंड अधिकारी डिवीजन गोला।

## बिजली आपूर्ति बाधित होने में संविदा कर्मचारियों की कमी बड़ी वजह

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

● **फाल्ट पता कर ठीक करने में लग रही देरी**

**अमृत विचार:** बिजली आपूर्ति की निरंतरता को बनाए रखने के लिए पर्याप्त संख्या में कुशल कर्मचारी होना भी जरूरी है। संविदा कर्मचारियों की हुई छटनी से कर्मचारियों की संख्या में कमी से बिजलीआपूर्ति में व्यवधान आया है। कर्मचारियों की कमी के चलते फॉल्ट का पता लगाने और ठीक करने में हो रही देरी से भीषण गर्मी में उपभोक्ताओं का हाल बेहाल है।

भीषण गर्मी में नगर क्षेत्र में बिजली कटौती से उपभोक्ता परेशान हैं। संविदा कर्मचारियों की छंटनी से 29 कर्मचारियों की जगह अब 15 ही कार्य देख रहे हैं, जिससे फाल्ट होने पर लोगों को घंटों बिजली का इंतजार करना पड़ता है। गर्मी बढ़ने से ट्रांसफार्मर पर बिजली लोड बढ़ रहा है, जिसके चलते तार टूटने, फाल्ट होने, लो वोल्टेज व बिजली कटौती से लोग परेशान हैं।

जून माह की शुरुआत होते ही गर्मी चरम पर है और बिजली आपूर्ति की स्थिति बदतर है। लोग बिजली आपूर्ति व्यवस्था की शिकायत कर सुधार की मांग करते रहते हैं, पर बिजली आपूर्ति की व्यवस्था जस की तस है। नगर के सभी फीडरों में रोस्टिंग के अलावा भी कई घंटे की कटौती होने से उपभोक्ताओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जागरूक नागरिकों ने कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने की मांग की है ताकि बिजली गुल होने पर जल्द फाल्ट को ठीक किया जा सके।

### ग्रामीण अंचलों के उपभोक्ताओं को रुला रही बिजली

**संसारपुर।** बिजली उपकेंद्र बांकेगंज से इन दिनों बिजली कटौती से लोग परेशान हैं। जब फसल सिंचाई का टाइम है तब बिजली नहीं मिल रही है। इन दिनों धान की रोपाई और गन्ने की फसलों की सिंचाई का काम जोरों पर है। बिजली न आने से फसलों की सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं। ग्रामीण इलाकों का रोस्टर न जाने कैसा है, दिन के समय में उपभोक्ताओं को सही से बिजली नहीं मिल पा रही है। रात में बिजली दी जा रही है। वह भी एक सप्ताह में लगभग 6 बार 33 केवी लाइन ब्रेक डाउन हुई है। जिससे किसानों की सिंचाई प्रभावित हो रही है।

# पंजीकरण न होने पर सन पैथोलॉजी को किया सीज

संवाददाता, मैगलगंज

**अमृत विचार:** पसगवां सीएचसी के नोडल अधिकारी डॉ. निशांत गुप्ता ने कस्बे में संचालित पैथोलॉजी और क्लीनिकों पर छापामारी की। उन्होंने कागजात आदि न होने पर सन पैथोलॉजी सेंटर को सीज कर अन्य को नोटिस जारी किया।

गुरुवार को नोडल अधिकारी डॉ. निशांत गुप्ता ने टीम के साथ स्मृति सियाराम विश्वकर्मा क्लीनिक, बरगावां रोड स्थित, पारस हॉस्पिटल व मेडिकल स्टोर पर भी छापा मारा। इस कार्रवाई के दौरान कई अस्पताल और पैथोलॉजी संचालक मौके से भाग निकले। सन पैथोलॉजी मैगलगंज को सीज किया गया है। अन्य को नोटिस जारी की गई है। इससे पहले हुई छापेमारी में इस लैब को नोटिस दिया गया था। पूर्व में विभाग ने पारस हॉस्पिटल मेडिकल स्टोर को सील किया था, लेकिन जांच में अस्पताल के संचालक द्वारा सील तोड़कर अस्पताल संचालित किया जाता मिला। इस पर उन्हें नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

नोडल अधिकारी डॉ. निशांत गुप्ता ने बताया कि नियमित निरीक्षण होते रहेंगे और अवैध रूप से संचालित क्लीनिक, हॉस्पिटल एवं पैथोलॉजी लैब पर कार्रवाई होगी।

# आरोपी जीजा की गिरफ्तारी पर किया अंतिम संस्कार

**मझगई, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र की एक किशोरी की संदिग्ध हालात में बुधवार को मौत हो गई थी। परिजनों ने उसके जीजा पर दुष्कर्म ओर तेजाब पिलाने का आरोप लगाया था। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद शव घर आया तो परिजनों ने गिरफ्तारी की मांग को लेकर अंतिम संस्कार रोक दिया। प्रभारी निरीक्षक राजू राव में परिवार वालो को समझाने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं माने। पुलिस ने शाम को आरोपी जीजा को गिरफ्तार कर लिया। तब जाकर परिजन शांत हुए और शव का अंतिम संस्कार कर दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आरोपी को हिरासत में लिया गया है। जांच के बाद कारवाई की जाएगी।

# मानव-वन्यजीव संघर्ष रोकने को किया गया मंथन

संवाददाता, पलिया कलां

● **दुधवा के मीटिंग हाल में आयोजित कार्यशाला में मंत्रियों व अधिकारियों ने की चर्चा**

**अमृत विचार:** केंद्रीय वन, पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव की अध्यक्षता में दुधवा में मानव वन्यजीव संघर्ष को कम करने को लेकर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में प्रदेश के वन राज्य मंत्री केपी मलिक व वन राज्यमंत्री अरुण सक्सेना समेत राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के अधिकारी व कई जिलों के विभागीय अधिकारी और सांसद व विधायक शामिल हुए।

दुधवा के मीटिंग हाल में आयोजित कार्यशाला में मानव-वन्यजीव संघर्ष रोकने को लेकर अधिकारियों से उनकी कार्य योजना जानी गई। इसके बाद केंद्रीय मंत्री ने संघर्ष रोकने के लिए अब तक किए उपायों की जानकारी ली तथा भविष्य की योजनाओं के बारे में पूछा। अधिकारियों ने बताया कि वन्यजीवों की संख्या बढ़ रही है, जिससे वे कभी कभार जंगल से बाहर आ जाते हैं। इसके अलावा अनाधिकृत रूप से जो लोग जंगल में बिना किसी सुरक्षा के प्रवेश करते हैं उनके साथ हादसा हो जाता है।

वनाधिकारियों ने कार्यशाला में यह भी कहा कि जंगल से सटे क्षेत्रों में लोग गन्ने की खेती करते हैं, जिसे वन्यजीव जंगल ही समझते हैं। ऐसे में बहुत से वन्यजीव उसे अपना ठिकाना बना लेते हैं। जब खेत में कोई जाता है उन पर हमला कर देते हैं। सांसद आनंद भदौरिया ने जंगल के किनारे करेंट युक्त संरक्षित बाड़ लगाने पर जोर दिया जिससे वन्यजीव जंगल से बाहर न निकल सकें।

उनके प्रस्ताव पर अधिकारियों ने कहा कि यह योजना है उसे मूर्तरूप देने का प्रयास चल रहा है। इसके साथ ही मानव-वन्यजीव संघर्ष को रोकने के लिए लोगों को जागरूक करने, जंगल में अवैध प्रवेश पर लगाम लगाने, जंगल से बाहर निकलने वाले वन्यजीवों को तत्काल रेस्क्यू करने पर जोर दिया गया। कार्यशाला में खीरी सांसद उत्कर्ष वर्मा, बहराइच के सांसद आनंद कुमार गौड़, श्रावस्ती के सांसद राम शिरोमणि, विधायक रोमी साहनी व महानिदेशक वन व विशेष सचिव पर्यावरण सुशील कुमार अवस्थी, अपर महानिदेशक टाइगर व एलीफेंट रिजर्व गोविंद सागर भरद्वाज आदि शामिल रहे।



दुधवा में बैठक करते केंद्रीय वन, पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव। ● अमृत विचार

# उपभोक्ताओं ने एक्सईएन कार्यालय पर दिया धरना


संवाददाता, पलिया कलां

● **त्रिकोलिया फीडर में दो दिन से नहीं हो रही बिजली सप्लाई**
● **खेतों में फसलें सूखने लगीं धान की रोपाई को पानी की जरूरत**

**अमृत विचार :** पलिया नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र तक में बिजली को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। इससे लोगों को न दिन में चैन है और न रात में। त्रिकोलिया फीडर में दो दिन से विद्युत सप्लाई न होने से बड़ी संख्या में ग्रामीण गुरुवार को बिजली उपकेंद्र पहुंचे और एक्सईएन कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन किया।

धरने पर बैठे उपभोक्ताओं ने बताया कि क्षेत्र में करीब एक माह से बिजली का हाल बेहद खराब है। 48 घंटों से उनके क्षेत्र में बिजली गायब है। विभागीय अधिकारियों की लापरवाही का खामियाजा उपभोक्ता उठा रहे हैं। इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी में बिजली की सबसे अधिक आवश्यकता है। खेतों में खड़ी फसलें सूखने लगी हैं और धान की नई पौध लगाने के लिए भी खेतों को पानी की जरूरत है। कोई भी उपभोक्ता जब विद्युत अधिकारियों से बात करने का प्रयास करता है ,तो उसे सही उत्तर नहीं दिया जाता। गुरुवार को भी उपभोक्ताओं ने विद्युत एक्सईएन निशांत ज्योति से बात करने का प्रयास किया तो उन्होंने ठीक से बात नहीं की। नतीजा नाराज होकर उपभोक्ता उनके कार्यालय के सामने धरने पर बैठ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने और उपभोक्ताओं के बीच घंटों बातचीत चली। इसके बाद उपभोक्ता जल्द ही बिजली आपूर्ति सही होने का आश्वासन देने पर शांत हुए और धरना-प्रदर्शन समाप्त कर दिया। धरने पर तरसेम सिंह, सुखविंदर सिंह, अवधेश मौर्य, बलविंदर सिंह, गोपी, राजकुमार, धर्मवीर सहित तमाम उपभोक्ता रहे। एक्सईएन निशांत ज्योति ने बताया कि त्रिकोलिया फीडर पर लोड अधिक है।

इसे दूसरे फीडर से जोड़कर काम चलाने का प्रयास किया जा रहा है। शाम तक विद्युत आपूर्ति होने की उम्मीद है।



एक्सईएन कार्यालय पर धरना देते बिजली उपभोक्ता। ● अमृत विचार

# पति समेत चार पर दहेज हत्या की रिपोर्ट

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** गांव कमना रायपुर निवासी अंकित ने बताया कि उसकी बड़ी बहन घुर्रा (25) की शादी छह वर्ष पहले अवधेश निवासी बेला मजरा मिलिक थाना ईसानगर खीरी के साथ हुई थी। पति अवधेश, ससुर बांकेलाल, जेठ केशवराम व छत्रपाल दिए गए दहेज से संतुष्ट नहीं थे और बुलेट की मांग को लेकर उसकी बहन को मारपीट कर प्रताड़ित करते थे। बहन प्रताड़ना की बात मायके वालों को बताती थी। बहन के ससुराल वालों को काफी समझाया गया, लेकिन वह नहीं माने। बुलेट बाइक न मिलने से नाराज होकर 12 जून की दोपहर उसकी बहन को फंदे पर लटका कर मार डाला था। पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# तेदुओं का अभयारण्य बनीं धौरहरा वन रेंज

संवाददाता, धौरहरा

● **धौरहरा, कंचनपुर और केशवापुर खुर्द, धूसाखुर्द के खेतों में घूम रहे तेंदुए**

**अमृत विचार:** वन रेंज के धौरहरा, कंचनपुर, केशवापुर व धूसाखुर्द सहित गांवों में शावकों के साथ तेंदुए घूम रहे हैं। आए दिन कुत्तों और गोवंशीय पशुओं का शिकार भी कर रहे हैं पर वन विभाग उन्हें पकड़ने की बजाय सतर्क रहने की चेतावनी देकर खाना पूर्ति कर लेता है।

धौरहरा क्षेत्र तेंदुओं का अभयारण्य बनता जा रहा है। तेंदुए बेखौफ शावकों के साथ वन रेंज के गांव कंचनपुर, धौरहरा बबुरी मार्ग केशवापुर खुर्द, धूसाखुर्द, टेकीकुंडा, आदि गांवों के केला और गन्ना के खेतों में डेरा जमाए हैं। आए दिन गोवंशीय पशुओं और कुत्तों का शिकार कर रहे हैं। बीते माह में तेंदुए ने चार लोगों पर हमला कर घायल किया है। इसके अलावा गो आश्रय स्थल जटपुरवा और नरूपुर में पशुओं का शिकार किया है। तेंदुए पेड़ों पर चढ़े देखे जा रहे हैं, लेकिन वन विभाग पकड़ने के लिए ठोस कदम नहीं उठा रहा, जबकि तेंदुए के डर से किसान खेतों में काम करने से कतरा रहे हैं। वन विभाग केवल ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह देकर कर्तव्यों की इतिश्री कर ले रहा है।

विधायक विनोद शंकर अवस्थी ने डीएफओ शौरीष सहाय से तेंदुए पकड़ने को कहा है। क्षेत्रीय वनाधिकारी नृपेंद्र चतुर्वेदी ने बताया कि तेंदुए को पकड़ने के लिए बबुरी और केशवापुर खुर्द में पिंजरे लगाए थे, कंचनपुर में भी लगाएंगे।

सुखी एवं वैवाहिक जीवन के लिए सम्पर्क करें
डॉ. पुष्कर राज अरोरा क्लीनिक
(पुरूष गुप्त रोगी मिलें)
यदि आप भी धात, स्वप्न दोष, मर्दाना कमजोरी गुप्त रोगों एवं शुक्राणुओं की कमी का राज वैद्यों के नुस्खों पर आधारित कीमती एवं बहुमूल्य रत्नों, भस्मों द्वारा उचित आयुर्वेदिक इलाज करवाना चाहते हैं तो शीघ्र मिलें
निकट शाही बस स्टैंड, रामपुर रोड, बरेली
शनिवार, रविवार
लाल पुल मवेशी अस्पताल के सामने, बदायूं
गुरूवार, शुक्रवार
भुर्जी टोला, आंवला
सोमवार
समय : सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
8273105033, 9412555559

# केंद्रीय मंत्री ने 973 लाभार्थियों को बांटे उपकरण

संवाददाता, धौरहरा

**अमृत विचार:** बीआरसी केंद्र परिसर में आयोजित एडिप योजना के तहत केंद्रीय राज्यमंत्री उपभोक्ता मामले खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय बीएल वर्मा ने दिव्यांगजनों को बैटरी चलित साइकिल सहित 973 लाभार्थियों को उपकरण वितरित किए।

धौरहरा बीआरसी केंद्र परिसर में आयोजित एडिप योजना के तहत दिव्यांगजनों को बैटरी चलित साइकिल, व्हीलचेयर, श्रवण यंत्र, सहित दिव्यांग उपकरण मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा ने धौरहरा, रमिया बेहड़, ईसानगर ब्लॉक के कुल 973 लाभार्थियों को वितरित किए। उन्होंने कहा जो दिव्यांगजन होते हैं उनमें दिव्य शक्तियां होती है। अपने आपको वह कमजोर न समझें। उनके साथ मोदी जी खड़े हैं। उन्होंने दिव्यांगजनों को बैटरी चलित साइकिल वितरण कीं। कहा यह आप सबके लिए मोदी जी ने भेजा है। इस मौके पर विधायक धौरहरा विनोद शंकर अवस्थी, सीडीओ अभिषेक कुमार, एसडीएम राजेश कुमार, तहसीलदार आदित्य विशाल आदि मौजूद रहे।



दिव्यांगजनों को संबोधित करते केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा।

# कांग्रेसियों ने मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** जिला कांग्रेस कार्यालय पर कांग्रेसियों ने केक काटकर और फलों का वितरण कर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का जन्मदिन मनाया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रहलाद पटेल ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की सामाजिक न्याय के प्रति संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता ने राजनीतिक विमर्श को नई दिशा प्रदान की है। राहुल गांधी समाज के हर वर्ग की प्रगति के लिए जो प्रयास कर रहे हैं और जिन बदलावों की अपेक्षा रखते हैं। उनमें सफलता मिले यही समस्त कांग्रेस जनों की कामना है। कांग्रेस की नीतियों से प्रभावित होकर पूनम शुक्ला, उदय वीर सिंह, गौरव पांडेय, घनश्याम यादव, मुकेश कुमार राज, विनीत कुमार राज आदि ने सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान दीपक बाजपेई, मोहन चंद्र उप्रेती, डॉक्टर रईस अहमद उस्मानी, प्रेम वर्मा, नवाज खान, अमित गुप्ता, रवि तिवारी, देवेंद्र पंकज आदि मौजूद रहे।



संपूर्णानगर में राहुल गांधी का जन्मदिन मनाते कांग्रेसी। ● अमृत विचार

### मिठाई खिलाकर एक-दूसरे को दी बधाई

**संपूर्णानगर, अमृत विचार,** कस्बा संपूर्णानगर स्थित कांग्रेस कार्यालय पर राहुल गांधी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। नगर अध्यक्ष संपूर्णानगर राजन यादव ने कहा कि आगामी 2027 के चुनाव को देखते हुए हम सभी को एकजुट होकर कड़ी मेहनत करनी चाहिए। पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने के लिए निरन्तर प्रयत्न करते रहना चाहिए। सभी ने एक स्वर में राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाने व एकजुट होकर पार्टी की नीतियों को जन – जन तक पहुंचाने की शपथ ली। इस दौरान हिफाजत अली, अमन गुप्ता, आबिद हुसैन, रामू त्रिवेदी, पूर्व प्रधान रामचन्द्र सिंह, रामस्वरूप प्रजापति, रामज्ञान शर्मा, राजीव सिन्हा आदि कांग्रेसी मौजूद रहे।

## एक नजर

### दबंगों ने बस चालक से की मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** मैलानी थाना क्षेत्र के निपनिया निवासी राहुल पुत्र कैलाशचंद ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 17 जून की शाम 7 .30 बजे वह ट्रैवलर गाड़ी से गोला के विकास चौराहे पर पहुंचा, तभी कुकरा निवासी कामिल ने अपने दो-तीन साथियों के साथ उसे घेर लिया और गाली गलौज करते हुए मारापीटा, जिसमें वह गंभीर घायल हो गया। उसने कामिल के नामजद और दो-तीन अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

### बौधिया कलां के युवक की लखनऊ में मौत

**मझगईं, अमृत विचार :** थाना मझगईं क्षेत्र के गांव बौधिया कलां निवासी देश कुमार यादव का 35 वर्षीय पुत्र जोगेंद्र कुमार करीब एक माह पहले रोजगार के सिलसिले में लखनऊ गया था। बुधवार रात गोमती नगर रेलवे ट्रैक के पास उसकी लाश मिली। वह अंडरवियर और बनियान में पाया गया। इससे उसकी मौत को लेकर सवाल खड़े हो गए। परिजनों का कहना है कि जोगेंद्र की किसी से रंजिश नहीं थी। देश कुमार ने बताया कि जोगेंद्र अविवाहित था। पिछले महीने काम की तलाश में लखनऊ गया था। बेटे की मौत की सूचना मिलते ही घर वाले लखनऊ रवाना हो गए। गांव के तमाम लोग घर पहुंचे। पुलिस मामले की जांच कर रही है। लखनऊ पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

# खेल शिक्षकों का अभाव... कैसे खेलेगा इंडिया, बढ़ेगा इंडिया

## 51 राजकीय में दो और 45 सहायता प्राप्त स्कूलों में 22 खेल शिक्षक हैं तैनात

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए प्रधानमंत्री मोदी की 'खेलेगा इंडिया तो बढ़ेगा इंडिया' मुहिम जनपद में दम तोड़ रही है, क्योंकि न तो जनपद के सभी राजकीय विद्यालयों में खेल शिक्षक हैं और न ही अशासकीय सहायता प्राप्त स्कूलों में। ऐसे में खेल प्रतिभाएं विद्यालयों में ही दम तोड़ रही हैं। स्थिति यह है कि जिले के सिर्फ दो राजकीय और 22 अशासकीय सहायता प्राप्त स्कूलों में ही शिक्षक तैनात हैं। जबकि जिले में इनकी संख्या 96 है।

जिले में 51 राजकीय और 45 अशासकीय माध्यमिक विद्यालय संचालित है। इन स्कूलों में पंजीकृत छात्रों की संख्या 30 से 35 हजार के आसपास है। इन छात्रों में से खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए प्रधानमंत्री मोदी


जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय।

● **शिक्षकों की कमी से पीएम मोदी की मुहिम को लग रहा झटका**

ने खेलेगा इंडिया तो बढ़ेगा इंडिया मुहिम शुरू की थी, जिससे खेल प्रतिभाएं देश प्रदेश में नाम रोशन करने के साथ ओलंपिक में विजेता बनकर तिरंगा का मान बढ़ा सकें। मगर, शिक्षकों का अभाव इसमें आड़े आ रहा है।

खेल शिक्षकों की स्थिति का आलम यह है कि जनपद के सिर्फ दो राजकीय और 22 सहायत प्राप्त स्कूलों में ही खेल शिक्षक तैनात हैं। इसी वजह से अन्य स्कूलों में खेल शिक्षक नहीं होने के कारण प्रतिभाएं दम तोड़ रही हैं।

**इन राजकीय स्कूलों में हैं खेल शिक्षक :** जनपद के राजकीय इंटर कॉलेज लखीमपुर और राजकीय बालिका इंटर कॉलेज फूलबेहड़ में ही खेल शिक्षक तैनात है। जबकि अन्य राजकीय स्कूलों में खेल शिक्षक ही नहीं है।

### स्कूलों में कैसे मनेगा ओलंपिक दिवस

23 जून को ओलंपिक दिवस है। शासन से स्कूलों में ओलंपिक दिवस मनाकर खेल प्रतियोगिताएं कराने का निर्देश है। मगर, शिक्षकों की कमी के कारण प्रधानाचार्यों के लिए शासन का निर्देश मुसीबत बन गया है। प्रधानाचार्यों का कहना है कि बिना खेल शिक्षक के कैसे ओलंपिक दिवस मनाएं और कैसे प्रतियोगिताएं कराएं इसकी चिंता सता रही है।

### खेल प्रतियोगिताओं को वार्षिक कैलेंडर जारी

माध्यमिक शिक्षा विभाग ने विभिन्न खेलों की प्रदेश स्तर पर होने वाली प्रतियोगिताओं का कैलेंडर जारी कर दिया है। इसकी शुरूआत 15 से 18 जुलाई तक सब जूनियर बालक एवं बालिका वर्ग की हॉकी प्रतियोगिता से होगी। इसका आयोजन झांसी में होगा। जबकि इनका समापन 30 अक्तूबर से तीन नवंबर तक एथलेटिक्स प्रतियोगिता के साथ प्रयागराज में होगा



खेल शिक्षकों की कमी होने के बावजूद विद्यालयों में खेल कराए जाते हैं। इसके अलावा हर साल जिला स्तर पर खेल प्रतियोगिताएं होती हैं, जिसमें छात्र छात्राएं बेहतर प्रदर्शन कर मंडल स्तर पर पहुंचे हैं। विद्यालयों में ओलंपिक दिवस मनाने के लिए निर्देश जारी कर दिए हैं। **-डॉ. महेंद्र प्रताप सिंह**, डीआईओएस

## प्रेत का साया बताकर महिला को अगरबत्ती से जलाया

**बेहजम, अमृत विचार:** थाना नीमगांव क्षेत्र के गांव साईपुर में दहेज से असंतुष्ट ससुराल वालों ने महिला पर भूत-प्रेत का साया बताकर उसके शरीर को अगरबत्ती से जलाया। पुलिस ने पीड़िता के पिता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की है।

सीतापुर जिले के थाना महोला के गांव डूडावल निवासी जगदीश प्रसाद वर्मा ने बताया कि उन्होंने अपनी पुत्री साक्षी कैथवार की शादी 16 फरवरी 2025 को थाना नीमगांव के गांव साईंपुर निवासी विज्ञासू के साथ की थी। दान दहेज से पुत्री का पति, सास और ससुर खुश नहीं थे। इससे ससुरालीजन उसकी पुत्री से नाराज रहते थे और शादी के एक महीने बाद से ही उसे घर से अलग कर भोजन बनाने के लिए मजबूर कर दिया। पुत्री जब अपनी जरूरत की वस्तुएं मांगती तो उसके साथ मारपीट करते थे। घर से भाग जाने के लिए कहते थे। अब उसकी पुत्री पर भूत-प्रेत बताकर बेटी की अंगों को अगरबत्ती से जलाया है। इससे पुत्री मानसिक रूप से प्रताड़ित हुई है। उन्होंने आरोपियों के खिलाफ थाना नीमगांव पुलिस को तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक आलोक धीमान ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## सार-संक्षेप

### नवागत डीआईओएस का स्वागत कर मौजूदा को दी विदाई



लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : डीआईओएस कार्यालय में गुरुवार को कार्यक्रम का आयोजन कर नवागत डीआईओएस विनोद कुमार मिश्रा एवं तत्कालीन डीआईओएस डॉ. महेंद्र प्रताप सिंह को विदाई दी गई। कार्यक्रम तत्कालीन डीआईओएस डॉ. महेंद्र प्रताप सिंह ने करी दो साल के कार्यकाल के अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि डीआईओएस कार्यालय का नया रूप और नई पहचान दिलाने में सभी का सहयोग मिला। वहीं नवागत डीआईओएस विनोद कुमार मिश्रा ने कहा कि उनकी प्राथमिकता शासन की योजनाओं का पालन कराकर बच्चों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा दिलाना है। इसके अलावा बिना मान्यता के चल रहे विद्यालयों के खिलाफ अभियान चलाकर बंद कराया जाएगा।


### दंपती से लूट मामले में तीसरा आरोपी गिरफ्तार

**मितौली, अमृत विचार :** प्रभारी निरीक्षक शिवा जी दुबे ने बताया कि बुधवार को गांव डहर के पास दंपती से हुई लूट मामले में फरार चल रहे तीसरे आरोपी रियासत खान पुत्र हजरत खान निवासी नगरा दरी को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। एसपी ने उस पर 25000 का इनाम घोषित किया था। पुलिस ने आरोपी का चालान भेजा है।

### ताजियेदारों की बैठक में प्रभारी निरीक्षक ने दिए निर्देश

मैगलगंज, अमृत विचार : मोहर्रम को लेकर थाना परिसर में प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार पांडेय ने ताजिएदारों के साथ बैठक की। उन्होंने शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने की अपील की। साथ ही कहा कि कोई नई परंपरा नहीं डालने दी जाएगी। अगर किसी ने कोई माहौल खराब करने की कोशिश की तो उसके साथ सख्ती से निपटा जाएगा। इस दौरान कई ताजिएदार मौजूद रहे।

### एक वर्ष में उखड़ गई मूड़ाविश्नू से अजान घरथनिया सड़क



**ममरी, अमृत विचार :** लोक निर्माण विभाग के सौजन्य से पिछले वर्ष निर्मित हुआ मूड़ाविश्नू से अजान घरथनिया मार्ग को जोड़ने वाला एक किलोमीटर लंबा संपर्क मार्ग जगह जगह से उखड़ कर गड्ढों, कंक्रीट में तब्दील हो गया है, जिस पर पैदल तक निकलना मुश्किल हो रहा है। कुंभी ब्लॉक के गांव मूड़ाविश्नू के संदीप वर्मा, श्रीकृष्ण, शिव कुमार, प्रहलाद, रामआसरे आदि का कहना है कि काफी कोशिश के बाद पिछले वर्ष इस संपर्क मार्ग का निर्माण लोक निर्माण विभाग में एक ठेकेदार के जरिए कराया था। आरोप है कि ठेकेदार ने तारकोल की बचत करके जैसे तैसे सड़क बनाकर अपना पल्लू झाड़ लिया। सड़क निर्माण के समय ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों से मानक विहीन सड़क बनने की शिकायत की थी, लेकिन किसी अधिकारी ने ध्यान नहीं दिया, जिसके फलस्वरुप सड़क उखाड़ कर गड्ढो और कंक्रीट में तब्दील हो गई है। जिस पर बाइक सवार गिरकर चोटिल हो रहे हैं। जेई आलोक कुमार का कहना है कि सड़क की जांच करके ठेकेदार के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

### ट्रेन से गिरकर अज्ञात युवक की मौत

**सेहरामऊ दक्षिणी, अमृत विचार :** बुधवार की रात ट्रेन से गिरकर एक युवक की मौत हो गई। गुरुवार सुबह लोगों ने रेल पटरी के किनारे डाउन लाइन पर एक शव पड़ा देखा। कहेलिया स्टेशन मास्टर ने सेहरामऊ दक्षिणी पुलिस को सूचना दी। पुलिस विसाफ कला गांव के सामने मौके पर पहुंची और शव को रेल पटरी के किनारे किया। मृतक की उम्र 30 वर्ष है। पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो पाई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## हादसे के बाद ही पालिका डलवाएगी नया पत्थर

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** टैक्सी स्टैंड से जेल जाने वाली रोड की पुलिया पर पड़ा एक पत्थर टूट गया। मगर, नगर पालिका ने अभी तक इसका संज्ञान नहीं लिया है। जबकि पत्थर को टूटे हुए करीब 15 दिन हो चुके हैं। आस पास के दुकानदारों ने वाहन चालकों को आगाह करने के लिए पत्थर पर लाल झंडी लगा दी है, जिसे भी लगे हुए सात से आठ दिन हो चुके हैं। हादसे का कारण बने पत्थर को बदलवाने के लिए न तो पालिका संज्ञान ले रहा है और न ही जिला प्रशासन।

शहर की सबसे व्यस्त रोडों में जेल रोड शुमार है,क्योंकि इस पर राजकीय इंटर कॉलेज, जिला महिला अस्पताल, पुलिस लाइन, कलेक्ट्रेट, जिला पंचायत से लेकर सिविल कोर्ट स्थित है। ऐसे में इस रोड से रोजाना अधिकारियों से लेकर आम लोगों का सैकड़ों की संख्या में आना जाना रहता है। ऐसे में टैक्सी स्टैंड से जेल रोड जाने वाली सड़क की पुलिया पर पड़ा पत्थर पूरी तरह से टूटकर बिखर चुका है। बचा है तो उसका सिर्फर जाल। स्थित यह है कि टूटा पत्थर पैदल चलने वालों से लेकर दो और चार पहिया वाहन चालकों तक के लिए मुसीबत से लेकर जानलेवा बना हुआ है। इसकी जगह पर नया पत्थर डलवाने का न तो नगर पालिका के जिम्मेदार संज्ञान ले रहे हैं और न ही इस रोड से होकर निकलने वाले जिले के अन्य जिम्मेदार।


टैक्सी स्टैंड के निकट जेल रोड की पुलिया के टूट पत्थर पर लगी झंडी। ● अमृत विचार

### गर्भवती महिलाओं के लिए मुसीबत बना पत्थर

एंबुलेंस चालकों का कहना है कि पत्थर बहुत दिक्कतें दे रहा है। दर्द से कराह रहीं गर्भवतियों को लाने के दौरान पिछला पहिया इसमें चले जाने से झटका लगने पर महिलाएं परेशान हो उठती हैं।

### दुकानदारों ने आगाह करने के लिए लगाई है झंडी

आस पास के दुकानदारों ने बताया कि पत्थर टूटा होने की वजह से कई बार बाइक सवार गिर चुके हैं। चार पहिया वाहन भी निकलने के दौरान फंस जाते थे, जिससे जाम लगती थी। जाल में पैर आदि जाने से कोई राहगीर चोटिल न हो जाए, इसलिए लाल झंडी लगा दी है।

● **टैक्सी स्टैंड से जेल जाने वाले रोड की पुलिया का टूटा है पत्थर**

जेल रोड की पुलिया का पत्थर टूट जाने की जानकारी नहीं है। जेई को भेजकर दूसरा पत्थर डलवाया जाएगा। **-संजय कुमार, ईओ।**

## व्यापारी की सड़क दुर्घटना में मौत

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार:** नगर की मोहम्मदी रोड बाईपास पर मॉर्निंग वॉक को निकले नगर के मोहल्ला मुन्नूगंज निवासी एक व्यापारी की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई।


मृतक शंकर दयाल वर्मा।

नगर के मोहल्ला मन्नूगंज निवासी शंकरदयाल वर्मा (72) पुत्र मोहन लाल पुराने बाईपास पर किसान टायर्स के नाम से दुकान चलाते थे। गुरुवार सुबह साढ़े चार बजे वह मॉर्निंग वॉक पर मोहम्मदी रोड बाईपास पर जा रहे थे, तभी किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर घायल हो गए। घटना के बाद चालक मय वाहन मौके से भाग निकला। सुबह का समय होने से बाईपास पर आवाजाही कम होने से दुर्घटना करने वाले वाहन का पता नहीं चल सका है। परिवार वाले सूचना पाकर उन्हें सीएचसी लाये, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अस्पताल की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। उनकी असामयिक मौत से परिवार में कोहराम मच गया है, जिनका रो रोकर बुरा हाल है।

## सेमीफाइनल में पहुंची चंदीपुर की टीम

संवाददाता, मितौली

**अमृत विचार:** क्षेत्र के गांव ओलरापुर में चल रहे नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का क्वार्टर फाइनल मैच खानपुर बनाम चंदीपुर के मध्य खेला गया। जिसमें चंदीपुर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 9 विकेट खोकर 72 रन का टारगेट दिया।

बल्लेबाजी करने उतरी खानपुर की टीम के तरुण शर्मा सिर्फ एक रन ही बना पाए। सनी खान, सलेमान और अजय पाल एक भी रन नहीं बना पाए। सैफ जैदी को एक रन में ही संतोष करना पड़ा। लगातार विकेट गिरते रहे और खानपुर टीम 32 रन पर सिमट गई, जिसमें खानपुर के 9 विकेट 9 रन पर गिर गए थे। कोई भी बल्लेबाज अच्छी बैटिंग न कर सका। जिससे खानपुर टीम को करारी हार का सामना करना पड़ा।चंदीपुर की तरफ से गेंदबाजों ने धारदार गेंदबाजी की। जिसमें शब्बीर ने 3 ओवर में 2 रन देकर 3 विकेट लिए, जिससे उनको मैन ऑफ द मैच दिया गया। चंदीपुर टीम की ओर से शोएब ने 2 मेडन ओवर फेंके और 1 विकेट लिया। बंटी की भी किफायती गेंदबाजी रहीं।


मैन ऑफ द मैच शोएब को सम्मानित करते कमेटी के सदस्य।

बल्लेबाजों में करन ने अच्छी बैटिंग की। जिससे चंदीपुर की टीम ने 40 रन से मैच जीत लिया। चंदीपुर टीम अब सेमीफाइनल में प्रवेश कर गई। टूर्नामेंट के आयोजक सुरजीत सिंह पारुल ने बताया कि टूर्नामेंट का आज बीसवां दिन है। अब तक डेढ़ दर्जन टीमें हिस्सा ले चुकी हैं। इस मौके पर कमेटी के सोनपाल सिंह, पीयूष सिंह, प्रवीण सिंह, विनोद त्रिवेदी, सरोज त्रिवेदी, श्याम किशोर, देवेश, विनय मिश्र, रजनीश यादव, रामरहीस, सुधीर यादव आदि दर्शक मौजूद थे।

## घर में घुसे चोर ले गए चार लाख के आभूषण

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** थाना फरधान क्षेत्र के गांव रतनापुर निवासी लालजी सिंह के घर चोर घुस गए और करीब चार लाख रुपये का माल चोर बटोर ले गए। गांव रतनापुर निवासी लालजी सिंह ने बताया कि उसके घर के कमरे में पुराने सोने-चांदी के जेवर गड्ढे में दबे थे। इसके अलावा कुछ जेवर बक्सों मे रखे थे। 17 जून की रात चोर मकान के पिछले हिस्से की दीवार कूदकर घर में घुस आए। चोरों ने कमरे में जमीन में गड़े जेवर खोदकर निकाल लिए। साथ ही बक्से भी उठा ले गए। सुबह जब वह लोग सोकर उठे और कमरे में गए तो सामान बिखरा पड़ा देख उनके होश उड़ गए। कमरे में रखे बक्से भी गायब थे और जिस जगह जेवर गड़े थे वहां गड्ढा बना था और उसमें सोने-चांदी के जेवर नहीं थे। चोरी की सूचना पर आसपास के तमाम लोग भी मौके पर पहुंच गए। तलाशी के दौरान खाली बक्से गन्ने के खेत में टूटे पड़े मिले। बक्से में रखा सोने का हार, एक जोड़ी झाला, मांग बेदी, पांच पैंडिल का माला, दो सोने की अंगूठी और चार जोड़ी पायल गायब थीं। उन्होंने घटना की सूचना यूपी 112 पुलिस को दी। पुलिस ने मौका मुआयना किया। माना जा रहा है कि घटना में किसी नजदीकी व्यक्ति का हाथ है, जिसका पीड़ित के घर आना-जाना है और उसे जेवर कमरे में गढ़े होने की जानकारी थी। पुलिस भी इस बात से इंकार नहीं कर रही है। प्रभारी निरीक्षक दयाशंकर द्विवेदी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज की है। जांच की जा रही है। जल्द ही घटना का खुलासा होगा।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री कोनिका व उसके पति देव कुमार, पुष्पा यदुवंशी एवं उसके परिवार के सभी सदस्य आये दिन हमारे साथ गलत व्यवहार करते हैं। उनके दुर्व्यवहार से परेशान होकर उनके परिवार के सभी सदस्यों से अपने सम्बन्ध विच्छेद कर लिये हैं। भविष्य में उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य के वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से किसी का कोई लेना-देना नहीं होगा। **दीपा पत्नी श्री परवीन कुमार निवासी कर्मचारी नगर, बरेली**

सूचना
मैंने अपनी पुत्री इरम को गलत चाल चलन व अभद्र व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति व अपने परिवार से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी प्रकार के कृत्यों, लेनदेन व मुकदमेबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगी। मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **मोहम्मद अय्यूब पुत्र महबूब अली निवासी मोहल्ला शेखूपुर कस्बा व तहसील बहेड़ी, जिला बरेली।**

हरि चन्द्रा महाविद्यालय
हंडेला, गोला रोड, अलीगंज लखीमपुर खीरी
सम्बद्ध- लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ
आवश्यकता है
महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर कला संकाय विषयों में एक-एक पद के लिए चित्रकला, अंग्रेजी, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र एवं विज्ञान वर्ग के लिए, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, भौतिक विज्ञान के इन सभी विषयों में सहायक आचार्यों की आवश्यकता है। इच्छुक अभ्यार्थी अपना आवेदन पत्र अपने मूल प्रमाण पत्रों की छायाप्रति के साथ डाक द्वारा या स्वयं महाविद्यालय में 10 दिनों के अन्दर जमा कर सकते हैं। शैक्षिक योग्यता यू.जी.सी. के अनुसार या लखनऊ विश्वविद्यालय के अनुसार वांछनीय है।
प्रबन्धक
पता- हरि चन्द्रा महाविद्यालय
हंडेला, गोला रोड,
अलीगंज लखीमपुर खीरी
मो.- 9452016953, 9450175793

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

Admission Open
Session 2025-26
BIU COLLEGE OF PHARMACY BIUCOP BAREILLY Towards Professional Excellence
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • M. Pharma (Pharmaceutics) (2 Years)
• B. Pharma (4 Years) • M. Pharma (Pharmacology) (2 Years)
• M. Pharma (Pharmaceutical Chemistry) (2 Years)
• M. Pharma ( Pharmacognosy) (2 Years)
ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • B. Pharma (4 Years)
Rohilkhand Medical College & Hospital Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years)
Mob : 9457672942
Keshlata Hospital Campus, Delapeer Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
BIU College of Management
• M.H.A. (2 Years) • M.P.H. (2 Years)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
biucollegeofpharmacy@gmail.com, rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com
biucollegeofmanagement@gmail.com, keshlatacollegeofpharmacy@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

FOPS BAREILLY Towards Professional Excellence
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
Faculty of Paramedical Sciences
Approved by : Uttar Pradesh State Medical Faculty, Lucknow
Courses
■ BMLT/BMLS (Intake-80 Seats)
■ BRIT (Intake-80 Seats)
■ BPT (Intake-40 Seats)
■ B.Sc. Optometry (Intake-40 Seats)
■ BOTT (Intake-40 Seats)
■ M.Sc. Clinical Embryology (Intake-40 Seats)
■ MPT (Intake-20 Seats)
■ MMLS (Intake-20 Seats)
Admission Open
Session 2025-26
FACULTY OF FORENSIC SCIENCES
Courses
■ B.Sc. Forensic Sciences (Intake-40 Seats)
■ M.Sc. Forensic Sciences (Intake-20 Seats)
ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE AND HOSPITAL
Courses
■ Diploma in X-Ray (Intake-30 Seats)
■ Diploma in Lab Technician (Intake-30 Seats)
■ Diploma in Radiotherapy Technician (Intake-30 Seats)
Rohilkhand College of Paramedical Sciences
Courses
■ Diploma in Dialysis Technician (Intake-30 Seats)
■ Diploma in M.R.I. Technician (Intake-30 Seats)
■ Diploma in Emergency & Trauma Care Technician (Intake-30 Seats)
■ Certificate in Sanitation (Intake-30 Seats)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
E-mail I'd : facultyofparamedicalsciences@gmail.com,
bareillyrcps@gmail.com, rcpsbareilly@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

यत् सुखं सेवमानोपि धर्मार्थाभ्यां न हीयते।
कामं तदुपसेवेत न मूढव्रतमाचरेत्। ॥

व्यक्ति को यह छूट है कि वह न्यायपूर्वक और धर्म के मार्ग पर चलकर इच्छानुसार सुखों का भरपूर उपभोग करें, लेकिन उनमें इतना आसक्त न हो जाए कि अधर्म का मार्ग पकड़ ले।

## संपादकीय

# रक्षा सहयोग पर सहमति

विश्व व्यवस्था में तेजी से हो रही उठापटक के बीच दुनिया के विकास, दुनिया को समझने का तरीका साफ तौर पर बदल गया है। इससे भारत और यूरोपीय संघ भी अछूते नहीं रहे हैं। वास्तव में आज भारत और यूरोप के बीच साझेदारी का महत्व है। यूरोपीय संघ के साथ रणनीतिक साझेदारी मजबूत बनाने में क्रोएशिया का समर्थन एवं सहयोग जरूरी है। कनाडा से वापस लौटते वक्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का क्रोएशिया दौरा भारत की यूरोपीय रणनीति के लिए अहम है। प्रधानमंत्री मोदी ने क्रोएशिया के प्रधानमंत्री आंद्रेज प्लेंकोविक के साथ वार्ता की। दोनों देशों ने रक्षा सहयोग योजना तैयार करने पर सहमति जताई। इस दौरे में रक्षा सहयोग, निवेश, तकनीक और सांस्कृतिक आदान-प्रदान पर कई समझौते हुए। भारत और क्रोएशिया के संबंध पुराने हैं। क्रोएशिया ने 1991 में यूगोस्लाविया से अलग होकर स्वतंत्रता की घोषणा की। भारत ने मई 1992 में क्रोएशिया को औपचारिक रूप से मान्यता दी और 9 जुलाई 1992 को भारत से राजनयिक संबंध स्थापित हुए। यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की क्रोएशिया की पहली यात्रा है, जो दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। क्रोएशिया छोटा देश है परंतु भौगोलिक रूप से महत्वपूर्ण है। यूरोपीय संघ और नाटो में उसकी राजनीतिक पकड़ भी है। यह यूरोप का महत्वपूर्ण समुद्री प्रवेश द्वार है, जो यूरोप को निर्यात करने के लिए महत्व रखता है। क्रोएशिया की चीन पर कम निर्भरता और उसके बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव के प्रति संदेह इसे भारत के लिए एक अच्छा भागीदार बनाते हैं। यानी क्रोएशिया भारत के लिए एक भरोसेमंद साथी साबित हो सकता है।

क्रोएशिया में भारतीय समुदाय पिछले तीन वर्षों में तेजी से बदला है। वहां जनसांख्यिकीय स्थिति बहुत बदल गई है। वहां अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में काम करने के लिए बहुत से विदेशी श्रमिकों को नियोजित किया जा रहा है। द्विपक्षीय संबंधों का एक महत्वपूर्ण स्तंभ क्रोएशिया में बढ़ते भारतीय प्रवासी हैं। 2023 में दोनों देशों के बीच 337.68 मिलियन अमेरिकी डॉलर का व्यापार हुआ। दोनों देशों के बीच आर्थिक जुड़ाव, हालांकि मामूली पैमाने पर है, लेकिन इसमें वृद्धिशील प्रगति देखी गई है। जानकारों के मुताबिक पीएम मोदी का यह दौरा भारत की यूरोपीय रणनीति में एक महत्वपूर्ण बदलाव का संकेत है। भारत के रुख की बड़ी वजह उसके व्यावहारिक भू-राजनीतिक हित भी हैं, बहुपक्षीय सहयोग की भारत की नीति यहां अहम हो जाती है। साथ ही इस यात्रा से द्विपक्षीय संबंधों को नई गति मिलेगी।

# भारत-कनाडा रिश्तों का नया दौर



योगेश कुमार गोयल
वरिष्ठ पत्रकार

कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी की टिप्पणियां भी उल्लेखनीय रही हैं। उन्होंने भारत की वैश्विक भूमिका की सराहना करते हुए उसे ऊर्जा संक्रमण, टेक्नोलॉजी और भू-राजनीति में एक अहम भागीदार बताया। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि भारत के बिना वैश्विक समस्याओं का समाधान संभव नहीं।

भारत और कनाडा के संबंधों में हाल के समय में एक नया मोड़ आया है। जी-7 शिखर सम्मेलन में भागीदारी के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कनाडा यात्रा ने इस द्विपक्षीय संबंध को पुनर्जीवित करने की दिशा में नई शुरुआत की है। यह यात्रा कई मायनों में प्रतीकात्मक ही नहीं बल्कि व्यावहारिक दृष्टिकोण से भी ऐतिहासिक मानी जा रही है। बीते वर्षों में भारत और कनाडा के रिश्तों में जो ठहराव आया था, उसका कारण केवल राजनयिक मतभेद नहीं थे बल्कि गहरे राजनीतिक तनाव और सुरक्षा से जुड़ी चिंताएं भी थी। प्रधानमंत्री मोदी की कनाडा यात्रा ने न केवल इन अवरोधों को दूर करने की पहल की बल्कि भविष्य में सहयोग के व्यापक द्वार भी खोल दिए हैं। प्रधानमंत्री की यह यात्रा मात्र 23 घंटे की थी लेकिन इसका प्रभाव बहुआयामी रहा। यह यात्रा ऐसे समय हुई, जब कनाडा की राजनीति में परिवर्तन हुआ है और मार्क कार्नी के रूप में एक नया नेतृत्व सामने आया है। ट्रूडो सरकार के दौर में भारत और कनाडा के बीच खालिस्तान समर्थक गतिविधियों को लेकर भारी तनाव रहा। भारत की कई बार की चेतावनी और शिकायतों के बावजूद ट्रूडो सरकार ने इन्हें नजर अंदाज किया, जिसके परिणामस्वरूप दोनों देशों के राजनयिक संबंध लगभग ठप पड़ गए थे।

हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद ट्रूडो द्वारा भारत पर लगाए गए आरोपों ने स्थिति को और गंभीर बना दिया। भारत ने इन आरोपों को सिरे से नकारा और कनाडा की धरती से भारत विरोधी गतिविधियों को प्रोत्साहन देने की प्रवृत्ति को मुख्य समस्या बताया लेकिन अब जब कनाडा की खुफिया एजेंसी सीएसआईएस ने खुद यह स्वीकार कर लिया है कि खालिस्तानी तत्व कनाडा से भारत विरोधी गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं, तब जाकर भारत की वर्षों पुरानी चिंता को औपचारिक मान्यता मिली है। मार्क कार्नी के नेतृत्व में कनाडा की नीति में स्पष्ट बदलाव देखा जा रहा है। भारत के साथ संबंध सुधारने की कोशिशों में ईमानदारी और व्यावहारिकता दोनों दिख रही है। प्रधानमंत्री मोदी और कार्नी की कनैनिस्किस में हुई मुलाकात इस नई दिशा की शुरुआत का प्रतीक बनी। इस बैठक

> जी-7 सम्मेलन के दौरान भारत और कनाडा के नेताओं की मुलाकात ने दिखा दिया कि दोनों देश अब अपने संबंधों को एक नए आधार पर पुनर्निर्माण करना चाहते हैं। यह आधार है आपसी सम्मान, संप्रभुता की रक्षा, लोकतांत्रिक मूल्यों की साझेदारी और वैश्विक मंचों पर संयुक्त सहयोग। उच्चायुक्तों की बहाली केवल एक कूटनीतिक औपचारिकता नहीं बल्कि विश्वास बहाली की दिशा में पहला ठोस कदम है।

में न केवल उच्चायुक्तों की पुनर्नियुक्ति पर सहमति बनी बल्कि वर्षों से रुकी पड़ी व्यापार वार्ता को पुनः शुरू करने का भी निर्णय लिया गया। दोनों देशों ने डिजिटल ट्रांजिशन, खाद्य सुरक्षा, टेक्नोलॉजी और महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्र में सहयोग गहराने पर सहमति जताई।

प्रधानमंत्री की इस यात्रा के बाद कनाडा सरकार द्वारा खालिस्तानियों को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा मानना और इसके सार्वजनिक रूप से स्वीकार करना एक बड़ा कूटनीतिक बदलाव है। यह केवल बयान भर नहीं बल्कि भारत के पक्ष को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर वैधता देने जैसा है। यह बदलाव भारत-कनाडा संबंधों में नया आत्मविश्वास भरता है। इस बदलाव का एक महत्वपूर्ण पक्ष ऑपरेशन 'प्रोजेक्ट पेलिकन' रहा, जिसमें कनाडा और अमेरिका में सक्रिय खालिस्तानी समर्थक ड्रग नेटवर्क का पर्दाफाश हुआ। इस ऑपरेशन ने इस बात को स्पष्ट कर दिया कि खालिस्तान समर्थक न केवल विचारधारा बल्कि संगठित आपराधिक गतिविधियों में भी शामिल हैं। इन गतिविधियों से प्राप्त धन भारत विरोधी अभियानों में लगाया जा रहा था। ऐसे मामलों में कार्रवाई कर कनाडा ने यह संकेत दिया है कि अब वह भारत की सुरक्षा चिंताओं को गंभीरता से ले रहा है।

जी-7 शिखर सम्मेलन में भारत की भागीदारी भी एक प्रमुख संकेत है। यह प्रधानमंत्री मोदी की इस मंच पर छठी उपस्थिति थी। भारत की इस निरंतर भागीदारी ने उसे वैश्विक मंचों पर एक स्थायी और प्रभावी आवाज बना दिया है। सम्मेलन में भारत ने वैश्विक दक्षिण के मुद्दों, आतंकवाद, स्वच्छ ऊर्जा, जलवायु परिवर्तन और टेक्नोलॉजी के लोकतंत्रीकरण जैसे मुद्दों पर अपनी स्पष्ट भूमिका प्रस्तुत की। यह भारत की उस भूमिका को रेखांकित करता है, जो वह 21वीं सदी की वैश्विक राजनीति में निभाना चाहता है। प्रधानमंत्री ने आतंकवाद पर अपनी मजबूत स्थिति को एक बार फिर दोहराया। उन्होंने स्पष्ट किया कि आतंकवाद और उसे प्रोत्साहन देने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई आवश्यक है। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी भी उन्होंने साझा की, जिससे यह संदेश गया कि भारत अपनी सुरक्षा के लिए कठोर और निर्णायक कदम उठाने से पीछे नहीं हटेगा।

जी-7 सम्मेलन के दौरान भारत और कनाडा के नेताओं की मुलाकात ने दिखा दिया कि दोनों देश अब अपने संबंधों को एक नए आधार पर पुनर्निर्माण करना चाहते हैं। यह आधार है आपसी सम्मान, संप्रभुता की रक्षा, लोकतांत्रिक मूल्यों की साझेदारी और वैश्विक मंचों पर संयुक्त सहयोग। उच्चायुक्तों की बहाली केवल एक कूटनीतिक औपचारिकता नहीं बल्कि विश्वास बहाली की दिशा में पहला ठोस कदम है। इससे वीजा, व्यापार, शिक्षा और सांस्कृतिक आदान-प्रदान जैसी सेवाएं सामान्य होंगी और प्रवासी भारतीयों को राहत मिलेगी। यह संबंध दोनों देशों के लाखों नागरिकों के हितों से जुड़ा है। कनाडा में भारतीय मूल के लगभग 30 लाख लोग रहते हैं, जिनमें सिख समुदाय की बड़ी भागीदारी है। यह जनसंपर्क दो देशों के बीच एक जीवंत सेतु की भूमिका निभाता है। अतीत की घटनाओं के कारण जो अनिश्चितता बनी थी, वह अब दूर होती दिख रही है।

कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी की टिप्पणियां भी उल्लेखनीय रही हैं। उन्होंने भारत की वैश्विक भूमिका की सराहना करते हुए उसे ऊर्जा संक्रमण, टेक्नोलॉजी और भू-राजनीति में एक अहम भागीदार बताया। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि भारत के बिना वैश्विक समस्याओं का समाधान संभव नहीं। उनका यह दृष्टिकोण स्पष्ट करता है कि कार्नी की सरकार भारत को एक साझेदार के रूप में देखती है, न कि समस्या के रूप में। अंतर्राष्ट्रीय अपराध और आतंकवाद के खिलाफ एक संयुक्त कार्य समूह स्थापित करने की दिशा में बातचीत भी एक सकारात्मक पहल है। इससे यह संभावना बनती है कि दोनों देश न केवल द्विपक्षीय मुद्दों पर बल्कि वैश्विक अपराध नियंत्रण में भी साझेदारी करें। भारत की ओर से यह अपेक्षा रहेगी कि कनाडा अपनी धरती पर भारत विरोधी गतिविधियों को रोकने के लिए ठोस और दिखने योग्य कदम उठाए।

प्रधानमंत्री मोदी की कनाडा यात्रा एक ऐसे संबंध को फिर से जीवित करने की दिशा में पहला ठोस कदम बनी है, जो कभी निकटता का प्रतीक रहा था। यह कहना गलत नहीं होगा कि दोनों देश अब अतीत की कड़वाहट को पीछे छोड़कर भविष्य की ओर देख रहे हैं। विश्व आज कई जटिल संकटों से गुजर रहा है, यूक्रेन युद्ध, गाजा संघर्ष, ईरान-इजरायल तनाव जैसे मुद्दों ने वैश्विक संतुलन को अस्थिर किया है। ऐसे में भारत और कनाडा जैसे लोकतांत्रिक देशों का सहयोग न केवल द्विपक्षीय स्तर पर बल्कि वैश्विक शांति और स्थिरता के लिए भी आवश्यक है। भारत का संतुलनकारी रुख, मध्यस्थता की क्षमता और नैतिक नेतृत्व इसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अलग पहचान देता है।

बहरहाल, कनाडा और भारत के बीच उच्चस्तरीय संवाद पुनः प्रारंभ हो चुका है। दोनों देशों ने यह स्वीकार किया है कि उनकी साझेदारी केवल आर्थिक लाभों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए बल्कि यह रणनीतिक, तकनीकी और सांस्कृतिक सहयोग के व्यापक आयामों को भी समाहित करे। संबंधों के इस नए अध्याय को सफल बनाने के लिए दोनों देशों को निरंतर प्रयास करने होंगे। पारस्परिक विश्वास को मजबूत करना, सुरक्षा चिंताओं को समझना और वैश्विक चुनौतियों के समाधान में साझेदारी निभाना ही वह रास्ता है, जिससे भारत और कनाडा अपने संबंधों को एक नई ऊंचाई तक ले जा सकते हैं। यह यात्रा इस मार्ग की शुरुआत है लेकिन असली काम अभी बाकी है।

## प्रसंगवश

# बढ़ती उम्र के साथ बढ़ रही हैं बीमारियां

विश्व स्वास्थ्य संगठन की आंकड़े बताते हैं कि बीते पांच दशकों के दौरान भारत में इंसान की औसत उम्र यानि जीवन प्रत्याशा में 22 साल का इजाफा हुआ और यह 70.42 साल हो गई। इसी के साथ आम आदमी का दवाई और अस्पताल का खर्च बढ़ता जा रहा हैं। सबसे बड़ी बात अधिकांश बीमारियां जीवन शैली से जुड़ी हैं जिनमें खान-पान की अनियमितता या गुणवत्ता से उपजे रोग सर्वाधिक हैं।



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

बीते एक दशक के दौरान भारत में घर से बाहर खाने, सड़क के किनारे स्नेक्स या पेय पदार्थ लेने का चलन बढ़ा है। सोशल मीडिया पर सड़क पर बिकने वाले खानों की तारीफ के हजारों चैनल हैं और इनको देख कर स्वाद-परीक्षा करने वाले करोड़ों में। हाल ही में केंद्र सरकार ने मोटापा के खिलाफ एक अभियान शुरू किया है जिसमें भोजन में तेल, चीनी और नमक की मात्रा काम अकरने पर जोर दिया जा रहा है। जरूरी यह भी है कि भोजन बेचने वाले छोटे-बड़े स्थानों पर खाना बनाने की सामग्री की गुणवत्ता, रसोई-स्थल की साफ सफाई और भोजन परोसने के तरीकों और बर्तनों के प्रति सतर्कता की दिशा में जागरूकता और कार्य किया जाए। "लैंसेट" का शोध बताता है की बीमारियों का बोझ बढ़ाने वाले 11 मुख्य कारकों में छ आहार संबंधी हैं। जान आकर आश्चर्य होगा की अब बड़ी आबादी पेट भरने के बनिस्पत स्वाद और फेशन के लिए बहुत सा आहार ले रही हैं जिसका असर सबूत अनाज, फल-सब्जी और देरी उत्पाद के साथ साथ मांसाहार पर भी दिखता है। विटामिन और सूक्ष्म पोषक की मात्रा भोजन में कम हो रही है , वहीं गैरजरूरी वसा और कार्बोहाएड्रेड बढ़ रहा है, जिससे मोटापा और उसके साथ की रोग शरीर में घर बना रहे हैं।

फ्रंटियर्स इन न्यूट्रीशन नाम की पत्रिका में छपी एक एक बड़ी रिसर्च बताती है कि जो लोग ऐसी चीजें खाते हैं जिनसे शरीर में सूजन बढ़ती है (जैसे तली-भुनी और प्रोसेस्ड चीजें), उनमें लीवर की गंभीर बीमारी होने का खतरा 16 प्रतिशत ज्यादा रहता है, जिसमें क्रोनिक लिवर डिजीज (सीएलडी) शामिल है। कुछ साल पहले हैदराबाद के उस्मानिया मेडिकल कालेज की एक टीम ने शहर में एक सर्वे किया तो पता चला की स्ट्रीट फूड में मतवाले हैदराबादी असल में स्वाद के साथ जहर निगल रहे हैं अध्ययन में पता चल की हर छठा हैदराबादी सड़क का खाना खाने के बाद बीमार पड़ता है। शहर में भेलपुरी के 45.3 प्रतिशत नमूने आंतों को नुकसान पहुंचाने वाले बैक्टिरिया से दूषित थे। चीनी फास्ट फूड तो जहर का दूसरा नाम पाया गया। इसके 90-92 प्रतिशत नमूनों में बेसिलस सेरेयस पाया गया, जो खाद्य विषाक्तता का बड़ा कारण होता है। मुंबई में मेट्रापोलिस हेल्थकेर द्वारा किए गए सर्वेक्षण में पाया गया कि मुंबई के 88 प्रदूषित सड़क खाद्य नमूने बैक्टीरिया से दूषित थे और 70 खाद्य नमूनों में से 61 में बैक्टीरिया पाए गए, जिनमें कोलीफॉर्म और फीकल स्ट्रेप्टोकोकस शामिल थे।

पिछले साल दिल्ली के सर गंगा राम अस्पताल में अक्टूबर 2024 में हेपेटाइटिस ए के अचानक मामले बढ़ कर 50 प्रतिशत तक पहुंच गए। इस पर हुए अध्ययन में 145 नमूनों में से 70 से अधिक लोग हेपेटाइटिस ए के शिकार पाए गए जिसका मुख्य कारण असुरक्षित भोजन और पानी का सेवन था। कुछ महानगर तो बस बानगी हैं शहर छोटा हो या कस्बा, सास, चटनी आदि का सेवन खतरे से खाली नहीं होता। फिर ऐसी रेहड़ियां नाले के किनारे होती हैं, जूठे डिस्पोजेबल वहीं पड़े होते हैं जिनमें आवारा पशु मुंह मारते हैं, पास में यातायात चलता रहता है और धूल उड़ती है। इस तरह का भोजन धीरे-धीरे शरीर को ऐसी बीमारियों के चपेट में पहुंचा देता हैं, जहां जेब में छेद होना और खाने में दवा की मात्रा जिंदगीभर के लिए जुड़ जाना आम बात हैं। भारत में सड़क का खाना सांस्कृतिक और सामाजिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण और मजबूरी भी है। बहुत से मेहनतकश लोगों की आर्थिक स्थिति और काम के हालत ऐसे नहीं होते कि समय पर, घर का भोजन कर सकें या फिर बाहर महंगे रेस्टोरेंट का बोझ उठाया सकें। लेकिन इसके सेवन से जुड़ी स्वास्थ्य जोखिमों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उचित निगरानी, शिक्षा, और जागरूकता के माध्यम से इन जोखिमों को कम किया जा सकता है।

# श्रम शक्ति के समक्ष बढ़ते तापमान का संकट



डॉ. आशीष वशिष्ठ
लखनऊ

> धधकते, तपते मौसम में औद्योगिक, निर्माण से लेकर रेस्तराओं और गोदामों में काम करने वाले श्रमिकों के लिए कार्य करना आसान नहीं है।

जलवायु परिवर्तन और बढ़ता तापमान एक ऐसी सच्चाई है जिसे आज चाह कर भी झुठलाया नहीं जा सकता। देखा जाए तो यह बढ़ता तापमान उन मेहनतकश लोगों का कहीं ज्यादा इम्तिहान ले रहा है जो कड़ी धूप और खुले आकाश तले पसीना बहाने को मजबूर हैं। इसकी पुष्टि अंतराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) ने अपनी नई रिपोर्ट 'इंश्योरिंग सेफ्टी एंड हेल्थ एट वर्क इन चेंजिंग क्लाइमेट' में भी की है। रिपोर्ट का कहना है कि अपने जीवन में काम के दौरान किसी न किसी मोड़ पर 241 करोड़ श्रमिकों को भीषण गर्मी का सामना करने को मजबूर होना पड़ेगा। इसका मतलब है कि दुनिया के 71 फीसदी श्रमिक या तो बढ़ते तापमान की वजह से गर्मी की मार झेल रहे हैं या उन्हें अपने काम के दौरान कभी न कभी इसका सामना करना पड़ेगा।

अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन यानी आईएलओ की एक रिपोर्ट, 'कार्यस्थल पर गर्मीः सुरक्षा और स्वास्थ्य के लिए निहितार्थ' में पाया गया है कि गर्मी एक मूक हत्यारा है जो दुनिया भर में बढ़ती संख्या में श्रमिकों के स्वास्थ्य और जीवन के लिए खतरा बन रही है। मानवीय गतिविधियों के कारण होने वाली ग्लोबल वार्मिंग प्रति दशक 0.26 डिग्री सेल्सियस की दर से बढ़ रही है। शहरों में जब लोग एसी के रिमोट से टेंपरेचर ऊपर-नीचे कर रहे होते हैं, उसी दौरान मजदूर कहीं खेत या किसी घर की दीवारों की ईंट उठाते हुए पसीना बहा रहे होते हैं।

धधकते, तपते मौसम में औद्योगिक, निर्माण से लेकर रेस्तराओं और गोदामों में काम करने वाले श्रमिकों के लिए कार्य करना आसान नहीं है। हालांकि सबसे बड़ा संकट खुले में काम करने वाले श्रमिकों के लिए है। देश की करीब 90 फीसदी श्रम शक्ति अनौपचारिक क्षेत्र से जुड़ी है। ज्यादातर मामलों में इन श्रमिकों को चिलचिलाती धूप, बारिश, आंधी-तूफान के बीच खुले में काम करना पड़ता है। उनके लिए न तो पर्याप्त सुविधाएं हैं और न ही सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम। ऐसे में इन किसानों, श्रमिकों को हर दिन अपना और अपने परिवार का पेट भरने के लिए खतरों से दो-चार होना पड़ता है।

'लेबरिंग थ्रू द क्लाइमेट क्राइसिस' नाम से एक रिपोर्ट वर्कर्स कलेक्टिव फॉर क्लाइमेट जस्टिस-साउथ एशिया और ग्रीनपीस इंडिया ने तैयार की है जो असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की गर्मी से जुड़ी चिंताओं पर रोशनी डालती है। इसमें अनुमान लगाया गया है कि तापमान में एक डिग्री सेल्सियस की वृद्धि से असंगठित क्षेत्र के मजदूरों की आमदनी में 19 फीसदी की कमी आती है और भीषण गर्मी उन्हें कठिन विकल्पों में से चुनाव करने को मजबूर करती है। यानी या तो वो ख़ुद को सुरक्षित करने का जतन करें या आजीविका कमाएं। इस रिपोर्ट में ये भी रेखांकित किया गया है कि गर्मी सिर्फ़ आजीविका पर ही असर नहीं डालती बल्कि श्रमिकों के स्वास्थ्य पर भी बुरा असर डालती है।

वन अर्थ द्वारा 2022 में 68 देशों में किए गए अध्ययन जिसका शीर्षक राइजिंग टेम्परेचर इरोड ह्यूमन स्लीप है, के अनुसार विश्व स्तर पर लोगों की नींद प्रभावित हुई, जिससे पता चला है कि गर्म तापमान की वजह से लोग कम नींद ले पाते हैं। बुजुर्ग, महिलाएं और कम आय वाले देशों के लोग इससे सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। 2099 तक, बढ़ता तापमान एक साल में प्रति व्यक्ति की 50-58 घंटे की नींद कम कर सकता है।

आइएलओ की 2019 की रिपोर्ट 'वर्किंग ऑन ए वार्मर प्लेनेट–द इम्पैक्ट ऑफ़ हीट स्ट्रेस ऑन लेबर प्रोडक्टिविटी एंड डिसेंट वर्क' में चेतावनी दी गई है कि भारत में हीट स्ट्रेस के कारण 2030 में 5.8 प्रतिशत काम के घंटे कम होने की उम्मीद है। अपनी बड़ी आबादी के चलते देश 2030 में 3.4 करोड़ लोगों को अपनी नौकरियां खोनी पड़ सकती हैं।

विश्व बैंक की 2022 की एक और रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि 2030 तक, पूरे भारत में सालाना 16 से 20 करोड़ से ज्यादा लोगों के घातक गर्मी की चपेट में आने की संभावना है। विशेषज्ञों के अनुसार, भारतीय शहर जलवायु पैटर्न में होने वाली तब्दीलियों के प्रति तेजी से संवेदनशील होते जा रहे हैं, जिससे असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले श्रमिकों को बड़ा खतरा है। इस संदर्भ में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग का हस्तक्षेप बेहद महत्वपूर्ण है। आयोग ने राज्यों को दिशा-निर्देश जारी किए हैं कि वे कमजोर लोगों, खासकर आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों, बाहरी कामगारों, बुजुर्गों, बच्चों और बेघर लोगों की सुरक्षा के लिए तत्काल एहतियाती कदम उठाएं, जो पर्याप्त आश्रय और संसाधनों की कमी के कारण जोखिम में हैं।

## सोशल फोरम

# अंधकार कोई प्रतीक नहीं



अशोक कुमार वर्मा
सेवानिवृत्त आईपीएस

समाज, अपनी जटिलता और विरोधाभासों के साथ, एक ऐसा दृश्य रचता है, जिसमें प्रकाश और अंधकार एक-दूसरे से अजनबी बने रहते हैं। जो लोग विशेषाधिकारों की रोशनी में जीते हैं-संपत्ति, शिक्षा, अवसर और मान की विरासत के साथ-उनके लिए जीवन एक स्वाभाविक सहजता में बहता है। वे चमकते नगरों, स्वचालित सुविधाओं, और स्वीकृति से सजे मंचों के अभ्यस्त हैं। इस उजाले की चकाचौंध में वे यह देखने से चूक जाते हैं कि समाज के एक बड़े हिस्से के लिए यह प्रकाश कभी पहुंचा ही नहीं। उनके लिए अंधकार कोई प्रतीक नहीं, बल्कि यथार्थ है-जीवन का कठोर, कटु और उपेक्षित यथार्थ।

इतिहास गवाह है कि जिन लोगों ने अंधकार को झेला है, उन्होंने ही उस प्रकाश की तीव्रता को सबसे पहले महसूस किया है, जो दिखने में उजाला होता है, पर भीतर से तिरस्कार और वंचना से भरा होता है। उन लोगों ने सत्य को अपनी त्वचा की सिलवटों में जिया है, और अब जब वे जाग रहे हैं-पढ़ रहे हैं, लिख रहे हैं, संगठित हो रहे हैं-तो वे किसी करुणा की याचना नहीं करते। वे पूछते हैं, प्रश्न उठाते हैं, और अपने अनुभवों के आधार पर उस सत्य की पुनर्रचना करते हैं, जो लंबे समय तक केवल विशेषाधिकारियों के शब्दों में बंधा रहा।

यह पुनर्रचना कोई विद्रोह नहीं, बल्कि न्याय की मांग है। यह मांग बताती है कि एकांगी दृष्टि से गढ़े गए समाज को अब उन आंखों से भी देखना होगा, जो अंधेरे की आदत में पारदर्शी हो गई हैं। उन्हें न ज्ञान की जरूरत है, न कृपा की-उन्हें चाहिए मान्यता, भागीदारी और वह सम्मान, जो किसी भी सामाजिक संरचना को नैतिक बनाता है। और यह भी याद रखा जाना चाहिए कि किसी राष्ट्र की आधुनिकता केवल तकनीकी प्रगति या बाज़ार की चमक में नहीं मापी जा सकती। वह इस बात से मापी जाती है कि उसमें रहने वाले सभी नागरिकों को गरिमा, अवसर और विकास का अधिकार है या नहीं। अगर कुछ लोग आगे बढ़ भी जाएं, पर समाज के बड़े हिस्से को पीछे छोड़ दिया जाए, तो वह राष्ट्र समग्र रूप से न तो शक्तिशाली बन सकता है, न ही स्थायी रूप से सुखी।

**-फेसबुक वॉल से**

# हर तरफ युद्ध, नागरिक अभिशप्त



अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

> इजराइल के समर्थक ट्रंप का रुख कभी भी स्पष्ट नहीं रहा है। पहलगाम हमले के बाद जब भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव गहरा गया था तब भी ट्रंप ने यही नीति अपनाई, जिसे कोई नहीं समझ पाया।

ईरान और इजराइल लगातार संघर्षरत हैं। इजराइल से अमेरिका के अपने स्वार्थ बंधे हुए हैं। दोनों देशों के बीच मजबूत द्विपक्षीय संबंध हैं। जिसमें संयुक्त सैन्य अभ्यास, सैन्य अनुसंधान सबसे महत्वपूर्ण है। इजराइल इस बात को अच्छी तरह जानता है कि अगर अमेरिका को पश्चिम एशिया में अपने हितों की रक्षा करनी है तो इजराइल का साथ देना होगा। अगर अमेरिका चाहता तो ईरान पर इजराइल के हमले को रोक सकता था पर उसने ऐसा नहीं किया।

डोनाल्ड ट्रंप ने बिना शर्त समर्पण की चेतावनी दी। जिसे खारिज करते हुए ईरान के प्रमुख नेता 86 वर्षीय अयातुल्ला खामेनेई ने कहा है कि अगर अमेरिका इजराइल और ईरान के बीच में युद्ध में कूदा तो परिणाम गंभीर होंगे। खामेनेईका साफ कहना है कि ईरान कभी भी आत्मसमर्पण नहीं करेगा।

युद्ध में आम जनता बेमौत मारी जाती है। ईरान में भारत के भी हजारों लोग फंसे हैं। जिनमें मेडिकल कॉलेज में पढ़ने वाले और तकनीकी शिक्षा प्राप्त कर रहे छात्र छात्राएं हैं। युद्ध के चलते यातायात के हवाई मार्ग बंद हैं। अपने नागरिकों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने की जिम्मेदारी भारत सरकार की बनती है जिसके लिए वह प्रयासरत है। छात्रों को बसों के जरिए सुरक्षित स्थानों में भेजा जा रहा है और जिनका कहीं जाना संभव नहीं है उन्हें घर के भीतर ही सुरक्षित रहने के निर्देश मिले हैं। पर सोचना यह है कि आज इंसान घर के भीतर भी कहां सुरक्षित है। अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना ने इस याद को और ताजा कर दिया है। मेडिकल के भी सारे छात्र भी तो अपने हॉस्टल और मेस में खुद को सुरक्षित समझ रहे थे। रॉकेट और मिसाइल के उपयोग ने हर पल हमारी सुरक्षा पर दांव लगाया है। कई छात्र आर्मेनिया की तरफ बढ़ रहे हैं। भारत ने हमेशा अलग-अलग देशों में युद्ध के दौरान भारतीय नागरिकों के साथ ही साथ पड़ोसी देशों के नागरिकों को भी बाहर निकाल कर संवेदनशीलता का परिचय दिया है और इसी का कर्ज उतारते हुए ईरान के पड़ोसी देश आर्मेनिया इस मुश्किल की घड़ी में इंसानियत के नाते भारतीय छात्रों को मदद को आगे आ रहा है। गाजा संघर्ष , यूक्रेन-रूस युद्ध और बहुत सारे देशों के संघर्ष में नागरिकों की दुर्दशा हम देखते आए हैं। अपने कुटिल स्वार्थ की पूर्ति के लिए राजनेता देश को युद्ध की भेंट चढ़ा देते हैं। ऐसे में आम नागरिक अभिशप्त जीवन जीते हैं।

इजराइल के समर्थक ट्रंप का रुख कभी भी स्पष्ट नहीं रहा है। पहलगाम हमले के बाद जब भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव गहरा गया था तब भी ट्रंप ने यही नीति अपनाई, जिसे कोई नहीं समझ पाया। वहीं पाकिस्तान के सेवा प्रमुख जनरल आसिम मुनीर ने भारत पाकिस्तान के बीच संभावित परमाणु युद्ध रोकने के लिए ट्रंप को शांति का नोबेल दिए जाने की मांग की और बीते कुछ दिनों पहले ट्रंप द्वारा उन्हें व्हाइट हाउस में आमंत्रित भी किया गया था। भारत संघर्ष विराम में अमेरिका या किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता या भूमिका से लगातार इनकार करता रहा। ये सच है कि अखंडित एकता को अगर अपनी शक्ति बना लें तो हम एक मजबूत लोकतंत्र हैं, हमें अमेरिका की जी हुजूरी करने की कोई जरूरत नहीं है। हालांकि इस संदर्भ में भारतीय प्रधानमंत्री ने जी 7 शिखर सम्मेलन में अमेरिका और पश्चिमी देशों का नाम लिए बिना निशाना साधते ते हुए कहा कि अपने हितों की बात जहां पर हो, वहां पर देश पर तुरंत प्रतिबंध लगा दिया जाता है और आतंकवाद का समर्थन करने वाले देश को पुरस्कृत किया जाता है। बाद में टेलीफोन वार्ता के दौरान ट्रंप ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई को सीधा समर्थन देने की घोषणा की है।

इस संदर्भ में बहुत पहले पढ़ी गई भूतपूर्व अमेरिकी राजनीतिज्ञ हेनरी किसिंजर की यह पंक्तियां आज के संदर्भ में सटीक बैठती हैं, "यूनाइटेड स्टेट्स हेज़ नो परमानेंट फ्रेंड्स और एनिमीज़. ओन्ली इंटरेस्ट्स." उन्होंने यह भी कहा था कि अमेरिका का दुश्मन होना खतरनाक है लेकिन दोस्त होना घातक है। याद रहे कि किसिंजर को 1973 में शांति का नोबेल पुरस्कार प्राप्त हुआ था। ट्रंप को भी मिल जाए तो कोई आश्चर्य की बात नहीं। फिलहाल वर्तमान हालात के संदर्भ में भी चीन और रूस के नजरिए को भी भांपने की जरूरत है। जहां तक पाकिस्तान की बात है वह निश्चित ही चीन के इशारों पर नाचेगा। हैरानी की बात यह है कि संयुक्त राष्ट्र एक मोहरा बनकर रह गया है जिस उद्देश्य से इसकी स्थापना हुई थी उसे पूरा करने में यह हमेशा से नाकाम रहा है। न जाने कब तक युद्ध की आग में धधकती रहेगी धरती। पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन और संवर्धन के मुद्दों का क्या होगा? निर्दोष आम नागरिकों की जिंदगी का क्या होगा? यह सब सवाल भविष्य के पर्दे के पीछे हैं जिनसे शक्तिशाली राष्ट्रों का कुछ लेना-देना नहीं क्योंकि वे सिर्फ धमकी देना और विस्तार वाद की नीति जानते हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- bly.editor@amritvichar.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## एक नजर

### पीलीभीत में युवा संस्कार शिविर का समापन

**पीलीभीत, अमृत विचार :** भारतीय योग संस्थान के तत्वावधान में अशोक कॉलोनी ग्राउंड में चल रहे युवा संस्कार शिविर का समापन हुआ। सातवें व अंतिम दिन गुरुवार की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलित करके की गई। जिला प्रधान सतीश शर्मा, मंत्री अनिल मैनी, क्षेत्रीय प्रधान विनय आनंद, चिरौंजी लाल विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य सुभाष, शिविर संयोजिका निर्मला धमेजा, डॉ. डीपी त्रिपाठी ने बच्चों ने योग के फायदे बताए। अंतिम दिन शिविर में करीब 60 साधकों व विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। विभिन्न आसन प्राणायाम व ध्यान का अभ्यास कराया गया। बच्चों ने कुछ विशिष्ट आसनों की प्रतियोगिता में भाग लिया। निर्मला धमेजा ने बच्चों को बौद्धिक खेल खिलाए। योग प्रतियोगिता में सार्थक व सूर्यांश ने संयुक्त रूप से प्रथम, ईशांत ने द्वितीय और भूमि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। युवा संस्कार शिविर में आए सभी बच्चों को तुलसी के पौधे भेंट किए गए।

### मायके से विवाहिता को भगा ले गया युवक

**घुंघचिहाई, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के एक ग्रामीण ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि ससुराल में थोड़ी अनबन होने पर तीन माह से उनकी 27 वर्षीय पुत्री उनके पास रह रही थी। आरोप है कि 18 जून को गजरौला थाना क्षेत्र के गांव का रहने वाला एक युवक उनकी पुत्री को बहला फुसला कर ले गया।

# सावन से पहले तीर्थ समेत मुख्य मार्ग के कार्य होंगे पूरे

## गोकर्णनाथ तीर्थ क्षेत्रः सौंदर्यीकरण के कार्यों में तेजी से जुटी यूपीपीसीएल की कार्यदायी संस्था रीना कंस्ट्रक्शन

**शिव मंदिर कॉरिडोर**

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ



गोकर्ण तीर्थ की सीढ़ियों पर लगाए जा रहे लाल पत्थर। ● अमृत विचार



तीर्थ के दक्षिण यात्री विश्रामालय की दीवार बनाते श्रमिक। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** सावन नजदीक होने के चलते कार्यदायी संस्था शिव मंदिर कॉरिडोर सौंदर्यीकरण के कार्यों को तेजी से पूरा कराने में जुट गई है। सावन में श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो इसके लिए गोकर्ण तीर्थ सहित प्रमुख मार्गों, नाला, नाली निर्माण के कार्यों को शीघ्रता से पूरा कराया जा रहा है।

छोटी काशी के शिव मंदिर कॉरिडोर सौंदर्यीकरण का कार्य 11 जुलाई से आरंभ हो रहे सावन को ध्यान में रखकर तेजी से कराया जा रहा है। श्रद्धालुओं को सावन में पौराणिक शिव मंदिर में दर्शन, पूजन, जलाभिषेक और कावड़ चढ़ाने में कोई असुविधा न हो, इसके लिए यूपीपीसीएल की कार्यदायी संस्था रीना कांस्ट्रक्शन के अवर अभियंता विवेक वाजपेयी ने गोकर्ण तीर्थ का सौंदर्यीकरण कराने, उसमें जल भरवाने, तीर्थ की ऊपरी सीढ़ियां पर रेड स्टोन लगवाने, शिव मंदिर के निकट तीर्थ पर बने प्लेटफार्म पर सीढ़ियां बनवाने, गोकर्ण तीर्थ से मलवा, पत्थर, बजरी हटवाने का कार्य शुरू करा दिया है। उनकी देखरेख में पौराणिक शिव मंदिर कॉरिडोर के जल निकास के लिए ढहाई गई जिला पंचायत की दुकानों से मूनलाइट स्टूडियो तक 160 मीटर नाला निर्माण का कार्य पूर्णता की ओर है।

स्टेशन रोड पर ढहाई गई अंगद धर्मशाला के पास बनने वाले मुख्य प्रवेश द्वार के दक्षिण की ओर डल्लूराम धर्मशाला के पास बाउंड्रीवॉल का कार्य भी तेजी से चल रहा है। जेई विवेक वाजपेयी ने बताया कि उनका पूरा प्रयास रहेगा कि सावन शुरू होने से पहले गोकर्ण तीर्थ की साफ, सफाई कराके उसमें जल भरवा दिया जाए और पौराणिक शिव मंदिर जाने वाले प्रमुख मार्ग और गलियों के कार्यों को पूरा करा लिया जाए ताकि सावन में आने वाले लाखों शिव भक्तों, कांवड़ियों को कोई असुविधा न हो। कानपुर धर्मशाला में कैफेटेरिया का निर्माण कार्य भी प्रगति पर है।

गोकर्ण तीर्थ के पश्चिम दक्षिण कोने में कार्यदायी संस्था का अस्थाई कार्यालय भी लगभग तैयार हो चुका है, जहां कॉरिडोर सौंदर्यीकरण के कार्यों की मॉनिटरिंग की जाएगी। अस्थाई कार्यालय के सामने यात्री विश्रामालय के लिए भी प्लेटफार्म तैयार किया जा रहा है और बाउंड्रीवॉल का कार्य भी कराया जा रहा है। छोटी काशी में सावन का विशेष महत्व है। विशेषकर सावन के सोमवार को शिव भक्तों की आस्था का सैलाब छोटी काशी में उमड़ता है।

### विभिन्न विकास कार्यों का पालिकाध्यक्ष ने किया निरीक्षण

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने अधिशासी अधिकारी सुरेन्द्र कुमार के साथ नगर के मंगला देवी मंदिर में 153 .40 लाख से हो रहे सौंदर्यीकरण, 33 .40 लाख से हो रहे मुक्तिधाम के कायाकल्प और 97 लाख से भद्रकुण्ड के सौंदर्यीकरण के साथ आगामी माह में होने वाले सावन मेले के दृष्टिगत तीर्थ एवं कॉरिडोर निर्माण की प्रगति का स्थलीय निरीक्षण किया। पालिका अध्यक्ष ने कहा कि सावन में भोले बाबा का जलाभिषेक करने के लिए लाखों की संख्या में श्रद्धालु आते है। उन्हें किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए अधीनस्थों को निर्देशित किया है। निरीक्षण में अधिशाषी अधिकारी सुरेन्द्र कुमार, खाद्य एवं सफाई निरीक्षक संदीप कुमार वर्मा, जेई आदर्श मिश्रा, जेई अनिल कुमार यादव, जेई पर्यटन विभाग विवेक बाजपेई, मोहित अवस्थी, रविन्द्र कटियार, विजय मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# सत्यापन मुद्रांकन न होने पर बंद कराया धर्मकांटा

**पीलीभीत, अमृत विचारः** डीएम के निर्देश पर टीम ने धर्मकांटों और राइस मिलों की जांच की गई, जिसमें बिना सत्यापन मुद्रांकन के धर्मकांटा संचालित होता मिला। इस पर उसे विधिक निस्तारण तक बंद कर दिया गया।

डीएम ज्ञानेंद्र सिंह के निर्देश के पर कलीनगर तहसील की राइस मिलों एवं अन्य धर्मकांटों की सधनता से टीम ने जांच की। निरीक्षण के दौरान सिंह धर्म कांटा जमुनिया बिना सत्यापन मुद्रांकन के चलते पाया गया। इसको विधिक निस्तारण तक बंद किया गया। राइस मिलों के धर्मकांटों के निरीक्षण के समय वजन निर्धारित मानक के अनुरूप पाए गए। निर्धारित क्षमता से कम टेस्ट बांट पाए जाने पर चालान किया गया। इसी क्रम में अन्नपूर्णा धर्म कांटा पर घटतौली की शिकायत पाई गई, जिससे उक्त कांटों को सीज कर दिया गया। यह भी बताया कि डीएम के निर्देशों के अनुपालन के क्रम में निरीक्षण की प्रक्रिया आगे भी जारी रहेगी।



धर्मकांटे की जांच करने पहुंची टीम। ● अमृत विचार

# ऊपर तक जा रहा हिस्सा तो कैसे रुके अवैध खनन

संवाददाता, सिंगाही

- दिन ढलते ही शुरू हुआ खनन दिन निकलने तक चलता है बेरोकटोक
- खनन भरी ट्रैक्टर-ट्राली से शिव मंदिर टूटने पर भी नहीं जागा प्रशासन

> अभी स्टाफ मीटिंग चल रही है। खनन के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर भी रहे हैं। वायरल वीडियो की जांच कर खनन में शामिल लोगों पर कार्रवाई होगी।
>
> –राजीव निगम, एसडीएम, निगम।

**अमृत विचारः** थाना क्षेत्र में इन दिनों सफेद रेत का काला कारोबार बड़े पैमाने पर फलफूल रहा है। जेसीबी से खनन माफिया नदी की कोख खाली कर बालू डंप कर रहे हैं। ऐसा नहीं है कि जानकारी खनन विभाग, तहसील प्रशासन और पुलिस को नहीं है। इसके बाद भी अफसर अवैध खनन पर रोक लगाने के प्रयास नहीं कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जब अर्दली से लेकर अफसरों तक हिस्सा जाता है तो इस पर रोक कैसे लगेगी। आरोपों से बचने के लिए महीने में एक-दो कार्रवाई कर अफसर भी कागजी कोरम पूरा कर लेते हैं।

थाना क्षेत्र की मोतीपुर स्थित जौरहा नदी के माझा घाट, दरेहटी घाट, मोतीपुर पुल समेत कई जगहों पर अंधाधुंध अवैध रेत खनन का काला कारोबार चल रहा है, जबकि सरजू नदी पर कोई भी खनन का पट्टा नहीं है। दो साल से इस कारोबार ने अधिक तेजी पकड़ी है। अधिक शिकायतें होने पर कभी-कभार तहसील प्रशासन एक-दो ट्रैक्टर-ट्रालियों को पकड़कर कार्रवाई कर अपना पल्ला झाड़ लेती है। दो दिन पहले अवैध खनन कर जा रही ट्रैक्टर-ट्राली ने मोतीपुर स्थित एक शिव मंदिर में टक्कर मार दी थी, इससे मंदिर क्षतिग्रस्त हो गया था। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। वीडियो वायरल होने के बाद भी पुलिस, तहसील प्रशासन और खनन विभाग की चुप्पी नहीं टूटी। यही वजह है कि धड़ल्ले से बालू खनन का कार्य तेजी से हो रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि इससे पहले भी अवैध रेत से भरी ट्राली के टकराने से मंदिर टूट चुका है, जिसे ग्रामीणों ने आपसी सहयोग से ठीक कराया था।

कुछ लोगों ने खनन का वीडियो भी एक्स पर पोस्ट किया है और पुलिस, तहसील प्रशासन के साथ खनन विभाग की मंशा पर भी सवाल उठाए हैं। एक्स पर खीरी पुलिस ने सिंगाही पुलिस को कार्रवाई के आदेश तो दिए हैं, लेकिन अभी तक नतीजा शून्य है। उधर ग्रामीणों ने तहसील प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि जब खनन माफिया अर्दली से लेकर अफसरों तक हिस्सा पहुंचाते हैं तो साहब कैसे सख्ती के साथ कार्रवाई करेंगे। यदि प्रशासन ईमानदारी के साथ सख्ती करे तो खनन पर काफी हद तक अंकुश लग सकता है।

# अश्लील फोटो एडिट कर युवती को भेजा

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- गांव त्रिलोकपुर निवासी आरोपी मांग रहा रंगदारी

**अमृत विचारः** थाना मझगई के गांव त्रिलोकपुर निवासी एक युवक ने युवती के फेसबुक और इंस्टाग्राम आईडी से उसकी फोटो उठा ली और उसे एडिट कर अश्लील बनाकर युवती के ही मोबाइल पर भेज दिया। यह देख युवती के होश उड़ गए। उसने जब फोटो डिलीट करने के लिए कहा तो वह रुपये की मांग करने लगा। पीड़िता की तहरीर पर थाना साइबर सेल पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शहर निवासी एक युवती ने बताया कि वह फेसबुक और इंस्टाग्राम चलाती है। उसकी शादी भी तय हो चुकी है। थाना मझगईं के गांव त्रिलोकपुर निवासी अंकित कुमार नाम के युवक ने उसकी फेसबुक व इंस्टाग्राम आईडी से कुछ तस्वीरों का स्क्रीन शॉट ले लिया और फोटो को एडिट कर अश्लील बनाकर युवक ने उसके मोबाइल पर भेज दिया। उसने जब आरोपी से फोटो डिलीट करने को कहा तो वह रुपये मांगने लगा। 9 जून को उसके पिता ने आरोपी से मोबाइल पर बात की तो उसने युवती और उसके होने वाले पति को जयमाल पर ही गोली मारने की धमकी दी। युवती ने 10 जून को थाना साइबर सेल पुलिस को तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। पीड़िता तीन दिन पहले एसपी संकल्प शर्मा से मिली और पूरी बात बताई। एसपी के आदेश पर थाना साइबर सेल पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# बिजली संकटः शहर में फिर घंटों रही गुल

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- बुधवार को देर रात तक फाल्ट सुधारती रही टीमें, गुरुवार को दिन भी में आई खराबी
- मानसून की शुरुआत से पहले ही बिगड़ गई व्यवस्था, स्थायी समाधान नहीं

**अमृत विचारः** एक बार फिर फाल्ट के बाद बिजली व्यवस्था लड़खड़ा गई। देर रात तक शहर की बिजली गुल रही और उपभोक्ता परेशान हुए। दूसरे दिन भी कई बार फाल्ट हुए। इसके बाद टीमें पहुंची और सुधार कराया। हालांकि अभी भी स्थायी इंतजाम नहीं हो सका है।

पिछले कई दिनों से बिजली रूला रही है। बुधवार रात को भी व्यवस्था लड़खड़ा गई। रात करीब दस बजे 33 केवी रामलीला लाइन में फाल्ट हुआ। इसका सुधार हो पाता, उससे पहले ही नकटादाना सब स्टेशन से जुड़े क्षेत्र की सप्लाई गुल हो गई। इसके बाद उपभोक्ता परेशान होते रहे। बिजली विभाग की टीमें भी सुधार कार्य में जुटी रही। रात करीब दो बजे के बाद सप्लाई चालू हो सकी। गुरुवार सुबह करीब साढ़े छह बजे दोबारा सप्लाई लड़ा गई। एकता नगर की बिजली गुल हो गई। इसके बाद निरंजन कुंज, देशनगर, आसफजान, लाल रोड आदि इलाकों में भी सप्लाई लड़खड़ाई रही। छिटपुट फाल्ट होते रहे और बिजली की आंख मिचौली चलती रही। अवर अभियंता जहांगीर आलम ने बताया कि फाल्ट के चलते कुछ देर सप्लाई बाधित रही। इसका रात में ही सुधार करा दिया गया था।



रामलीला लाइन में हुए फाल्ट को ठीक करती टीम। ● अमृत विचार

# टूरिज्म को बढ़ावा देने को शहर में बनवाएं दार्शनिक स्थल

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



लखनऊ में हुई बैठक में शामिल पीलीभीत नगरपालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल।

- स्मार्ट पालिका बनाने के लिए चेयरमैन ने लखनऊ बैठक में दिए सुझाव

**अमृत विचारः** नगर पालिका को स्मार्ट सिटी में शामिल करने के संबंध में पीलीभीत नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने नगर विकास निदेशालय में प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात के समक्ष हुई बैठक में कार्ययोजना पर विचार रखे, जिसमें स्मार्ट पालिका बनाए जाने के अंतर्गत क्या-क्या कार्य किया जा सकते हैं, कई बिंदुओं पर सुझाव दिए।

नगरपालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने बताया कि लखनऊ में हुई बैठक में स्मार्ट पालिका को लेकर कई प्रस्ताव रखे गए हैं। पीलीभीत टाइगर रिजर्व शहर से कुछ किलोमीटर की दूरी पर है। ऐसे में शहर में ऐसे प्वाइंट बनाए जाने पर जोर दिया है, जिससे टूरिज्म को बढ़ावा मिले। दार्शनिक स्थल बनाए जाने से टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा। टूरिज्म बढ़ने से लोगों का रोजगार भी बढ़ेगा और टाइगर रिजर्व की तरह पीलीभीत शहर भी विश्व मानचित्र पर अपनी विशेष जगह बना सकेगा। सफाई व्यवस्था और इसकी मॉनिटरिंग करने पर जोर दिया। यातायात व्यवस्था में शहर में भीड़-भाड़ वाले इलाकों में वन वे और निर्धारित समय के लिए भारी वाहनों की नो एंट्री की रूपरेखा तैयार करने संबंधी सुझाव रखे गए हैं।

# मॉर्निंग वॉक पर महिला के बाले नोच ले गया उचक्का

**बेहजम, अमृत विचारः** कस्बा बेहजम के गांव धवरपुर निवासी बेवा लल्ली पत्नी कृष्ण कुमार गुरुवार सुबह मॉनिग वॉक करने निकलीं थीं। एसबी पटेल विद्यालय के पास से कुछ कदम आगे बढ़ीं, इस बीच एक युवक ने पीछे से उनके दोनों कानों पर झपट्टा मारा और सोने के दोनों बाले नोच कर पास में खड़ी बाइक पर बैठकर भाग निकला। महिला के शोर मचाने पर मॉर्निंग वॉक कर रहे कुछ लोग मौके पर पहुंचे। इससे पहले बदमाश भूलनपुर मार्ग पर आंखों से ओझल हो गया। सूचना पर पुलिस पहुंची और पीड़िता से जानकारी ली। पुलिस ने पास में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले। इनमें महिला के कुंडल नोचने वाले बदमाश की फुटेज कैद हुई है। सीओ जितेंद्र कुमार परिहार ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली है। घटना के खुलासे के लिए टीम लगाई है। सीसीटीवी फुटेज भी देखे जा रहे हैं।

# एसएसबी जवानों ने निरोगी रहने के लिए किया योग

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी



एसएसबी 70वीं बटालियन परिसर में योग करते जवान और अधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** 70वीं वाहिनी एसएसबी परिसर में गुरुवार को योगाभ्यास कार्यक्रम हुआ। इसमें कमांडेंट राजन कुमार श्रीवास्तव की मौजूदगी में कॉमन योगा प्रोटोकॉल का अभ्यास कराया गया। कमांडेंट ने बताया कि योगाभ्यास शिविर का उद्देश्य सभी बल कार्मिकों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से मजबूत बनाना और योग को जीवन शैली का हिस्सा बनाना है। योग का अभ्यास प्रशिक्षक अमित शुक्ला आने काया और इससे होने वाले फायदे बताए। कमांडेंट ने कहा कि योग तनाव प्रबंधन का प्रभावी माध्यम है और यह राष्ट्रीय एकता की भावना को भी सशक्त करता है। सभी जवान अपने घर परिवार के लोगों को योग से होने वाले फायदे बताएं और इसका निरंतर अभ्यास करें। शिविर में उप कमांडेंट अरुण कुमार, विश्वनाथ मिश्रा, समीर राणा, आदि मौजूद रहे।

### योग दिवस के प्रति जागरूक करने को निकली बाइक रैली

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर गुरुवार को बाइक रैली का आयोजन किया गया। रैली में शामिल लोगों ने नगरवासियों को शनिवार को राजापुर मंडी में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जागरूक किया। योग जागरूकता बाइक रैली को क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. हरबंश कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। बाइक रैली शहीद भगत सिंह पार्क से सौजन्या तिराहा, गुरूगोविंद सिंह चौक, हीरालाल धर्मशाला से बड़ा चौराहा होते हुए मौजी नसिरूद्दीन मैदान पहुंचकर समाप्त हुई। बाइक रैली में शामिल लोगों ने करें योग–रहे निरोग, योग दिवस मनाना है विश्व को स्वस्थ बनाना है के नारे लगाकर राहगीरों को जागरूक किया। इस दौरान जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुरेंद्र कुमार सिंह, प्रभारी चिकित्साधिकारी सतेन्द्र पाल सिंह, डॉ. विवेक रंगलानी, प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. इरफान, डॉ. शादाब, डॉ.देवेंद्र, फार्मासिस्ट अरविंद कुमार, योग प्रशिक्षक कुलदीप कुमार वर्मा, डॉ. लोकेश सिंह, सुरेन्द्र अग्रवाल, राजेश रस्तोगी, राकेश कुमार व रामनरेश चौधरी, प्रभात जयसवाल आदि शामिल रहे।

**सपा कार्यालय विवाद** | ईओ आवास पर कब्जा लेने के बाद भी निगरानी, फोर्स रही तैनात, रंगरोगन के बाद हर तरफ चस्पा दिखाई दिए ईओ आवास के पोस्टर

# सत्ता में रहते कार्यालय नहीं बना पाए पुराने पदाधिकारी, अब उठ रहे सवाल

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत




नकटादाना चौराहा पर कब्जा लेने के बाद नगरपालिका का ईओ आवास।

**अमृत विचारः** कई साल तक सत्ता में रहने और दो-दो मंत्रियों के होने के बाद भी समाजवादी पार्टी के नेता उस दौर में अपना कार्यालय नहीं बना सके। अब जब नगरपालिका ने अपने भवन पर कब्जा ले लिया है, तो ये बात भी चर्चा का विषय बन गई है कि उस वक्त के पदाधिकारी, जनप्रतिधियों की ओर से बरती गई लापारवाही अब वर्तमान में सपा पर भारी पड़ गई है।

सोशल मीडिया पर भी इसे लेकर टिप्पणियां व पोस्ट की जा रही हैं। फिलहाल अभी नकटादाना चौराहा पर स्थित ईओ आवास में संचालित हो रहे सपा कार्यालय को खाली कराने का मामला अभी पूरी तरह से थमा नहीं है। एक दिन पूर्व नगरपालिका ने भले ही अपने आवास पर कब्जा ले लिया है। मगर, अभी भवन के भीतर सपा कार्यालय का सामान रखा हुआ है। दूसरे दिन भी पुख्ता निगरानी चलती रही। पुलिस पीएसी दिनभर तैनात रही।

बता दें कि 18 जून की सुबह सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर, एसडीएम सदर आशुतोष गुप्ता, सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी, ईओ संजीव कुमार भारी पुलिस बल के साथ पहुंचे थे। इसके बाद नगरपालिका ईओ आवास पर कब्जा ले लिया था। वहां पर समाजवादी पार्टी की रंगाई पुताई को हटवा दिया गया। झंडे उतार दिए गए और रंगाई पुताई कराकर ईओ आवास लिखवा दिया गया था। कई फ्लैक्स भी लगा दिए गए थे। विरोध करने पर सपा जिलाध्यक्ष समेत कई कार्यकर्ताओं को पुलिस ने तीन घंटे हिरासत में रखने के बाद छोड़ दिया था। इस भवन पर सपा का ताला पहले ही डला था, उसे तोड़ा नहीं गया बल्कि उसी पर नगरपालिका ने अपने ताले लगा दिए हैं। भवन को खाली नहीं कराया जा सका है। जिसके लिए अभी प्रक्रिया चल रही है। ऐसे में गुरुवार को सन्नाटे के बीच पूरे दिन पुलिस और पीएसी तैनात रहकर निगरानी करती रही। वहीं, जब आवंटन हुआ था तो सपा सरकार थी। इसके बाद भी सपा की सरकारें रहीं। दो-दो मंत्री, जिला पंचायत अध्यक्ष समेत अन्य जनप्रतिनिधि सपा से रहे। मगर, न तो कार्यालय को लेकर चल रही प्रक्रिया मजबूत हुई न ही सपा अपना कार्यालय बना सकी। अब इस बिंदु पर भी पुराने पदाधिकारी व जनप्रतिनिधियों की कार्यशैली पर सवाल उठाए जाने लगे हैं।इसे लेकर कुछ पोस्ट सोशल मीडिया पर भी की गई है, जिससे मामला चर्चा का विषय बना हुआ है।

### हाईकमान को भेजी रिपोर्ट, न्यायालय में दिया एक और प्रार्थना पत्र

समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा की ओर से इस पूरे प्रकरण की जानकारी हाईकमान को भेज दी गई है। उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को इसकी जानकारी दी है। वहीं, एक और प्रार्थना पत्र न्यायालय में दिया गया है। उन्होंने बताया कि कार्यालय के तमाम आवश्यक एवं गोपनीय दस्तावेज, संविधान स्तंभ, महापुरुषों की फोटो, नकदी आदि जरूरी चीजें अंदर रखी हुई है। इसके संबंध में प्रार्थना पत्र न्यायालय में दिया गया है। ताकि उनकी सुरक्षा बनी रहे। इसके अलावा हाईकमान को जानकारी दे दी गई है। अभी विस्तृत रिपोर्ट भी भेजी जाएगी।

# चाकूबाजी में ऑटो चालक समेत तीन घायल

**सिंगाही, अमृत विचारः** कस्बे के मुख्य चौराहा पर गुरुवार दोपहर सवारी बैठाने को लेकर दो युवकों का एक ऑटो चालक से विवाद हो गया। इससे दोनों युवकों ने ऑटो चालक की पिटाई कर दी। उसे बचाने आए दो युवकों को भी जमकर पीटा। आरोप है कि हमलावरों ने तीनों लोगों पर चाकू से वार किए, जिससे तीन युवक घायल हो गए। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

ग्राम पंचायत सिंगाही देहात के मोहल्ला खालेपुरवा निवासी शफीक उर्फ लाला ऑटो चलाकर परिवार का भरण पोषण करता है। शफीक ने बताया कि वह गुरुवार दोपहर बस अड्डे पर ऑटो लेकर सवारियों का इंतजार कर रहा था। तभी कस्बे के मोहल्ला झाला निवासी एजाज व इकराम एक सवारी लेकर आए और दूसरे टेंपों में अपनी सवारी बैठा दी। इसके बाद उसके पास आकर ठिठोली करने लगे। जब उसने विरोध किया तो गाली गलौज करते हुए उसे ऑटो से खींच लिया और पिटाई करने लगे। तभी पहुंचे गांव बालकराम पुरवा निवासी सोनू और अरबाज ने जब पिटाई कर विरोध करते हुए बीच बचाव की कोशिश की तो आरोपियों ने चाकू निकाल लिया और दोनों पर चाकू से हमला कर दिया। चाकू लगने से ऑटो चालक, अरबाज और सोनू घायल हो गए। पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में लिया है।

## टाइम्स हायर एजुकेशन रैंकिंग में विवि को मिली 1001-1500 बैंड

**बरेली, अमृत विचार:** टाइम्स हायर एजुकेशन (टीएचई) ने 2025 की यूनिवर्सिटी इम्पैक्ट रैंकिंग जारी की है। इस सूची में भारत के विश्वविद्यालयों में प्रदेश के केवल चार राज्य विश्वविद्यालय एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय, डीडीयू, एमएमयूटी बुंदेलखंड और झांसी विश्वविद्यालय शामिल हैं। इसमें रुहेलखंड विश्वविद्यालय को 1001 से 1500 रैंक बैंड में जगह मिली हैं।

वहीं एमएमयूटी, बुंदेलखंड विश्वविद्यालय और डीडीयू को 1501 रैंक बैंड में जगह मिली है। कुलपति प्रो. केपी सिंह ने बताया कि वर्ष 2025 की रैंकिंग में दुनिया के 130 देशों के 2,526 विश्वविद्यालयों ने हिस्सेदारी की थी। एमजेपीआरयू ने दूसरी बार इस रैंकिंग में प्रतिभाग किया था। सतत विकास लक्ष्यों जैसे लैंगिक समानता, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, भूखमुक्त समाज, सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा आदि के तहत भागीदारी की थी। 1001 से 1500 रैंक बैंड में रखा जाना अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विश्वविद्यालय की उल्लेखनीय प्रगति और विश्वसनीयता का संकेत देता है

# आंवला तहसील में बड़ी फैक्ट्रियां खुलवाएं ताकि बेरोजगारों को मिल सके रोजगार

## फर्नीचर, साड़ी, सुरमा के व्यापार को बढ़ावा दें जिससे बरेली की पहचान बनी रहे

कार्यालय संवाददाता, बरेली


सर्किट हाउस में अफसरों के साथ बैठक करते पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह।

- पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने अफसरों के साथ गो संरक्षण एवं चारागाह के संबंध में की बैठक

**अमृत विचार:** पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री ने बुधवार दोपहर सर्किट हाउस में डीएम सहित अन्य अधिकारियों के साथ बैठक कर निर्देश दिए कि आंवला तहसील में नई बड़ी फैक्ट्रियों को खुलवाएं, ताकि बेरोजगारों को रोजगार मिल सके। फर्नीचर, साड़ी व सुरमा के व्यापार को बढ़ावा दें, जिससे बरेली की पहचान बनी रहे।

मंत्री ने पहले जिलाधिकारी अविनाश सिंह और पुलिस अधीक्षक (नगर) मानुष पारिक के साथ गो संरक्षण, चारागाह व हरे चारे की व्यवस्था आदि के संबंध में बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि विकास एवं सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता में शामिल है। जिले में पूंजी का निवेश अधिक से अधिक कराएं। निर्देश दिए कि आंवला तहसील में नई फैक्ट्रियां खुलवाएं, जिससे युवाओं को ज्यादा से ज्यादा रोजगार मिले। कावड़ यात्रा को श्रद्धा भाव से निकालने के प्रबंध कराएं। मुख्यमंत्री का मानना है कि कांवड़ यात्रा को व्यवस्थित तथा शांतिपूर्ण ढंग से निकलवा जाए, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरतें। उन्होंने निर्देश दिए कि पुलिस प्रशासन के अधिकारी और कर्मचारी कांवड़ यात्रा में कावड़ ले जा रहे श्रद्धालुओं के साथ शालीनता पूर्ण व्यवहार करें।

**सप्ताह में एक बार गोशालाओं का निरीक्षण करें, एक अतिरिक्त शेड बनवाएं :** पशुधन मंत्री ने अफसरों से कहा कि निराश्रित गोवंश सरकार की प्राथमिकता में है, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरतें। सप्ताह में एक बार गोशालाओं का निरीक्षण जरूर करें। यह अवश्य देखें कि गोशालाओं में गायों के खाने के लिए हरा चारा, भूसा, गायों को गर्मी से बचाने के लिए टीन शेड या ठंडे पानी की व्यवस्था है या नहीं, साफ-सफाई दुरुस्त कराएं। गोशाला में बीमार गायों को उपचार उपलब्ध कराएं। हर गोशाला में एक अतिरिक्त पशु शेड बनावाएं, जिससे अधिक से अधिक गाय उसमें रखी जा सकें। किसानों को खाद आसानी से उपलब्ध हो सके, उन्हें इधर-उधर भटकना न पड़े, ऐसी व्यवस्था बनाएं।

**चारागाह की भूमि को शीघ्र कब्जा मुक्त कराएं :** पशुधन मंत्री ने अफसरों को निर्देश दिए कि चारागाह की भूमि को शीघ्र कब्जा मुक्त कराएं। कब्जामुक्त भूमि पर हरा चारा उगाएं। किसानों को अधिक से अधिक देसी गाय दें, जिससे वह उस गाय के दूध को बेचकर रोजगार कर सकें। गाय को गो माता का दर्जा दिया गया है।

## मोहित मिस्टर और जैसमीन मिस फेयरवेल चुनी गईं

**बरेली, अमृत विचार:** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी में गुरुवार को डीफार्मा के छात्र छात्राओं ने फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि केशलता अस्पताल के प्रशासनिक अधिकारी देवेन्द्र खंडेलवाल, केशलता कॉलेज/ स्कूल ऑफ नर्सिंग की प्रधानाचार्या डॉ. प्रतिभा मनोहरम बी, प्रो. अरविंद, प्रधानाचार्य डॉ. पंकज मिश्रा ने दीप प्रज्ज्वलित कर की।

छात्र-छात्राओं ने गणेश वंदना की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम समन्वयक फार्मेसी विभाग की असिस्टेंट प्रो. सुगंधा सिंह रहीं। निर्णायक की भूमिका में मिस्टर हिमांशु पाल और मिस झेलिक सम्रता रहीं। छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी में मिस्टर फेयरवेल मोहित कुमार आर्य और मिस फेयरवेल जैसमीन निर्दोष रहीं। परफॉर्मेंस ऑफ द डे का खिताब कल्पना और स्टूडेंट ऑफ द ईयर का खिताब सुहैल अली को दिया गया।

# पुलिस की बदमाशों से मुठभेड़ तीन गिरफ्तार, एक घायल

संवाददाता, बिथरी चैनपुर

**अमृत विचार :** लूट के तीन आरोपियों की गुरुवार शाम पुलिस की मुठभेड़ हो गई। पुलिस ने एक आरोपी को भागते समय गोली मारकर पकड़ लिया। इस दौरान गोली लगने से एक सिपाही भी घायल हो गया। पुलिस ने दोनों को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती करवाया।

गुरुवार शाम पुलिस को सूचना मिली की हाईवे के तरफ से एक कार में तीन बदमाश जा रहे है, जो लोगों को गाड़ी में बैठाकर लूट लेते है। सूचना पर इंस्पेक्टर चंद्र प्रकाश शुक्ल फोर्स के साथ कुआंडांडा चौराहे पहुंच गए। गाड़ी को आते देख पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया, लेकिन पुलिस को देखकर बदमाशों ने गाड़ी भगा दी। पुलिस ने पीछाकर बदमाशों को तयतपुर गांव के सामने चक रोड पर घेर लिया। अपने को घिरता देख बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी, जिसमें सिपाही अखलाख गोली लगने से घायल हो गए। बाद में पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक बदमाश के पैर में गोली लगी। इसके बाद दो और को दौड़ाकर पकड़ लिया।पूछताछ में तीनों ने अपने नाम शहबाज अली, सिकंदर निवासी रजागंज थाना पूरनपुर जिला पीलीभीत और अमन अंसारी ग्राम अहमदनगर पूरनपुर जिला पीलीभीत बताया। तलाशी के दौरान उनके पास से दो तमंचे, एक जिन्दा कारतूस, एक कारतूस का खोखा, एक चाकू और नौ हजार रुपये बरामद हुए। इंस्पेक्टर चंद्रप्रकाश शुक्ल ने बताया की तीनों बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया गया है आगे की कार्रवाई की जा रही है।

**U.P. Rajkiya Nirman Nigam Ltd.**
(ISO 9001:2008 Certified Company)
Visheshwaraiya Bhawan, Gomti Nagar, Lucknow

**TENDER NOTICE**

On behalf of Managing Director, U.P. Rajkiya Nirman Nigam Ltd., General Manager (North West Zone) Bareilly invites online Item Rate/ percentage rate bids in two bid system for-

**01.** NIT No.-368/210-B/NIVIDA/G.M(B)/RNN/2025 Dated-12-06-2025, e-tender Construction of Collectorate Building at Behjoi in District Sambhal. Last date of submission of offers upto 02:00 P.M. on Dated-03.07.2025, all other details on:- website; **www.etender.up.nic.in** and **www.uprnn.upsdc.gov.in.**

# सछास के जिलाध्यक्ष समेत 18 पर रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बरेली कॉलेज में एबीवीपी के महामंत्री आनंद कठेरिया से मारपीट करने का मामला
- दोनों पक्षों में पहले से चल रही है तनातनी, एक दूसरे पर लगा रहे आरोप

**अमृत विचार :** बरेली कॉलेज में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के महानगर मंत्री आनंद कठेरिया के साथ मारपीट के मामले में रिपोर्ट दर्ज न होने पर गुरुवार को कार्यकर्ताओं ने थाना बारादरी का घेराव कर हंगामा किया। इसके बाद पुलिस ने समाजवादी छात्रसभा (सछास) के जिलाध्यक्ष अविनाश मिश्रा, महाकाल सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिकेत शर्मा उर्फ लल्ला समेत 18 आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

मां वैष्णोपुरम निवासी आनंद कठेरिया ने बताया कि वह 14 जून को बरेली कॉलेज के पिछले पूर्वी गेट पर खड़े थे। आरोप है कि कार और मोटरसाइकिलों से पहुंचे करीब 15 युवकों ने उन्हें घेर लिया। इनमें कई के हाथों में धारदार हथियार और तमंचे थे। इसी दौरान छात्र नेता निखिल राजपूत ने उन्हें जातिसूचक गालियां देते हुए कहा कि तू हमें दलाली करने से रोकेगा। सछास के जिलाध्यक्ष अविनाश मिश्रा ने धमकी दी कि तू हमारी बराबरी करने लायक नहीं है और तुझे जान से मार देंगे। अनिकेत शर्मा लल्ला ने तमंचा लहराते हुए जान से मारने की धमकी दी।

इसकी शिकायत उन्होंने थाना बारादरी में की लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। इससे नाराज एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को थाने का घेराव कर नारेबाजी कर तत्काल एफआईआर दर्ज करने की मांग की। कार्यकर्ताओं ने कहा कि जब तक आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं होती, धरना जारी रहेगा। इसके बाद पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली। बारादरी इंस्पेक्टर धनंजय पांडे ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस मामले में सछास के जिलाध्यक्ष अविनाश मिश्रा ने बताया कि उनके खिलाफ सत्ता के इशारे पर एक बार फिर एससी-एसटी एक्ट के तहत झूठा मुकदमा दर्ज किया गया है। ऐसा एबीवीपी की बौखलाहट और उनकी बढ़ती जनप्रियता की वजह से किया गया है।

## एलएलएम की परीक्षा तिथि बदलने पर छात्र हुए परेशान

**बरेली, अमृत विचार :** एमजेपी रुहेलखंड यूनिवर्सिटी के बार-बार विधि परीक्षाओं के कार्यक्रम बदलने से छात्र परेशान हैं। गुरुवार को विश्वविद्यालय परिसर में एलएलएम मानवाधिकार द्वितीय सेमेस्टर के छह छात्र परीक्षा देने पहुंचे तो उन्हें बताया गया कि आज कोई परीक्षा ही नहीं है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत पिपरथरा विकास खण्ड भुता, बरेली**

समस्त पंजीकृत फर्म/सामग्री आपूर्ति दाताओं को सूचित किया जाता है कि ग्रा. पं. पिपरथरा ब्लॉक भुता की वित्तीय वर्ष 2025-26 की कार्य योजना के अनुसार 15वां वित्त/राज्य वित्त मनरेगा, SLWM तथा स्वच्छ भारत मिशन व वित्तीय वर्ष में अन्य मदों से प्राप्त होने वाली धनराशि से सी.सी. रोड, नव नाली निर्माण/मरम्मत, खडंजा निर्माण/मरम्मत, मिट्टी कार्य, फर्नीचर दरी क्रय, एलईडी लाइट स्थापना/अनुरक्षण, हैंड पंप रिबोर/अनुरक्षण हयूम पाइप क्रय, वाल पेंटिंग, शौचालय निर्माण/मरम्मत, शौक पिट शौचालय, पशु शेड, अंत्येष्टि स्थल निर्माण व मरम्मत, आंगनबाड़ी भवन व शौचालय निर्माण/मरम्मत, स्कूल कायाकल्प, वाटर हार्वेस्टिंग, पानी की टंकी निर्माण/मरम्मत, खाद के पक्के गड्डों का निर्माण, पंचायत भवन हेतु डेस्कटॉप कम्प्यूटर लेजर प्रिंटर, डब्ल बैटरी सोलर पैनल, सीसीटीवी कैमरा, फर्नीचर एवं अन्य उपकरण क्रय कार्य अनुरक्षण सहित कराने हैं। उक्त सामग्री क्रय हेतु ईट, रोड़ा, सीमेंट, रेत, मौरंग, लौहा, बजरी, टाइल्स, पाइप, टोंटी, स्टेशनरी, प्रचार-प्रसार बोर्ड व पटान हेतु मिट्टी, राख सैनिटाइजिंग, फॉगिंग हेतु स्प्रे मशीन, सफाई कार्य हेतु ठेली क्रय सफाई किट व अन्य सामग्रियों की आपूर्ति हेतु सीलबंद निविदाएं दिनांक 23.06.25 दोपहर 12 बजे तक आमंत्रित की जाती है जिन्हें उसी दिन ग्राम पंचायत कार्यालय पर सायं 4 बजे ग्राम प्रधान एवं उसके प्रतिनिधि के समक्ष सार्वजनिक रूप से खोला जायेगा।

**प्रधान-रेखा देवी** **सचिव-विशाल चौ.**

**नोटिस**

**श्री मुजाहिद अली खां, प्रयोगशाला परिचर**
**मदरसा नूरूल हुदा मिनी आई.टी.आई.**
**बिजलीपुरा, शाहजहांपुर**

आप दिनांक 05.06.2025 से बिना बताये मदरसा मिनी आई.टी.आई. से अनुपस्थित चल रहे है जबकि पत्रांक 428 दिनांक 05.06.2025 को पत्र भेजकर स्पष्टीकरण का उत्तर चाहा गया था परन्तु न आप मदरसा मिनी आई.टी.आई. में उपस्थित हुए और न ही आप द्वारा स्पष्टीकरण का उत्तर दिया गया। पूर्व में भी आपको कई नोटिस दिये जा चुके हैं। लेकिन आप किसी भी नोटिस को गम्भीरता से नहीं लेते है और न ही उत्तर देते हैं। अतः आपको अन्तिम अवसर प्रदान किया जाता है कि आप तीन दिवस में मिनी आई.टी.आई. में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें अन्यथा आपके विरूद्ध कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। जिसका पूर्ण उत्तरदायित्व आपका होगा।

**प्रबंधक**
**मदरसा नूरूल हुदा बिजलीपुरा, शाहजहांपुर**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, लखीमपुर खीरी**

पत्रांक: 1154/जननिर्माण/एम.बी.एल./2025-26 दिनांक: 18.06.2025

**पुनः ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

निदेशक, स्थानीय निकाय निदेशालय, उ.प्र. सेक्टर-7, गोमतीनगर विस्तार, लखनऊ के पत्र संख्या- 8/5254/320(4)/15वां वि.आ./2024-25, लखनऊ दिनांक 28 अक्टूबर 2024 द्वारा 15 वें वित्त आयोग की (टाइड ग्रान्ट) की प्रथम किश्त के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग/राज्य सरकार/केन्द्र सरकार/अन्य सरकारी विभाग में विभिन्न श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्माण/विकास कार्यो हेतु दिनांक 20.06.2025 सायं 05:00 बजे से दिनांक 05.07.2025 सायं 05:00 बजे तक प्रतिशत दर के आधार पर ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता वेबसाइट http://etender.up.nic.in के माध्यम से निम्न विवरणानुसार निविदा में प्रतिभाग कर सकते हैं।

1. वेबसाइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि- 20.06.2025 सायं 05:00 बजे से।
2. ई-निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि- 05.07.2025 सायं 05:00 बजे तक।
3. ई-निविदा के माध्यम से टेक्निकल बिड निविदा खोलने की तिथि- 07.07.2025 अपरान्ह 03:00 बजे से।
4. फाइनेन्शियल बिड टेक्निकल बिड स्वीकृत होने के उपरान्त खोली जायेगी।

निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज-10 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी सम्भावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें। अधिक जानकारी व शर्तो के लिए कृपया वेबसाइट http://etender.up.nic.in एवं www.npplakhimpur.in पर लॉगिन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।

**संजय कुमार** **डॉ. इरा श्रीवास्तव**
**अधिशासी अधिकारी** **अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद, लखीमपुर** **नगर पालिका परिषद, लखीमपुर**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, लखीमपुर खीरी**

पत्रांक: 1155/जननिर्माण/एम.बी.एल./2025-26 दिनांक: 18.06.2025

**पुनः ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

निदेशक, स्थानीय निकाय निदेशालय, उ.प्र. सेक्टर-7, गोमतीनगर विस्तार, लखनऊ के पत्र संख्या- 8/5348/320(3)/15वां वि.आ./2024-25, लखनऊ दिनांक 26 नवम्बर, 2024 द्वारा 15 वें वित्त आयोग की (टाइड ग्रान्ट) की द्वितीय किश्त के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग/राज्य सरकार/केन्द्र सरकार/अन्य सरकारी विभाग में विभिन्न श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्माण/विकास कार्यो हेतु दिनांक 20.06.2025 सायं 05:00 बजे से दिनांक 05.07.2025 सायं 05:00 बजे तक प्रतिशत दर के आधार पर ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता वेबसाइट http://etender.up.nic.in के माध्यम से निम्न विवरणानुसार निविदा में प्रतिभाग कर सकते हैं।

1. वेबसाइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि- 20.06.2025 सायं 05:00 बजे से।
2. ई-निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि- 05.07.2025 सायं 05:00 बजे तक।
3. ई-निविदा के माध्यम से टेक्निकल बिड निविदा खोलने की तिथि- 07.07.2025 अपरान्ह 03:00 बजे से।
4. फाइनेन्शियल बिड टेक्निकल बिड स्वीकृत होने के उपरान्त खोली जायेगी।

निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज-10 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी सम्भावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें। अधिक जानकारी व शर्तो के लिए कृपया वेबसाइट http://etender.up.nic.in एवं www.npplakhimpur.in पर लॉगिन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।

**संजय कुमार** **डॉ. इरा श्रीवास्तव**
**अधिशासी अधिकारी** **अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद, लखीमपुर** **नगर पालिका परिषद, लखीमपुर**

# अनियंत्रित होकर बस पेड़ से टकराई, चालक की मौत

कार्यालय संवाददाता,बिजनौर



**अमृत विचार:** रोडवेज बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा जाने से चालक की मौत हो गई जबकि कई सवारी घायल हो गईं।

नूरपुर के मुरादाबाद मार्ग पर ग्राम सैदपुर माफी के पास बुधवार देर रात करीब ढाई बजे बरेली से मुजफ्फरनगर जा रही रोडवेज बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। बताया गया कि चालक को नींद की झपकी आने से हादसा हो गया। बस चला रहे 35 वर्षीय अनुज कुमार निवासी शाह रूपपुर मेरठ व परिचालक 35 वर्षीय सन्दीप कुमार निवासी हापुड़ के साथ सवारियां घायल हो गए। भारी निरीक्षक जयभगवान सिंह पुलिस बल के साथ पहुंचे तथा घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया। चालक अनुज और एक सवार सादमा निवासी मुजफ्फरनगर की गम्भीर हालत देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। उपचार के दौरान चालक की मौत होगई। पीलीभीत की सीता उसका पति विजयपाल, पूरनपुर का असलम के अलावा लखीमपुर का इम्तियाज अली भी घायल हैं।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने की तैयारी

**बरेली, अमृत विचार:** एमजेपी रुहेलखंड यूनिवर्सिटी में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। कुलपति प्रो. केपी सिंह ने बताया कि 21 जून तक विश्वविद्यालय की ओर से योग सप्ताह के अंतर्गत विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें 20 जून को 'ज्ञान और अनुभव का संगम' विषय पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी होगी। जिसमें 10 से अधिक देशों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। 21 जून को योग दिवस पर विश्वविद्यालय एवं उसके संबद्ध महाविद्यालयों से लगभग 51 हजार प्रतिभागी सामूहिक सूर्य नमस्कार करेंगे, जो एक संभावित गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड होगा।

# साजिश के तहत बदला जा रहा धर्म

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सेमिनार में बोले टीटीएस के वरिष्ठ सदस्य परवेज नूरी
- टीटीएस कार्यकर्ता मुहल्लों में बेटियों को करेंगे जागरूक

**अमृत विचार :** आला हजरत दरगाह से जुड़े संगठन तहरीक-ए-तहफ्फुज-ए-सुन्नियत (टीटीएस) की ओर से गुरुवार को मोहल्ला कंघीटोला में दरगाह के सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां की सरपरस्ती में 'मौजूदा दौर में बेटियों के बहकते कदम' विषय पर सेमिनार का आयोजन हुआ, जिसमें कौम की लड़कियों के धर्म परिवर्तन पर चिंता जताई गई। बहन-बेटियों को कैसे दूसरों के चंगुल से बचाया जाए। उनके ईमान की सुरक्षा की जाए। इसके लिए जागरूकता अभियान चलाने पर जोर दिया गया।

संगठन के वरिष्ठ सदस्य परवेज नूरी ने कहा कि साजिशन हमारी बहन-बेटियों को फुसलाकर उनका धर्म बदला जा रहा है। उन्हें बचाने की मुहिम शुरू हो गई है। टीटीएस कार्यकर्ता मुहल्लों में बेटियों को जागरूक करेंगे। समाज के बीच चर्चा करेंगे कि अपनी बच्चियों की तरबीयत पर ध्यान दें। कानून के दायरे में रहकर सुरक्षा करेंगे। पुलिस-प्रशासन को खबर देंगे। दरगाह से जुड़े नासिर कुरैशी ने बच्चियों की शिक्षा और संस्कार पर जोर दिया। कहा कि बच्चियों की काउंसलिंग की जाए। अच्छा-बुरा समझाया जाए। अक्सर नासमझी में बच्चे गलत कदम उठा लेते हैं।

डॉ. अब्दुल माजिद ने समाज में फैली दहेज की बुराई को खत्म करने और निकाह आसान बनाने पर ध्यान खींचा। कहा कि नौजवानों को चाहिए कि वो बगैर दहेज की शादियों की मिसाल पेश करें। दरअसल, पिछले कुछ वर्षों से बरेली अंतर-धार्मिक प्रेम विवाह और उससे उपजे विवादों का बड़ा केंद्र बनकर उभरा है। धर्म परिवर्तन की बढ़ती घटनाओं को लेकर सेमिनार रखा गया। इस दौरान मंजूर रजा खान, नफीस खान, इशरत नूरी, मौलाना गुलफाम रजा, ताहिर अल्वी, शारिक नूरी, सय्यद शावेज, अदनान बेग आदि मौजूद रहे।

**बच्चों को समझाएं पढ़ाई पर ध्यान दें, मोबाइल पर समय बर्बाद न करें :** सेमिनार में कहा गया कि परिजनों की यह जिम्मेदारी है कि वे सोशल मीडिया हैंडल्स पर नजर रखें। बहुत जरूरत हो तो ही बच्चों को मोबाइल दें। वो भी पढ़ाई में इस्तेमाल के लिए। अगर कोई बच्ची मोबाइल पर ज्यादा वक्त देती है तो माता-पिता उस पर ध्यान दें। समझाएं कि पढ़ाई में वक्त दें। मोबाइल पर समय बर्बाद न करें।

**हैदरी दल कांड के बाद चर्चा :** कुछ समय पहले हैदरी दल के चार सदस्यों को जेल भेजा गया था। इस दल के सदस्य सार्वजनिक स्थल, पार्कों में छापेमारी करते थे। मुस्लिम लड़कियों को दूसरे धर्म के युवकों के साथ देखकर उनकी वीडियो बनाते थे।

उनके साथ अभद्रता करते थे। फिर ये वीडियो हैदरी दल के सोशल मीडिया हैंडल्स पर अपलोड किए जाते थे। गांधी उद्यान पार्क से इस तरह के वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने इस दल पर शिकंजा कसा।

**कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, बदायूं**

पत्रांक :- समग्र शिक्षा/ए.आर.पी. चयन/1617-25/2025-26 दिनांक: 19.06.2025

**विज्ञप्ति**

महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा. उ.प्र. लखनऊ के कार्यालय पत्रांक गुण.वि. /ए.आर.पी./9333/2024-25 दिनांक 15 जनवरी 2025 तथा अपर मुख्य सचिव उ.प्र. शासन के शासनादेश संख्या- बेसिक शिक्षा अनुभाग-5-संख्या-902/68-5-2019 दिनांक 22 अक्टूबर 2019 एवं शासनादेश संख्या-68-5099/143/2024-अनुभाग-5 दिनांक 10 अक्टूबर 2024 के अनुपालन में समग्र शिक्षा के अन्तर्गत जनपद बदायूं में अकादमिक रिसोर्स पर्सन के रिक्त 80 पदों पर चयन करने हेतु इस कार्यालय के पत्रांक: एस.एस.ए. /ए.आर.पी. चयन/9384-92/2025-26 दिनांक 30.01.2025 को विज्ञप्ति दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित की गई थी, जिसके क्रम में 80 पदों के सापेक्ष 51 पदों पर अकादमिक रिसोर्स पर्सन का चयन किया गया है। शेष रह गये 29 अकादमिक रिसोर्स पर्सन के पदों पर चयन किया जाना है। जनपद में बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक/शिक्षिकाओं से पंजीकृत/रजिस्टर्ड/स्पीड पोस्ट डाक के माध्यम से शेष 29 अकादमिक रिसोर्स पर्सन के पदों पर आवेदन अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय में दिनांक 26.06.2025 तक निर्धारित प्रारूप पर (सीलबन्द लिफाफा) आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप पर न होने वाले अथवा निर्धारित दिनांक के उपरान्त जिला बेसिक शिक्षा कार्यालय में प्राप्त होने पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

जनपद के शेष 29 अकादमिक रिसोर्स पर्सन के रिक्त पदों का विवरण निम्नवत् है:-

**जनपद-बदायूं के विकास खण्डदार अकादमिक रिसोर्स पर्सन (ARP) के द्वितीय चरण के रिक्त पदों (कॉलम-10) का विवरण।**

| क्र. | विकास खण्ड का नाम | विकास खण्डवार अकादमिक रिसोर्स पर्सन के (ARP) कुल पद | विषय | | | | | विकास खण्डवार अकादमिक रिसोर्स पर्सन (ARP) के प्रथम चरण भरे जा चुके पदों का विवरण | विकास खण्डवार अकादमिक रिसोर्स पर्सन (ARP) के रिक्त पदों का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | हिन्दी | अंग्रेजी | गणित | विज्ञान | सा.विज्ञान | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | Jagat | 5 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 5 | 0 |
| 2 | Samrer | 5 | 1 | 0 | 1 | 1 | 1 | 4 | 1 |
| 3 | Ujhani | 5 | 1 | 1 | 1 | 0 | 1 | 4 | 1 |
| 4 | Salarpur | 5 | 1 | 1 | 1 | 0 | 1 | 4 | 1 |
| 5 | Qadarchowk | 5 | 1 | 1 | 0 | 1 | 0 | 3 | 2 |
| 6 | Bisauli | 5 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 5 | 0 |
| 7 | Wazirganj | 5 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 2 | 3 |
| 8 | Asafpur | 5 | 1 | 1 | 1 | 0 | 0 | 3 | 2 |
| 9 | Islamnagar | 5 | 1 | 0 | 1 | 0 | 1 | 3 | 2 |
| 10 | Ambiyapur | 5 | 0 | 0 | 1 | 1 | 1 | 3 | 2 |
| 11 | Dataganj | 5 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 2 | 3 |
| 12 | Miyaun | 5 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 | 4 |
| 13 | Sahswan | 5 | 0 | 1 | 1 | 1 | 1 | 4 | 1 |
| 14 | Usawan | 5 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 | 4 |
| 15 | Dahgawan | 5 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 5 | 0 |
| 16 | Budaun Nagar | 5 | 0 | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 3 |
| | Total | 80 | 11 | 9 | 35 | 7 | 9 | 51 | 29 |

अर्हता एवं शर्ते:-

01. वांछित विषय में स्नातक उपाधि के साथ अध्यापक प्रशिक्षण योग्यता।
02. परिषदीय प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालय में शिक्षण का कम से कम 5 वर्ष का अनुभव।
03. सेवा निवृत्त होने में न्यूनतम 10 वर्ष शेष हो।
04. किसी भी प्रकार की जांच गतिमान न हो और न ही पूर्व में किसी प्रकार की अनुशासनातमक कार्यवाही की गयी हो।
05. विषयवार लिखित परीक्षा 60 अंक, माइक्रोटीचिंग/शिक्षण प्रदर्शन 06 मिनट प्रतिभागी 30 अंक तथा साक्षात्कार 10 अंक (कुल 100 अंक) के आधार पर चयन किया जायेगा।
06. लिखित परीक्षा में 60 प्रतिशत या 60 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले अभ्यर्थी ही माइक्रोटीचिंग/शिक्षण प्रदर्शन के लिए अर्ह होंगें।
07. माइक्रोटीचिंग/शिक्षण प्रदर्शन में 60 प्रतिशत या 60 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले अभ्यर्थी ही साक्षात्कार के लिए अर्ह होंगें।
08. साक्षात्कार में 60 प्रतिशत या 60 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले अभ्यर्थी ही फाइनल चयन हेतु अर्ह होंगे।
09. लिखित परीक्षा, माइक्रोटीचिंग/शिक्षण प्रदर्शन तथा साक्षात्मकार के कुल योग को जोड़ने के बाद जिन अभ्यर्थियों के नम्बर 60 प्रतिशत या 60 प्रतिशत से अधिक अंक होंगे, उनकी ए.आर.पी. के चयन के लिए मेरिट लिस्ट तैयार की जायेगी।
10. विज्ञप्ति में संशोधन अथवा निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार समग्र शिक्षा अभियान उ.प्र. के निर्देशानुसार अद्योहस्ताक्षरी को होगा।
11. आवेदन पत्र के लिफाफे के ऊपर मोटे अक्षरों में आवेदित पद एवं विषय का नाम सुस्पष्ट रूप से अंकित होना चाहिए।
12. आवेदन पत्र सम्बन्धित खण्ड शिक्षा अधिकारी से अग्रसारित होना अनिवार्य है।
13. शिक्षण अनुभव एवं आयु की गणना का आधार कार्यालय ज्ञाप तिथि से मानी जायेगी।
14. उपरोक्त के अतिरिक्त अन्य कार्यवाही उक्त शासनादेश के अनुसार की जायेगी।
15. अकादमिक रिसोर्स पर्सन (ARP) के आवेदन हेतु प्रारूप पत्र के साथ संलग्न है।
16. सहयोगात्मक पर्यवेक्षण के लिए अकादमिक रिसोर्स पर्सन (ARP) को प्रतिमाह निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष पर्यावेक्षण पूर्ण करने पर मोबिलिटी भत्ता रू. 2500/- प्रतिमाह की दर से मोबिलिटी देयक पत्रक प्रस्तुत करने पर नियमानुसार देय होगा। वेतन में कोई बढ़ोत्तरी नहीं की जायेगी, यात्रा भत्ता के अतिरिक्त किसी प्रकार का इन्सेन्टिव नहीं दिया जायेगा। अकादमिक रिसोर्स पर्सन (ARP) का वेतन कार्यरत मूल विद्यालय से ही आहरित किया जायेगा।
17. ए.आर.पी. के रूप में अधिकतम 03 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण करने के उपरान्त पूर्व में कार्य कर चुके कोई भी अकादमिक रिसोर्स पर्सन भविष्य में अकादमिक रिसोर्स पर्सन के पद पर चयन के लिए अनर्ह होंगे।

उपर्युक्त के अनुसार अन्तिम तिथि में यदि परिवर्तन होता है तो उक्त के सम्बन्ध में सूचना कार्यालय ज्ञाप/ब्लाकवार जनपद स्तर पर बने व्हाट्स एप ग्रुप के माध्यम से दी जायेगी।

**संलग्नक:- अकादमिक रिसोर्स पर्सन (ARP) पद हेतु आवेदन पत्र प्रारूप।**

**कृष्ण कुमार प्रजापति**
**जिला समन्वयक (प्रशिक्षण)**
**समग्र शिक्षा, बदायूं**

**वीरेन्द्र कुमार सिंह**
**जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी**
**बदायूं**

# पूर्वांचल के विकास का गेटवे बनेगा गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री योगी आजमगढ़ और गोरखपुर में आज करेंगे एक्सप्रेसवे का लोकार्पण



**अमृत विचार :** गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे को पूर्वांचल के विकास के नए गेटवे के रूप में देखा जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे का शुक्रवार को लोकार्पण करेंगे। कार्यक्रम करीब 92 किमी लंबे लिंक एक्सप्रेस-वे के दोनों छोरों आजमगढ़ के सलारपुर और गोरखपुर के भगवानपुर टोलप्लाजा के पास होगा।

आजमगढ़ वाले छोर पर लिंक एक्सप्रेसवे का लोकार्पण और जनसभा करने के बाद मुख्यमंत्री एक्सप्रेस-वे का भ्रमण करते हुए गोरखपुर वाले छोर पर आएंगे और यहां भी लोकार्पण की औपचारिकता के बाद जनसभा को संबोधित करेंगे। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे की कुल लंबाई 91.35 किमी है। यह गोरखपुर के एनएच-27 पर जैतपुर के पास शुरू होकर आजमगढ़ के सलारपुर में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से मिलता है। चार जिलों गोरखपुर, संतकबीरनगर, अंबेडकरनगर और आजमगढ़ में पड़ने वाला पूर्णतः प्रवेश नियंत्रित यह एक्सप्रेस-वे फोरलेन में निर्मित है और इसे भविष्य में सिक्सलेन तक विस्तारित किया जा सकता। एक्सप्रेस-वे की इस परियोजना पर भूमि अधिग्रहण सहित 7283.28 करोड़ रुपये की लागत आई है। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे का निर्माण दो पैकेज में गोरखपुर के जैतपुर से अंबेडकरनगर के फुलवरिया तक (48.317 किमी) तथा फुलवरिया से आजमगढ़ के सलारपुर तक (43.035 किमी) किया गया है। पहले पैकेज का निर्माण कार्यदायी संस्था के रूप में एपको इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड और दूसरे पैकेज का निर्माण दिलीप बिल्डकॉन लिमिटेड ने कराया है।

### 22029 किसानों को मिला 2030.29 करोड़ रुपये मुआवजा

परियोजना के लिए सरकार ने 22029 किसानों को 2030 .29 करोड़ रुपये की धनराशि का भुगतान मुआवजा (प्रतिकर) के रूप में किया है। यही नहीं जमीन देने वाले किसानों को मुख्यमंत्री योगी गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे प्रोजेक्ट के शुरुआती चरण में खुद सम्मानित कर उनके योगदान की सराहना कर चुके हैं।

### कंट्रोल रूम पर फोन करते ही मिलेगी त्वरित मदद

गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे पर यात्रियों के लिए यातायात सुगमता के साथ सुरक्षा और संकट में सहायता के लिए भी पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं। मदद के लिए यात्रियों को बस कंट्रोल रूम के हेल्पलाइन नम्बर 14449 पर फोन करना ही पर्याप्त होगा। फोन करते ही यूपीडा के जीपीएस लगे वाहन व एम्बुलेंस मौके पर मदद के लिए पहुंच जाएंगे।

# गंगा एक्सप्रेस-वे पर जल्द फर्राटा भरेंगे वाहन



- कुल 19 एंट्री और एग्जिट प्वॉइंट, शहरों से सीधे आसपास के जिलों में पहुंचना होगा आसान
- नवंबर तक पूरा कर लिया जाएगा कार्य, 12 जिलों को कवर करेगा एक्सप्रेस-वे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में गंगा एक्सप्रेस-वे पर वाहन जल्द फर्राटा भरते नजर आएंगे। इस एक्सप्रेस-वे का काम तेज गति से जारी है। संभावना है कि सारा कार्य नवंबर 2025 तक पूरा कर लिया जाएगा। यूपीडा ने इस एक्सप्रेस-वे पर टोल प्लाजा और टोल बूथ लगाने के लिए लोकेशन का चयन करना शुरू कर दिया है।

यूपीडा गंगा एक्सप्रेस-वे के चार स्थानों और तीन लोकेशन पर टोल प्लाजा और बूथ का निर्माण करेगा। इस एक्सप्रेस-वे पर 23 टोल प्लाजा और 211 बूथ या टोल एकत्रित करने के लिए लेन होंगी। पहला टोल प्लाजा मेरठ में होगा। इसके बाद 2 और 3 टोल प्लाजा लगभग 11 किलोमीटर बाद बदायूं में होंगे।

इस एक्सप्रेस-वे पर अलग-अलग जिलों से कुल 19 एंट्री और एग्जिट प्वॉइंट दिए गए हैं। इस सुविधा की वजह से वाहनों को एक्सप्रेस-वे के जरिए शहरों से सीधे आसपास के जिलों में पहुंचना काफी सरल हो जाएगा। गंगा एक्सप्रेस-वे 12 जिलों को कवर करेगा। इसमें मेरठ, हापुड़, बुलंदशहर, अमरोहा, संभल, बदायूं, शाहजहांपुर, हरदोई, उन्नाव, रायबरेली, प्रतापगढ़ और प्रयागराज शामिल हैं।

### नियमावली के मुताबिक लगाया जाएगा टोल शुल्क

**अमृत विचार :** यूपीडा ने गंगा एक्सप्रेस-वे की टोल दरों की गणना के लिए अनुभवी सलाहकारों से प्रस्ताव मांगे हैं। टोल शुल्क की गणना उप्र. टोल नियमावली के मुताबिक ही होगी। सूत्रों के अनुसार, कार, जीप, वैन और हल्के वाहनों के लिए 2.55 रुपये प्रति किमी, हल्के कमर्शियल वाहनों और मिनी बस के लिए 4.05 रुपये प्रति किमी, बस व ट्रक के लिए 8.15 रुपये प्रति किमी, भारी निर्माण वाहनों के लिए 12.55 रुपये प्रति किमी और ओवरसाइज वाहनों के लिए ये दरें 16.05 रुपये प्रति किमी हैं। वहीं बाईपास का प्रयोग करने के लिए ये टोल दरें क्रमशः 70 पैसे, 1.05 रुपये, 2.10 रुपये, 3.15 रुपये और 4.15 रुपये प्रति किलोमीटर हैं।

## एक नजर

### डॉ. मुखर्जी के बलिदान दिवस पर होगा पौधरोपण

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के के बलिदान दिवस (23 जून) पर मुख्यमंत्री योगी ने पूरे प्रदेश में वृहद पौधरोपण कराने का निर्देश दिया है। इसमें जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संस्थाओं, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों-परिवारजनों की सहभागिता भी सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया है। प्रधान मुख्य वन संरक्षक व विभागाध्यक्ष सुनील चौधरी ने सभी मंडलीय, जोनल वन संरक्षकों, प्रभागीय अधिकारियों पौधरोपण कार्यक्रम की तैयारी के निर्देश दिए हैं।

### संकिसा में बौद्ध मठों का सात करोड़ से होगा विकास

**अमृत विचार, लखनऊ :** बौद्ध पर्यटकों को ध्यान में रखकर फर्रुखाबाद के संकिसा स्थित बौद्ध मठों में अवस्थापना विकास एवं सौंदर्यीकरण किया जाएगा। इसके लिए सात करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि स्वीकृत की गई है। यह जानकारी उप्र. पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने गुरुवार को दी।

# यूपी को बिजली सप्लाई करेगा अडानी समूह

## प्रदेश में बड़ा निवेश करेगी कंपनी, लगाएगी अल्ट्रा-सुपरक्रिटिकल पावर प्लांट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्य सचिव के साथ अडानी समूह के प्रतिनिधि की मुलाकात
- संभावित निवेश के प्रस्तावों पर बनेगा रोडमैप



**अमृत विचार :** देश की निजी क्षेत्र की सबसे बड़ी थर्मल पावर कंपनी अडानी पावर को उत्तर प्रदेश को बिजली देने का बड़ा जिम्मा मिला है। अदानी पावर राज्य में 1500 मेगावाट बिजली की आपूर्ति करेगा। कंपनी की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, अडानी पावर को यह बिजली एक नए पावर प्लांट से मिलेगी, जिसे उत्तर प्रदेश में ही बनाया जाएगा। यह नया बिजलीघर बहुत आधुनिक होगा और इसे अल्ट्रा-सुपरक्रिटिकल पावर प्लांट कहा जाता है।

इस पावर प्लांट की कुल क्षमता 2×800 मेगावाट यानी करीब 1600 मेगावाट होगी, जिससे 1500 मेगावाट बिजली की सप्लाई होगी। इस परियोजना में लगभग 16,000 करोड़ रुपये खर्च होंगे। दरअसल, कैबिनेट से इस महीने की शुरुआत में इस परियोजना को मंजूरी दिए जाने के बाद ताजा कवायद सामने आयी है। कंपनी को अब मिले लेटर ऑफ अवार्ड के तहत उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड के साथ एक लॉन्ग टर्म पावर सप्लाई एग्रीमेंट साइन करना होगा।

### मिर्जापुर के दादरी गांव में लगेगा प्लांट

**अमृत विचार :** अडानी पावर लिमिटेड अपना पहला थर्मल पावर प्लांट मिर्जापुर जिले के दादरी गांव में लगाने जा रही है। इस प्लांट में 800-800 मेगावाट में दो कुल 1600 मेगावाट बिजली का उत्पादन होगा। गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान, कर्नाटक, तमिलनाडु झारखंड, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में कुल 17510 मेगावाट बिजली उत्पादन करने वाली एपीएल ने अब दादरी खुर्द गांव में 1600 मेगावाट बिजली उत्पादन के लिए परियोजना पर काम शुरू कर दिया है। इस परियोजना से निर्माण के दौरान 2,000 प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार मिलने की उम्मीद है।

> अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक ज़ोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) के प्रबंध निदेशक करण अडानी से मुलाकात की और इस बात पर चर्चा की कि राज्य को समावेशी और गतिशील अर्थव्यवस्था बनाने के लिए और कैसे सशक्त बनाया जाए। अडानी समूह ने पहले कहा था कि वह उत्तर प्रदेश में निवेश बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है, क्योंकि राज्य में अपार अवसर हैं।
>
> – मनोज कुमार सिंह, मुख्य सचिव



### गेहूं किसानों को मिला 2508 करोड़ का भुगतान

**अमृत विचार, लखनऊ :** गेहूं खरीद में पिछले साल का रिकॉर्ड टूट गया। 9.31 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीद के सापेक्ष इस साल रबी विपणन वर्ष 2025-26 में यह खरीद बढ़कर 10.27 लाख मीट्रिक टन से अधिक रही। मुख्यमंत्री के निर्देश पर गांवों तक मोबाइल क्रय केंद्र पहुंचे, जिससे दो लाख से अधिक किसानों ने गेहूं बेचा और उन्हें 2508.26 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया। इस साल 5853 क्रय केंद्रों के माध्यम से गेहूं खरीद 17 मार्च से शुरू होकर 15 जून तक चली। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अवकाश में भी गांव-गांव पहुंचकर अफसरों ने किसानों से संपर्क करते हुए मोबाइल क्रय केंद्र के जरिए गेहूं खरीद की। केंद्र सरकार ने गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया था।

# कानपुर नगर के सीएमओ हरिदत्त नेमी निलंबित

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- डीएम से चल रहा था विवाद, किरकिरी से बचने के लिए राज्य सरकार ने उठाया सख्त कदम

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी और सीएमओ के बीच विवाद का गुरुवार को पटाक्षेप हो गया। दोनों के विवाद में सियासी द्वंद्व शुरू होने के बाद शासन ने सीएमओ डॉ.हरिदत्त नेमी को दोषी मानते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है और उनकी जगह पर श्रावस्ती के एसीएमओ डॉ.उदयनाथ को कानपुर नगर का नया मुख्य चिकित्सा अधिकारी बनाया गया है। डॉ. नेमी को कार्यालय महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं लखनऊ से संबद्ध कर दिया गया है।

डीएम और सीएमओ के बीच विवाद में सतापक्ष के 'माननीय' भी खुलकर सामने आए। यूपी विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना और दो विधायकों ने जहां सीएमओ के पक्ष में पेशबंदी की, वहीं दो विधायक डीएम के साथ खड़े नजर आए। दो अधिकारियों के विवाद में सियासी पैंतरेबाजी शुरू होने से सरकार की भी किरकिरी शुरू हो गई, जिसके चलते सरकार को कड़ा फैसला लेना पड़ा। उत्तर प्रदेश चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की सचिव रितु माहेश्वरी की ओर से गुरुवार को जारी निलंबन आदेश में सीएमओ डॉ.हरिदत्त नेमी की अनियमितताओं का भी जिक्र किया गया है।

### डीएम पर लगाए गंभीर आरोप

निलंबन के बाद सीएमओ डॉ.हरिदत्त नेमी ने अपने आवास पर प्रेसवार्ता की और जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह व एसीएमओ डॉ.सुबोध प्रकाश यादव के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए। कहा कि वह अपने निलंबन के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर अपना पक्ष रखेंगे।



डॉ.हरिदत्त नेमी।

### गैंडा संरक्षण के लिए बनेंगे दो नए राइनो रिहैबिलिटेशन सेंटर

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश के वन एवं वन्य जीव विभाग ने गैंडों और अन्य संकटग्रस्त वन्य जीवों के प्राकृतिक आवास के संरक्षण के लिए महत्वाकांक्षी कार्ययोजना शुरू की है। इसके तहत लखीमपुर के दुधवा राष्ट्रीय उद्यान में गैंड़ो के संरक्षण के लिए दो नए राइनो रिहैबिलिटेशन सेंटर (आरआरए) बनाए जाएंगे। योगी सरकार ने परियोजना के लिए विभाग को 1.5 करोड़ रुपये की धनराशि आवंटित की है।

दुधवा राष्ट्रीय उद्यान के उप निदेशक रंगाराजू ने बताया कि इसके पहले राष्ट्रीय उद्यान में आरआरए-1 और 2 राइनो रिहैबिलिटेशन एरिया बनाए गए थे। वर्तमान में इसी के अनुरूप आरआरए- 3 और 4 को तैयार किया जाएगा। जहां गैंडों को खुले जंगल में विशेष मानिटरिंग के अंतर्गत रखा जाएगा। जिससे वे प्राकृतिक वातावरण में अपने स्वाभाविक व्यवहार के साथ रह सकें। उप निदेशक ने बताया कि परियोजना के तहत 1.27 करोड़ रुपये उनके प्राकृतिक आवास, जलाशयों और अनुकूल वनस्पतियों एवं क्षेत्र के रख रखाव के लिए आवंटित किया गया है। जबकि लगभग 7 लाख रुपये वन्य जीवों की औषधि और रसायन के लिए, 4.80 लाख रुपये वृहद निर्माण और 3 लाख रुपये लघु निर्माण कार्य के लिए रखे गये हैं।

# नीट यूजी काउंसिलिंग की तैयारी शुरू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सरकारी मेडिकल कॉलेजों में प्रदेश के निवासियों को ही मिलेगा प्रवेश निजी कॉलेजों में बाध्यता नहीं

**अमृत विचार :** मेडिकल व डेंटल कॉलेजों में एमबीबीएस व बीडीएस (स्नातक पाठ्यक्रम) 2025-26 सत्र में दाखिलों के लिए काउंसिलिंग होगी। राजधानी के केजीएमयू व आरएमएल आयुर्विज्ञान समेत प्रदेश के 20 विभिन्न मेडिकल कॉलेज नोडल होंगे, जहां अभ्यर्थियों को अपने प्रपत्रों की जांच कराना होगा। उक्त नियमों के साथ यूपी नीट यूजी-2025 काउंसिलिंग के लिए नियम-निर्देश युक्त ब्रोशर तैयार किया जाएगा, इसके लिए चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक स्तर पर कमेटी गठित की जाएगी। जिसमें महानिदेशालय के प्रतिनिधि के साथ ही केजीएमयू, डॉ.आरएमएल आयुर्विज्ञान संस्थान लखनऊ और शासन के अधिकारी शामिल होंगे।

उक्त आदेश बुधवार देर रात प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा ने जारी कर दिए हैं, काउंसिलिंग संबन्धी आदेश में उन्होंने स्पष्ट किया है कि सरकारी मेडिकल कॉलेजों में उपलब्ध 858 सीटों पर अपने राज्य के विद्यार्थियों के लिए आरक्षित होंगी, जबकि निजी व अल्पसंख्यक मेडिकल कॉलेजों में दाखिला लेने के लिए अनिवार्यता नहीं है। इसके अलावा आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए एनटीए द्वारा जारी कट-ऑफ ही यूपी नीट काउंसिलिंग में मान्य होगा।

प्रमुख सचिव ने बताया कि सरकारी मेडिकल कॉलेज में स्टेट कोटे की 85 सीटों पर दाखिले के लिए उप्र. का निवासी होने के साथ ही हाईस्कूल व इंटर की परीक्षाएं भी प्रदेश के कॉलेज से उत्तीर्ण होना चाहिए, अगर इंटर अन्य प्रांत किया है तो अभ्यर्थी को शासन द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निवास प्रमाण पत्र देना होगा। काउंसिलिंग में प्रतिभाग करने के लिए निर्धारित शुल्क के साथ पंजीकरण कराना होगा, प्रथम, द्वितीय व तृतीय चरण की काउंसिलिंग के लिए पंजीकरण शुल्क दो हजार रुपये देना होगा, जबकि स्ट्रे वैकेन्सी राउंड में प्रतिभाग करने को नवीन पंजीकरण कराना होगा।

सरकारी मेडिकल कॉलेजों में प्राथमिकता देने के लिए अभ्यर्थियों को 30 हजार रुपये, निजी मेडिकल कॉलेजों में दो लाख रुपये, इसके अलावा निजी डेंटल कॉलेजों के लिए एक लाख रुपये धरोहर राशि जमा करनी होगी। सरकारी व निजी दोनों प्रकार के मेडिकल कॉलेजों में काउंसिलिंग के लिए एक लाख रुपये की धरोहर राशि जमा करनी है।

### दस दिन में पूरे प्रदेश में पहुंच जाएगा मानसून

**लखनऊ, अमृत विचार :** उप्र. में प्रवेश कर चुका मॉनसून अगले दस दिन में पूरे प्रदेश को कवर कर लेगा। दो से तीन दिन में दक्षिण-पश्चिम मानसून के प्रदेश के अन्य हिस्सों में आगे बढ़ने की संभावना है। इस बीच विभिन्न जिलों में लगभग 30 मिमी तक बारिश होने की संभावना है।

प्रदेश में दक्षिण-पश्चिम मानसून ने समय से पांच दिन की देरी से बुधवार को दस्तक दी थी। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, सामान्य तौर पर राज्य में मानसून का आगमन 13 जून को होता है। मानसून की दस्तक के साथ ही सोनभद्र, गाजीपुर आदि सहित देश के विभिन्न जिलों में हल्की से मध्यम बारिश हुई। दो से तीन दिन में दक्षिण-पश्चिम मानसून के प्रदेश के अन्य हिस्सों में आगे बढ़ते हुए 30 जून तक पूरे राज्य को कवर कर लेने की संभावना है।

# आपातकाल के खिलाफ युवाओं को जागरूक करेगी भाजयुमो

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- भाजपा ने मॉक पार्लियामेंट कार्यक्रम की रणनीति बनाकर सौंपी जिम्मेदारी
- 25, 26 और 27 जून को प्रदेश में अलग-अलग नौ स्थानों पर होंगे कार्यक्रम

**अमृत विचार :** भाजपा ने आपातकाल के 50वें वर्ष में प्रदेश में मॉक पार्लियामेंट कार्यक्रम को लेकर रणनीति बनाई। 25, 26 और 27 जून को अलग अलग नौ स्थानों पर इस आयोजन की जिम्मेदारी भाजपा युवा मोर्चा को दी गई है। कार्यक्रम मेरठ, झांसी, कानपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, गाजियाबाद, अलीगढ़ व बरेली में आयोजित किए जाएंगे।

मॉक पार्लियामेंट की तैयारियों को लेकर गुरुवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय पर प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने भाजयुमो के पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए तैयारियों की समीक्षा की। कहा कि आपातकाल भारतीय लोकतंत्र का काला अध्याय है। कांग्रेस सरकार ने देश पर आपातकाल थोपा था। युवाओं को इस ऐतिहासिक सत्य से अवगत कराना आवश्यक है। ताकि भविष्य में लोकतंत्र पर ऐसा संकट दोबारा न आए और देश के युवा सहित सभी नागरिक लोकतंत्र की मजबूती के लिए जागरूक रहें। धर्मपाल सिंह ने कहा कि मॉक पार्लियामेंट के माध्यम से इस संदेश को प्रदेश के कोने-कोने तक विशेष रूप से युवाओं के बीच पहुंचाएं।



लखनऊ में पदाधिकारियों के साथ बैठक करते प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह।

बैठक की अध्यक्षता कर रहे भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष प्रांशुदत्त द्विवेदी ने कार्यक्रम की रूपरेखा बताई। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे अधिक से अधिक युवाओं को इस आयोजन से जोड़ें। बैठक में भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश पदाधिकारी, क्षेत्रीय अध्यक्ष, अभियान की प्रदेश टोली के सदस्य उपस्थित रहे।


## वर्ग पहेली-7

**बाएं से दाएं**

1. 1. किसी स्थान पर प्रवेश हेतु लिखित अनुमतिपत्र, आज्ञापत्र 2. बिना टिकट लिए
3. 1. लौटाना, वापस करना 2. उलटाना, बदलना।
6. 1. कलकल की आवाज़ होना 2. शरीर में गरमी की अनुभूति होना 3. कुलबुलाना (शरीर का)।
7. 1. झाड़ी, झुरमुट 2. बालों का जूड़ा, जुट्टी 3. पौधों या झाड़ियों का झुरमुट 4. घास-फूस का पूला, जूरी 5. समूह, झुंड 6. झोंटा।
8. गंधी, इत्रफ़रोश, गंधद्रव्य, सुगंधित पदार्थ।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. कुलबुलाने की अवस्था
4. 1. चारों ओर से ठीक एवं दुरुस्त 2. चुस्त, फुरतीला।
5. निरुपाधि।
7. 1. जोखिम 2. ज़िम्मेदारी, जवाबदेही, उत्तरदायित्व।



### वर्ग पहेली -6 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 झ | | 2 उ | 3 प | जा | ति | |
| न | | | रं | | | |
| क | | | प | | 4 बू | ढ़ा |
| 5 ना | मी | गि | रा | मी | | |
| | | | नु | | 6 शी | रीं |
| | | | 7 ग | जा | ल | |
| 8 सं | घ | टि | त | | न | |

## सुडोकू-14

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | 1 | | | | 3 | 9 | |
| | | | 6 | | | 8 | | |
| 3 | 8 | 6 | | | 5 | | | 7 |
| | 1 | | | 8 | 9 | | | |
| | 2 | 5 | | | | 1 | 8 | |
| | | | 1 | 7 | | | 3 | |
| 9 | | | 3 | | | 6 | 1 | 5 |
| | | 4 | | | 1 | | | |
| | 5 | 8 | | | | 2 | 4 | |

### सुडोकू - 13 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 9 | 2 | 7 | 5 | 8 | 1 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 |
| 7 | 4 | 8 | 9 | 1 | 6 | 3 | 2 | 5 |
| 6 | 1 | 7 | 5 | 2 | 3 | 9 | 4 | 8 |
| 9 | 8 | 3 | 1 | 6 | 4 | 7 | 5 | 2 |
| 4 | 2 | 5 | 8 | 9 | 7 | 1 | 6 | 3 |
| 5 | 9 | 6 | 7 | 3 | 2 | 4 | 8 | 1 |
| 2 | 7 | 1 | 4 | 8 | 9 | 5 | 3 | 6 |
| 8 | 3 | 4 | 6 | 5 | 1 | 2 | 9 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 20 जून, शुक्रवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, नवमी-09 .49 तक तत्पश्चात दशमी।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पश्चिम। **ऋतु**- ग्रीष्म।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-रेवती 09 .45 तक तत्पश्चात अश्विनी।

**मेष** – आज महिलाओं को सोशल मीडिया का सावधानीपूर्वक प्रयोग करना चाहिये। पारस्परिक संबंधों को दूसरों के कारण प्रभावित न होने दें। माता-पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। छात्र पढ़ाई को लेकर लापरवाह न रहें। उच्च अधिकारी आपके स्थानान्तरण को लेकर विचार कर सकते हैं।

**वृष** – आज आपके मनोबल में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में अपनी जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करेंगे। एसिडिटी जैसी समस्या हो सकती है। अविवाहित लोगों को विवाह के उत्तम प्रस्ताव मिल सकते हैं। व्यापार में आप विस्तार करने का विचार बना सकते हैं।

**मिथुन** – आज कार्यक्षेत्र में नए तरीकों को अपना सकते हैं। वैवाहिक जीवन काफी रोमान्टिक रहेगा। घर का वातावरण बहुत ही अच्छा रहने वाला है। भावनात्मक संबंध काफी गहरे होंगे। छोटी कारोबारी यात्रा होने के योग बन रहे हैं। व्यावसायिक सम्बन्ध काफी मजबूत हो सकते हैं।

**कर्क** – आज पैतृक व्यवसाय में अच्छी सफलता मिलेगी। नए लक्ष्यों को निर्धारित करने और उन्हे साधने की कोशिश करेंगे। घर का वातावरण बहुत ही शान्तिपूर्ण रहेगा। आपकी दिनचर्या बेहद संतुलित रहेगी। विद्यार्थी अध्ययन के प्रति एकाग्र रहेंगे।

**सिंह** – आज आपके काम थोड़े मंद गति से होंगे। शरीर में आलस्य और सुस्ती छा सकती है। परिजनों का पर्याप्त सहयोग नहीं मिलेगा। कोर्ट-कचहरी के मामलों में उलझ सकते हैं। बच्चों की सेहत को लेकर चिंता हो सकती है।

**कन्या** – आज मित्रों के माध्यम से कोई अच्छी खबर मिल सकती है। संपत्ति के विक्रय को लेकर आ रही बाधा दूर होगी। आपका स्वास्थ्य बहुत अच्छा रहेगा। लोग आपकी सोच और कार्यप्रणाली से काफी सहमत रहेंगे। मन में विचारों की अधिकता रहेगी।

**तुला** – आज कारोबार के विस्तार की योजना बना सकते हैं। घर के लिए नई वस्तुएं खरीद सकते हैं। समय का सार्थक उपयोग कर पायेंगे। रचनात्मक कार्यों में आपकी विशेष रुचि रहेगी। आज तले हुए भोजन का सेवन न करें।

**वृश्चिक** – आज आप संतान की शिक्षा पर अधिक ध्यान देंगे। सही रणनीति के साथ कार्य करने से आपको लाभ मिलेगा। खर्चों पर नियंत्रण करने का प्रयास करेंगे। प्रेमी जन के साथ घनिष्ठता का आनन्द लेंगे। मन में प्रतिस्पर्धा की भावना रहेगी। दूसरों के भरोसे बैठकर काम न करें।

**धनु** – आज अपनी बातों को लेकर अड़ियल रवैया अपनाने से बचना चाहिए। शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त होगा। हल्की-फुल्की बीमारियां आपको परेशान कर सकती हैं। जीवनसाथी आपसे कुछ उपहार की अपेक्षा रख सकता है।

**मकर** – आज विदेश में व्यापार कर रहे लोगों को लाभ मिलेगा। प्रबल इच्छाशक्ति से नए कार्यों को शुरू कर सकते हैं। अधिकारी आपका उत्साहवर्धन कर सकते हैं। वैवाहिक जीवन का तनाव दूर होगा। नए क्लाइंट्स के साथ आपके संबंध प्रगाढ़ होंगे।

**कुंभ** – आज आपको नजदीकी सम्बन्धियों के सहयोग से अभिभूत होंगे। अपनी परेशानियों को दोस्तों के साथ शेयर करें आपको बहुत अच्छा लगेगा। फाइनेन्स से जुड़े लोगों के लिए दिन विशेष रूप से शुभ है। आज खाली समय में पसन्दीदा संगीत का आनन्द उठा सकते हैं।

**मीन** – आज कार्यक्षेत्र में योग्यता और कुशलता का परिचय देंगे। उच्च पदों पर आसीन लोगों के लिए दिन राहत भरा रहने वाला है। पूर्व में किए गए वादों पर खरे उतरेंगे। घरेलू खर्चों में कमी आयेगी। परिवार में आपसी सहयोग और सौहाद्र का वातावरण रहेगा।

अमृत विचार
www.amritvichar.com
बरेली, शुक्रवार, 20 जून 2025


# स्विस बैंकों में भारतीयों का धन हुआ तीन गुना

## ग्राहक खातों में जमा धन में 11 प्रतिशत की वृद्धि, अब 34.6 करोड़ स्विस फ्रैंक हुआ

नई दिल्ली/ज्यूरिख, एजेंसी



● स्विट्जरलैंड के केंद्रीय बैंक के सालाना आंकड़ों से मिली जानकारी

स्विट्जरलैंड के बैंकों में जमा भारतीयों का धन 2024 में तीन गुना से अधिक होकर 3.5 अरब स्विस फ्रैंक (37,600 करोड़ रुपये) हो गया। स्थानीय शाखाओं और अन्य वित्तीय संस्थानों में रखे कोष में उछाल के साथ जमा राशि में वृद्धि हुई है। स्विट्जरलैंड के केंद्रीय बैंक के सालाना आंकड़ों से यह जानकारी मिली।

भारतीयों के ग्राहक खातों में जमा धन केवल 11 प्रतिशत बढ़ा और यह 34.6 करोड़ स्विस फ्रैंक ( 3,675 करोड़ रुपये) रहा। यह कुल धन का लगभग दसवां हिस्सा है। इससे पहले, 2023 में भारतीयों और फर्मों द्वारा स्विस बैंकों में जमा धन में 70% की गिरावट की आई थी और यह चार साल के निचले स्तर 1.04 अरब स्विस फ्रैंक पर आ गया था। इसमें स्थानीय शाखाओं और अन्य वित्तीय संस्थानों के माध्यम से रखी जमा राशि शामिल है। बीते वर्ष की जमा राशि 2021 के बाद से सबसे अधिक है। उस समय स्विस बैंकों में भारतीयों की जमा राशि 14 साल के उच्चतम स्तर 3.83 अरब स्विस फ्रैंक पहुंच गई थी। ये स्विस नेशनल बैंक (एसएनबी) को बैंकों से मिले आधिकारिक आंकड़े हैं और स्विट्जरलैंड में भारतीयों द्वारा रखे गए बहुचर्चित कथित काले धन की मात्रा का संकेत नहीं देते हैं। इन आंकड़ों में वह राशि भी शामिल नहीं है जो भारतीयों, एनआरआई या अन्य लोगों ने तीसरे देश की संस्थाओं के नाम पर स्विस बैंकों में रखी हो सकती है।

एसएनबी ने 2023 के अंत में स्विस बैंकों की 'कुल देनदारियों' या उनके भारतीय ग्राहकों के 'बकाया राशि' के रूप में कुल राशि 354.55 करोड़ स्विस फ्रैंक आंकी है। इसमें ग्राहक जमा में 34.6 करोड़ स्विस फ्रैंक (2023 के अंत में 31 करोड़ स्विस फ्रैंक से अधिक), अन्य बैंकों के माध्यम से रखे गए 3.02 अरब फ्रैंक (42.7 करोड़ फ्रैंक से अधिक), न्यासों के माध्यम से 4.1 करोड़ स्विस फ्रैंक (एक करोड़ स्विस फ्रैंक से अधिक) तथा बॉन्ड, प्रतिभूतियों और अन्य वित्तीय उत्पादों के रूप में 13.5 करोड स्विस फ्रैंक की राशि शामिल हैं।

एसएनबी के आंकड़ों के अनुसार, 2006 में कुल राशि लगभग 6.5 अरब स्विस फ्रैंक के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर थी। वर्ष 2011, 2013, 2017, 2020, 2021, 2022 और 2023 समेत कुछ वर्षों को छोड़कर इसमें कमी आई है। एसएनबी के अनुसार, भारतीय ग्राहकों के प्रति स्विस बैंकों की 'कुल देनदारियों' के लिए इसके आंकड़ों में स्विस बैंकों में भारतीय ग्राहकों के सभी प्रकार के कोष को शामिल किया गया है। इसमें व्यक्तियों, बैंकों और उद्यमों की जमा राशि भी शामिल है। इसमें भारत में स्विस बैंकों की शाखाओं के साथ-साथ गैर-जमा देनदारियों के आंकड़े भी शामिल है।

### सफाई : स्विस बैंक में रखी भारतीयों की संपत्ति काला धन नहीं

स्विस अधिकारियों ने हमेशा यह कहा है कि स्विट्जरलैंड में भारतीयों की रखी संपत्ति को 'काला धन' नहीं माना जा सकता है और वे कर धोखाधड़ी और चोरी के खिलाफ अपनी लड़ाई में भारत समर्थन करते हैं। स्विट्जरलैंड और भारत के बीच कर मामलों में सूचनाओं का स्वचालित आदान-प्रदान 2018 से लागू है। इस ढांचे के तहत, 2018 से स्विस वित्तीय संस्थानों में खाते रखने वाले सभी भारतीय निवासियों की विस्तृत वित्तीय जानकारी पहली बार सितंबर, 2019 में भारतीय कर अधिकारियों को दी गई थी और इसका अनुपालन हर साल किया जा रहा है। इसके अलावा, स्विट्जरलैंड प्रथम दृष्टया सबूत दिये जाने के बाद वित्तीय गलत कामों में लिप्त होने के संदेह वाले भारतीयों के खातों के बारे में सक्रिय रूप से विवरण साझा कर रहा है। अबतक सैकड़ों मामलों में इस प्रकार सूचनाओं का आदान-प्रदान हुआ है। संस्थानों सहित विदेशी ग्राहकों का कुल कोष 2024 में 977 अरब स्विस फ्रैंक रहा जो 2023 में 983 अरब स्विस फ्रैंक था।

## लिक्विड म्यूचुअल फंडः अल्पकालिक निवेश



लिक्विड म्यूचुअल फंड एक प्रकार का डेट फंड है, जो मुख्यत: बहुत अल्पकालिक (0 से 91 दिन) सरकारी प्रतिभूतियों, ट्रेजरी बिल्स और कम जोखिम वाले वाणिज्यिक पत्रों में निवेश करता है। यह उनके लिए उपयुक्त है जो अपने अतिरिक्त पैसे को कुछ समय के लिए सुरक्षित और तरल माध्यम में लगाना चाहते हैं, साथ ही बचत खाते से बेहतर रिटर्न की अपेक्षा रखते हैं। इस फंड की खासियत ये है कि इसमें पूंजी की सुरक्षा अपेक्षाकृत अधिक होती है और निवेश से तुरंत निकासी की सुविधा मिलती है। हालांकि, इसमें गारंटीशुदा रिटर्न नहीं होता और बाजार दरों में बदलाव के अनुसार रिटर्न में उतार-चढ़ाव हो सकता है।

### जोखिम पर दें ध्यान

- **ब्याज दर जोखिम :** अगर बाजार में ब्याज दरें तेजी से बदलती हैं, तो एनएवी (नेट एसेट वैल्यू) में मामूली घट-बढ़ हो सकती है।
- **क्रेडिट रिस्क :** यदि फंड कम गुणवत्ता वाले कर्ज उपकरणों में निवेश करता है और उधारकर्ता डिफॉल्ट कर जाए, तो नुकसान हो सकता है।
- गैर-गारंटीशुदा रिटर्न : बैंक एफडी की तरह यहां कोई निश्चित रिटर्न नहीं होता।

### निवेश से लाभ

- **उच्च तरलता :** लिक्विड फंड्स में पैसा एक दिन में वापस मिल जाता है। कुछ फंड तो इंस्टेंट विदड्रॉल की सुविधा भी देते हैं। बैंक सेविंग अकाउंट की तुलना में लिक्विड फंड अक्सर बेहतर रिटर्न देते हैं (औसतन 4%-6% वार्षिक)।
- **कम जोखिम :** यह अल्पकालिक निवेश साधनों में पैसा लगाते हैं, जिससे इनका जोखिम तुलनात्मक रूप से कम होता है। अधिकतर लिक्विड फंड्स में न तो एंट्री चार्ज होता है और न ही जल्दी निकासी पर पेनल्टी।

### किनके लिए उपयुक्त

जो लोग कुछ दिनों या हफ्तों के लिए पैसा पार्क करना चाहते हैं। जो आकस्मिक खर्चों के लिए तरल और सुरक्षित विकल्प खोज रहे हैं। कंपनियां और संस्थान जो अपने वर्किंग कैपिटल का प्रबंधन करना चाहती हैं।

### सशक्त और संतुलित

लिक्विड फंड्स अल्पकालिक निवेश के लिए सशक्त और संतुलित विकल्प हैं। यदि निवेशक जोखिम को समझकर, गुणवत्ता जांचकर निवेश करें, तो यह साधन लाभकारी साबित हो सकता है।

## स्वच्छ प्रौद्योगिकी इस्पात उद्योग की जरूरत

नई दिल्ली, एजेंसी



● केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने कार्बन उत्सर्जन कम करने पर दिया जोर

केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने कहा कि हरित इस्पात के उत्पादन के लिए कम कार्बन उत्सर्जन वाली प्रौद्योगिकियों को अपनाना अब एक विकल्प नहीं, बल्कि जरूरत है। उन्होंने साथ ही कार्बन उत्सर्जन कम करने की दिशा में कदम उठाने की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया। इस्पात मंत्री ने यह टिप्पणी इस्पात क्षेत्र में नवाचार एवं उभरती प्रौद्योगिकियों के उपयोग पर ध्यान केंद्रित करने को आयोजित बिगमिंट फ्यूचर स्टील कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए की।

मंत्री ने कार्यक्रम को ऑनलाइन संबोधित करते हुए कहा कि हरित इस्पात और स्वच्छ प्रौद्योगिकी अब एक विकल्प नहीं बल्कि एक जरूरत है। कुमारस्वामी ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में हमारा इस्पात उद्योग 2030 तक 30 करोड़ टन क्षमता तक पहुंचने के साहसिक लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है। हम न केवल विस्तार करने बल्कि 2070 तक शुद्ध शून्य लक्ष्य के अनुरूप स्थिरता लाने को भी प्रतिबद्ध हैं। सरकार ने दिसंबर 2024 में हरित इस्पात की परिभाषा पेश की थी और उद्योग से आग्रह किया था कि वे तैयार उत्पादों पर प्रति टन कार्बन उत्सर्जन को 2.2 टन के स्तर से नीचे लाने के लिए कदम उठाएं। वैश्विक स्तर पर कार्बन डाईऑक्साइड उत्सर्जन में इस्पात उद्योग की हिस्सेदारी करीब सात प्रतिशत है। इस्पात के दूसरे सबसे बड़े उत्पादक भारत के पास, वृद्धि को बनाए रखते हुए उत्सर्जन को कम करने में अग्रणी भूमिका निभाने की जिम्मेदारी एवं अवसर दोनों हैं।


## कुछ रूपों में आयातित सोने पर सरकार ने लगाया अंकुश

**नई दिल्ली।** सरकार ने देश में तरल रूप में सोने के अवैध प्रवाह को रोकने के मकसद से कुछ कोलाइडल बहुमूल्य धातुओं के आयात पर अंकुश लगा दिया है। कोलाइडल बहुमूल्य धातुएं तरल रूप में फैले सोने या चांदी के नैनो कणों का विलयन होती हैं।

एक अधिकारी ने कहा कि रासायनिक यौगिकों की आड़ में सोने के आयात को विनियमित करने के लिए यह कदम उठाना जरूरी था। उद्योग विशेषज्ञों के मुताबिक, कुछ आयातक थाईलैंड जैसे देशों से आयात के लिए इस तरीके का इस्तेमाल कर रहे थे। विदेश व्यापार महानिदेशालय ने अधिसूचना में कहा, सीटीएच 2843 श्रेणी के तहत आने वाली वस्तुओं की आयात नीति को तत्काल प्रभाव से 'मुक्त' से संशोधित कर 'अंकुश' किया जाता है। इसमें आने वाले उत्पादों में कोलाइडल कीमती धातुएं, कीमती धातुओं के अकार्बनिक या कार्बनिक यौगिक शामिल हैं।

## सकल मुद्रास्फीति में गिरावट अच्छा संकेत : क्रिसिल

कोलकाता, एजेंसी



● रेटिंग एजेंसी के अनुसार विनिर्माण क्षेत्र की बढ़ रही मुद्रास्फीति

रेटिंग एजेंसी क्रिसिल लि. ने कहा है कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित सकल मुद्रास्फीति इस साल मई में घटकर 2.8% पर आ गई। यह अर्थव्यवस्था के लिए एक अच्छा संकेत है। क्रिसिल ने कहा कि खाद्य मुद्रास्फीति में गिरावट सकल खुदरा मुद्रास्फीति को नीचे ला रही है, लेकिन मुख्य (कोर) मुद्रास्फीति यानी विनिर्माण क्षेत्र की मुद्रास्फीति बढ़ रही है। हालांकि, यह दशकीय रुख से नीचे है और अब लगातार चार महीनों से चार प्रतिशत से ऊपर है।

कोर यानी मुख्य मुद्रास्फीति में खाद्य और ऊर्जा से संबंधित अधिक अस्थिर मूल्य वाली वस्तुओं को शामिल नहीं किया जाता। क्रिसिल ने कहा कि मुख्य मुद्रास्फीति में लगातार वृद्धि सकल मुद्रास्फीति पर दबाव डाल सकती है। बढ़ती मुख्य मुद्रास्फीति अर्थव्यवस्था में घरेलू मांग को मजबूत होने का संकेत है। लेकिन मुख्य मुद्रास्फीति का गहराई से आकलन करने से पता चलता है कि इसकी हाल में वृद्धि घरेलू कारकों के बजाय वैश्विक आर्थिक अस्थिरता से जुड़ी है। क्रिसिल ने कहा कि सोने की कीमतें घरेलू के बजाय वैश्विक संकेतों पर प्रतिक्रिया करती हैं। हालांकि, सोने की सकल सीपीआई में हिस्सेदारी छोटी (कुल सूचकांक का 1.1%) है, लेकिन इसे मुख्य सीपीआई मुद्रास्फीति में शामिल करने से घरेलू मूल्य संकेत बिगड़ते हैं। भारत के मुख्य मुद्रास्फीति सूचकांक में सोने का भारांश अन्य देशों की तुलना में अधिक है। अन्य प्रमुख केंद्रीय बैंक भी मुख्य मुद्रास्फीति सूचकांक में सोने को शामिल करते हैं, लेकिन इसका भारांश भारत की तुलना में कम है। उनके मुख्य मुद्रास्फीति माप पर इसका प्रभाव सीमित होता है। भारत में सोने का भारांश संभवतः इसलिए अधिक है क्योंकि अन्य देशों की तुलना में खपत में इसकी हिस्सेदारी अधिक है।



### एक नजर

#### कर्नाटक में अल्पसंख्यकों के लिए आवासीय आरक्षण बढ़ा

**बेंगलुरु।** कर्नाटक मंत्रिमंडल ने गुरुवार को विभिन्न आवास योजनाओं के तहत अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षण 10 से बढ़ाकर 15 प्रतिशत करने का निर्णय लिया। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद राज्य के कानून एवं संसदीय कार्य मंत्री एचके पाटिल ने कहा, राज्य भर में शहरी और ग्रामीण, दोनों क्षेत्रों में आवास विभाग द्वारा लागू की जा रही विभिन्न आवास योजनाओं के तहत अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षण 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत करने का निर्णय लिया गया है।

#### दुष्कर्म के आरोप में डाक्टर गिरफ्तार, छात्रा से प्रयास

**देवास।** मप्र के देवास जिले के निजी मेडिकल कॉलेज में मरीज से दुष्कर्म के आरोप में 35 वर्षीय चिकित्सक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि इसी कॉलेज में हुई एक अन्य घटना में अज्ञात व्यक्ति ने छात्रावास में चाकू दिखाकर एमबीबीएस की छात्रा का यौन उत्पीड़न करने की कोशिश की। बैंक नोट प्रेस थाना प्रभारी अमित सोलंकी के अनुसार, डॉ. रूपम जैन ने 17 वर्षीय लड़की को जांच और परामर्श के लिए बुलाया था। अमलतास इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज' के निदेशक सुरेश भदौरिया ने कहा कि कुछ शिकायतें मिलने के बाद पांच जून को डॉ. जैन को बर्खास्त कर दिया गया।

#### अनंतनाग में आतंकियों का सहयोगी पकड़ा गया

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में वार्षिक अमरनाथ यात्रा से पहले चेहरों की पहचान करने वाली प्रणाली लगाई गई है, जिसकी मदद से आतंकवादियों के एक सक्रिय सहयोगी को पकड़ा गया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने एक्स इसकी जानकारी दी।

# सामाजिक न्याय राष्ट्रीय प्रगति में अहम

## सीजेआई गवई बोले- असमानताओं पर ध्यान दिए बिना लोकतांत्रिक राष्ट्र होने का दावा बेमानी

नई दिल्ली, एजेंसी



● सामाजिक-आर्थिक न्याय प्रदान करने में संविधान की भूमिका पर आयोजित समारोह को किया संबोधित

भारत के प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई ने कहा है कि समाज के बड़े हिस्से को हाशिए पर रखने वाली संरचनात्मक असमानताओं पर ध्यान दिए बिना कोई भी राष्ट्र वास्तव में प्रगतिशील या लोकतांत्रिक होने का दावा नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि दीर्घकालिक स्थिरता, सामाजिक सामंजस्य और सतत विकास प्राप्त करने को सामाजिक-आर्थिक न्याय एक व्यावहारिक आवश्यकता है।

देश में सामाजिक-आर्थिक न्याय प्रदान करने में संविधान की भूमिकाः भारतीय संविधान के 75 वर्षों के प्रतिबिंब विषय पर समारोह में सीजेआई ने कहा कि न्याय एक अमूर्त आदर्श नहीं है और इसे सामाजिक संरचनाओं, अवसरों के वितरण और लोगों के रहने की स्थितियों में जड़ें जमानी चाहिए। उन्होंने कहा, समाज के बड़े हिस्से को हाशिए पर रखने वाली संरचनात्मक असमानताओं पर ध्यान दिए बिना कोई भी राष्ट्र वास्तव में प्रगतिशील या लोकतांत्रिक होने का दावा नहीं कर सकता। दूसरे शब्दों में, दीर्घकालिक स्थिरता, सामाजिक सामंजस्य और सतत विकास प्राप्त करने के लिए सामाजिक-आर्थिक न्याय एक व्यावहारिक आवश्यकता है। सीजेआई ने कहा कि यह केवल पुनर्वितरण या कल्याण का मामला नहीं है, बल्कि यह हर व्यक्ति को सम्मान के साथ जीने, उसकी पूरी मानवीय क्षमता का एहसास कराने और देश के सामाजिक, आर्थिक तथा राजनीतिक जीवन में समान रूप से भाग लेने में सक्षम बनाने के बारे में भी है।

### संविधान की यात्रा महत्वपूर्ण सफलताओं की कहानी

प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई ने कहा, इस प्रकार, किसी भी देश के लिए, सामाजिक-आर्थिक न्याय राष्ट्रीय प्रगति का एक महत्वपूर्ण पहलू है। यह सुनिश्चित करता है कि विकास समावेशी हो, अवसरों का समान वितरण हो और सभी व्यक्ति, चाहे उनकी सामाजिक या आर्थिक पृष्ठभूमि कुछ भी हो, सम्मान और स्वतंत्रता के साथ रह सकें। इस विषय पर भाषण देने के लिए आमंत्रित करने पर चैंबर ऑफ इंटरनेशनल लॉयर्स को धन्यवाद देते हुए, न्यायमूर्ति गवई ने कहा कि सामाजिक-आर्थिक न्याय प्रदान करने में 75 वर्षों में संविधान की यात्रा महान महत्वाकांक्षा और महत्वपूर्ण सफलताओं की कहानी है। उन्होंने कहा, भारत के प्रधान न्यायाधीश के रूप में, मुझे यह कहते हुए गर्व हो रहा है कि भारतीय संविधान के निर्माता इसके प्रावधानों का मसौदा तैयार करते समय सामाजिक-आर्थिक न्याय की अनिवार्यता के प्रति गहनता से सचेत थे।

## अमरनाथ तीर्थयात्रियों की सुरक्षा के लिए केंद्र और राज्य सरकार प्रतिबद्ध

नई दिल्ली, एजेंसी



- केंद्रीय पर्यटन मंत्री शेखावत ने पहलगाम का किया दौरा
- एएसआई के साथ सुविधाओं व रखरखाव की समीक्षा की

केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने गुरुवार को अमरनाथ की यात्रा पर आने वाले तीर्थयात्रियों को उच्च स्तर की सुरक्षा दिए जाने का आश्वासन दिया। दक्षिण कश्मीर में अनंतनाग जिले के मट्टन में मार्तण्ड सूर्य मंदिर के दर्शन के बाद शेखावत ने तीर्थयात्रियों से घाटी के पर्यावरण और प्राकृतिक सौंदर्य को संरक्षित करने की भी अपील की।

शेखावत ने कहा, लोगों को अमरनाथ यात्रा के लिए आना चाहिए। अमरनाथ यात्रा सुरक्षित है, केंद्र और राज्य सरकार प्रतिबद्ध है और आपको एक खरोंच तक नहीं आएगी। अमरनाथ यात्रा तीन जुलाई से शुरू होगी और नौ अगस्त को समाप्त होगी। शेखावत ने नजदीकी पर्यटन स्थल पहलगाम का भी दौरा किया, जहां 22 अप्रैल को आतंकियों ने 25 पर्यटकों और एक स्थानीय खच्चर सेवा प्रदाता की हत्या कर दी थी। उन्होंने कहा कि कश्मीर सुरक्षित है और पर्यटकों को न केवल घाटी की प्राकृतिक सुंदरता बल्कि उसकी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत देखने के लिए भी कश्मीर आना चाहिए। घाटी में प्रसिद्ध स्मारकों के संरक्षण पर शेखावत ने कहा कि कुछ जीर्णोद्धार कार्य किए गए हैं, लेकिन और अधिक कार्य किए जाने की आवश्यकता है। केंद्रीय मंत्री ने 'एक्स' पर भी पोस्ट किया। शेखावत ने कहा कि उन्होंने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) और जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ वहां पर्यटक सुविधाओं और रखरखाव के प्रयासों की समीक्षा की।

## एअर इंडिया ने मंगलुरु और दुबई के बीच एक दैनिक उड़ान की निलंबित

मंगलुरु, एजेंसी

एअर इंडिया एक्सप्रेस ने परिचालन कारणों का हवाला देते हुए 17 से 30 जून तक मंगलुरु अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से दुबई के लिए अपनी दो दैनिक उड़ानों में से एक को अस्थायी रूप से रद्द कर दिया है। एअर इंडिया एक्सप्रेस के इस निर्णय के कारण मंगलुरु-दुबई सेक्टर पर साप्ताहिक उड़ानों की संख्या 18 से घटकर 11 रह गई है। हालांकि इंडिगो ने दुबई के लिए अपनी चार साप्ताहिक उड़ानों में बदलाव नहीं किया है।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, उड़ानों में यह कटौती पश्चिम एशिया संकट के कारण इज़राइल, ईरान, इराक और जॉर्डन के ऊपर अनेक इलाकों में हवाई क्षेत्र बंद होने से हुई है। इससे यूरोप, एशिया और पश्चिम एशिया के बीच विमान संचालन पर काफी असर पड़ा है।

### लेह जाने वाला इंडिगो का विमान तकनीकी समस्या से दिल्ली लौटा

**नई दिल्ली।** लेह जाने वाला इंडिगो का विमान गुरुवार सुबह तकनीकी समस्या से दिल्ली लौट आया। उड़ान पर नजर रखने वाली वेबसाइट फ्लाइटराडार24. कॉम के अनुसार, दिल्ली से लेह जाने वाली उड़ान का परिचालन करने वाला विमान दो घंटे से अधिक समय तक आसमान में रहने के बाद लौट आया।

## कांग्रेस के कुछ नेताओं से मेरी राय अलग है : शशि थरूर

**तिरुवनंतपुरम।** कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) के सदस्य शशि थरूर ने गुरुवार को कहा कि पार्टी नेतृत्व में कुछ नेताओं से उनके मतभेद हैं, लेकिन नीलांबुर निर्वाचन क्षेत्र में उपचुनाव के मद्देनजर वह इस बारे में बात नहीं करेंगे। थरूर ने कहा कि कांग्रेस, उसके मूल्य और उसके कार्यकर्ता उन्हें बहुत प्रिय हैं। उन्होंने 16 वर्ष तक कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर काम किया है और वह उन्हें अपना मित्र एवं भाई मानते हैं। थरूर ने कहा, कांग्रेस नेतृत्व में कुछ लोगों से मेरी राय अलग है। आप जानते हैं कि मैं किस बारे में बात कर रहा हूं, क्योंकि उनमें से कुछ मुद्दे सार्वजनिक हैं और आपने (मीडिया ने) इस बारे में खबरें दी हैं। थरूर ने संकेत दिया कि वह उपचुनाव के नतीजों के बाद उन मतभेदों के बारे में बात कर सकते हैं।



### आफत की बारिश



महाराष्ट्र में हो रहे भारी बारिश ने जनजीवन प्रभावित कर दिया है। सड़कों पर जलभराव होने से यातायात प्रभावित है। वहीं, भारी बारिश के कारण गोदावरी नदी का तट बाढ़ की चपेट में आ गया है। एजेंसी

## ठग लाइफ फिल्म का विरोध करने वालों पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

नई दिल्ली, एजेंसी



● हसन की कन्नड़ भाषा पर की टिप्पणी के बाद मिली थीं धमकियां

सुप्रीम कोर्ट ने कर्नाटक सरकार को अभिनेता से नेता बने कमल हासन की मुख्य भूमिका वाली फिल्म 'ठग लाइफ' के प्रदर्शन को लेकर धमकी देने अथवा हिंसा का रास्ता चुनने वालों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। अभिनेता की कन्नड़ भाषा पर की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के बाद एक समूह की ओर से धमकियां दी गई थीं कि फिल्म का प्रदर्शन नहीं होने दिया जाएगा।

न्यायमूर्ति उज्जल भुयान और न्यायमूर्ति मनमोहन की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने बेंगलुरु निवासी एम महेश रेड्डी और अन्य द्वारा दायर याचिकाओं पर संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद गुरुवार को यह निर्देश दिया। पीठ ने कर्नाटक सरकार को निर्देश देते हुए कहा कि 'ठग लाइफ' के राज्य में प्रदर्शन पर अगर कोई व्यक्ति अथवा संगठन हिंसा का रास्ता अपनाता है अथवा किसी प्रकार की धमकी देता है तो उसके खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जाए।

पीठ ने राज्य सरकार के वकील डी एल चिदानंद का यह बयान दर्ज किया कि वह सभी हितधारकों को सुरक्षा प्रदान करेगी, जिससे कर्नाटक में फिल्म की रिलीज का रास्ता साफ होगा। पीठ ने कर्नाटक सरकार के हलफनामे पर गौर करने के बाद कहा,राज्य ने स्पष्ट रूप से कहा है कि उसने फिल्म पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया है और अगर फिल्म प्रदर्शित होती है तो राज्य सरकार पूरी सुरक्षा प्रदान करेगी।सुनवाई के दौरान अधिवक्ता चिदानंद ने कहा कि फिल्म के प्रदर्शन को लेकर विवाद कन्नड़ फिल्म उद्योग की शीर्ष संस्था कर्नाटक फिल्म चैंबर ऑफ कॉमर्स (केएफसीसी) और फिल्म निर्माताओं के बीच है।

### एडीजीपी के खिलाफ जांच ट्रांसफर करने के बारे में बताए तमिलनाडु सरकार

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को तमिलनाडु सरकार से इस बारे में उसे अवगत कराने को कहा कि अपहरण के मामले में एडीजीपी एचएम जयराम के खिलाफ जांच विशेष शाखा या सीआईडी को स्थानांतरित की जा सकती है या नहीं। इससे पहले तमिलनाडु सरकार ने कहा था कि वह चाहती है कि मामले में जांच पूरी होने तक एडीजीपी का निलंबन जारी रहे। न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां और मनमोहन की पीठ को तमिलनाडु सरकार के वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ दवे ने बताया कि अवर पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) जयराम का निलंबन अपहरण मामले में हाईकोर्ट के 16 जून के आदेश के अनुरूप नहीं है और उनके खिलाफ अन्य आरोप भी हैं। दवे ने कहा कि नियमों के तहत ही जयराम को उनके खिलाफ आपराधिक मामले में जांच लंबित रहने तक निलंबित रखा जा सकता है। दवे से पीठ ने कहा कि वह हाईकोर्ट के जज के समक्ष लंबित मामले को अन्य जज को स्थानांतरित करने पर विचार कर रही है।

## मुंबई हवाई अड्डे से 25 करोड़ का मादक पदार्थ जब्त, तीन गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से 24.66 करोड़ का मादक पदार्थ जब्त किया गया है और दो यात्रियों सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सीमा शुल्क अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि यह मादक पदार्थ थाईलैंड से तस्करी कर भारत लाया गया था। गिरफ्तार लोगों में वह व्यक्ति भी है, जो मादक पदार्थ की इस खेप को लेने आया था और हवाई अड्डे के बाहर इंतजार कर रहा था। अधिकारियों ने बैंकाक से आए दो यात्रियों को रोका और तलाशी में मादक पदार्थ बरामद किया है।

## सोनम व उसके प्रेमी के परिचितों और टैक्सी चालक से पूछताछ

इंदौर (मप्र), एजेंसी

### राजा रघुवंशी हत्याकांड

राजा हत्याकांड की कड़ियां जोड़ने के लिए इंदौर आई मेघालय पुलिस ने गुरुवार को दो मुख्य आरोपियों-सोनम और उसके प्रेमी राज कुशवाह के परिचितों के साथ ही एक टैक्सी चालक से पूछताछ की। चश्मदीदों ने बताया कि सोनम के भाई गोविंद गुरुवार को स्थानीय पुलिस की अपराध निरोधक शाखा के उस दफ्तर के बाहर नजर आए जहां लोगों से पूछताछ की गई।

इससे पहले बुधवार को मेघालय पुलिस की जांच के दौरान गोविंद कई स्थानों पर दिखाई दिए थे। गोविंद ने कहा कि उन्हें दफ्तर में बुलाया गया था, लेकिन उनसे कोई पूछताछ नहीं हुई। उन्होंने बताया कि इस दफ्तर में उनके पारिवारिक कारोबार के कुछ कर्मचारियों और कुशवाह से जुड़े लोगों से पूछताछ की गई। सोनम का परिवार सनमाइका शीट का कारोबार करता है। वह अपने पति राजा रघुवंशी के हत्याकांड में गिरफ्तारी से पहले तक मायके के कारोबारी प्रतिष्ठान का काम-काज संभाल रही थी।

# भारतीय टीम के नये दौर की शुरुआत

## शुभमन गिल के नेतृत्व में भारतीय युवा टीम इंग्लैंड के सामने पेश करेगी कड़ी चुनौती



शुभमन गिल।

लीड्स, एजेंसी

नया कप्तान, दृढ़ निश्चयी कोच, कुछ पुराने और कुछ नये चेहरे। अगले 45 दिनों में ये सब एक दिलचस्प कहानी गढ़ने के लिए प्रतिबद्ध होंगे। बहुप्रतीक्षित इंतजार का रोमांच शुक्रवार से शुरू हो जाएगा, जब भारत एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के लिए पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के पहले मैच में इंग्लैंड से भिड़ेगा।

भारत अभी तक इंग्लैंड में केवल तीन बार टेस्ट श्रृंखला जीत पाया है। उसने 1971 में अजीत वाडेकर, 1986 में कपिल देव और 2007 में राहुल द्रविड़ की अगुवाई में यह उपलब्धि हासिल की थी। अब शुभमन गिल इस सूची में अपना नाम लिखवाने के लिए बेताब होंगे। लेकिन यह इतना आसान नहीं होगा क्योंकि विराट कोहली, रोहित शर्मा और रविचंद्रन अश्विन के संन्यास लेने के कारण भारतीय टीम बदलाव के दौर से गुजर रही है। इससे वह अनुभव के मामले में थोड़ा कमजोर नजर आती है। पच्चीस वर्षीय गिल के लिए यह श्रृंखला अग्निपरीक्षा से कम नहीं होगी, क्योंकि इंग्लैंड की टीम ने ब्रेंडन मैकुलम की कोचिंग और बेन स्टोक्स की कप्तानी में टेस्ट मैच की बल्लेबाजी की परंपराओं को बदल दिया है। यह देखना दिलचस्प होगा कि भारतीय टीम उनके आक्रामक रवैये का किस तरह से जवाब देती है। भारत के 37वें टेस्ट कप्तान के रूप में गिल का चयन इस बात पर अधिक आधारित था कि उनसे क्या अपेक्षा की जा सकती है। उनको यहां काफी कुछ साबित करना है। असामान्य रूप से गर्म लीड्स (शुक्रवार को अधिकतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस हो सकता है) और हेडिंग्ले की आठ मिमी घास से भरी 22 गज की पिच इंग्लैंड के लिए बहुत भाग्यशाली नहीं रही है। ऐसे में जो भी टीम अच्छी बल्लेबाजी करेगी उसकी जीत की संभावना बढ़ जाएगी। टेस्ट क्रिकेट में 36 शतकों सहित 13,000 से अधिक रन बनाने वाले जो रूट की मौजूदगी में इंग्लैंड की बल्लेबाजी कागजों पर भारत की तुलना में बेहतर नजर आती है।

भारतीय टीम में सबसे अनुभवी बल्लेबाज केएल राहुल (58 टेस्ट, 3257 रन) हैं। लेकिन जसप्रीत बुमराह की अगुवाई वाला भारतीय गेंदबाजी आक्रमण इंग्लैंड की तुलना में मजबूत नजर आता है जिससे दोनों टीमों की स्थिति बराबर लगती है। ऐसा तब है जबकि तेज गेंदबाज बुमराह केवल तीन टेस्ट मैचों के लिए उपलब्ध है। कोहली और रोहित की अनुपस्थिति के बावजूद भारत इंग्लैंड के गेंदबाजों को दबाव में ला सकता है। जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड के संन्यास लेने तथा कुछ अन्य गेंदबाजों के चोटिल होने के कारण इंग्लैंड का आक्रमण कमजोर नजर आता है। क्रिस वोक्स, ब्रायडन कार्स, जोश टंग और शोएब बशीर तथा कप्तान स्टोक्स का गेंदबाजी आक्रमण विपक्षी टीम में कोई खौफ पैदा नहीं करता। कोहली और रोहित के जाने के बाद भारतीय टीम के ड्रेसिंग रूम में सबसे प्रभावशाली व्यक्ति मुख्य कोच गौतम गंभीर का अभी तक कोच के रूप में रिकॉर्ड अच्छा नहीं रहा है और वह इसे और खराब नहीं करना चाहेंगे। इस सीरीज में गंभीर के रणनीतिक कौशल की असली परीक्षा भी होगी। अभ्यास के दौरान स्लिप कॉर्डन की संरचना को देखते हुए करुण नायर की वापसी तय लगती है, जहां उन्हें पहली स्लिप में तैनात किया गया था, लेकिन एक और बल्लेबाजी स्थान है जिसको लेकर टीम प्रबंधन को काफी विचार विमर्श करना होगा। क्या गंभीर एक अतिरिक्त बल्लेबाज़ को खिलाएंगे और प्रतिभाशाली बी साई सुदर्शन को अपना पहला टेस्ट खेलने का मौका देंगे या फिर वह एक अतिरिक्त विशेषज्ञ बल्लेबाज़ की कमी की भरपाई के लिए नीतीश रेड्डी और शार्दुल ठाकुर जैसे ऑलराउंडर को खिलाएंगे। स्पिन विभाग में कुलदीप यादव और रविंद्र जडेजा में से किसी एक को खिलाने को लेकर टीम प्रबंधन का फैसला काफी दिलचस्प होगा। कुलदीप यहां की परिस्थितियों में सफल हो सकते हैं।

### टीम

**भारत :** शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (उपकप्तान और विकेटकीपर), यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, नितीश रेड्डी, रवींद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, हर्षित राणा।

**इंग्लैंड (अंतिम एकादश) :** बेन स्टोक्स (कप्तान), जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रुक, जेमी स्मिथ (विकेट कीपर), क्रिस वोक्स, ब्रायडन कार्स, जोश टंग और शोएब बशीर।

**45** दिन तक चलेगी पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला

**03** बार इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज जीच चुका भारत

**29** डिग्री सेल्सियस तापमान में होगा मुकाबला



बेन स्टोक्स

## टेस्ट सीरीज जीतना बड़ी उपलब्धि होगी : गिल

लीड्स, एजेंसी

भारत के नये टेस्ट कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि इंग्लैंड, आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला जीतना आईपीएल खिताब जीतने से बड़ी उपलब्धि है।

विराट कोहली, रोहित शर्मा और आर अश्विन जैसे धुरंधरों के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद 25 बरस के गिल इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में भारत की कप्तानी करेंगे। यह पूछे जाने पर कि इंग्लैंड में टेस्ट श्रृंखला जीतने और आईपीएल खिताब में से वह किसे ऊपर रखेंगे, उन्होंने कहा निश्चित तौर पर टेस्ट श्रृंखला में जीत को। उन्होंने कहा आपको बतौर कप्तान इंग्लैंड दौरे के ज्यादा मौके नहीं मिलते। अगर आप अपनी पीढी में सर्वश्रेष्ठ में से हैं तो शायद दो दौरे या तीन। गिल ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा आईपीएल हर साल होता है और हर साल मौका मिलता है। मेरे ख्याल से इंग्लैंड, आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका में जीत बड़ी है। इंग्लैंड में लाल गेंद से खेलने का भले ही गिल को अनुभव नहीं है लेकिन वह चुनौती से विचलित भी नहीं हैं। उन्होंने कहा कई लोग कहते हैं कि आपकी टीम के पास उतना अनुभव नहीं है लेकिन अच्छी बात यह है कि हम पर अपेक्षाओं का उतना बोझ नहीं होगा क्योंकि अधिकांश खिलाड़ी इंग्लैंड में खेले नहीं है। इससे काफी फर्क पड़ेगा।

## एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का श्रृंखला से पहले अनावरण

लीड्स, एजेंसी

- ये पटौदी ट्रॉफी और एंथोनी डि मेलो ट्रॉफी की जगह लेगी
- ट्रॉफी पहले 14 जून को लांच होनी थी पर विमान हादसे को बाद टल गई

महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर और जेम्स एंडरसन ने बृहस्पतिवार को भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला के पहले मैच से पहले एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का औपचारिक रूप से अनावरण किया। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने मिलकर दोनों देशों के बीच होने वाली श्रृंखला का नाम बदलकर एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी रखा है।

इससे अब यह भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट मैच के लिए पटौदी ट्रॉफी (इंग्लैंड में श्रृंखला के लिए) और एंथोनी डि मेलो ट्रॉफी (भारत में श्रृंखला के लिए) की जगह लेगी। यह ट्रॉफी पहले 14 जून को लांच होनी थी लेकिन अहमदाबाद में एयर इंडिया विमान दुर्घटना के कारण इसकी तारीख आगे खिसका दी गई। पटौदी परिवार के प्रति सम्मान को बरकरार रखते हुए भारत-इंग्लैंड टेस्ट श्रृंखला के विजेता कप्तान को नए पटौदी पदक से सम्मानित किया जाएगा। ट्रॉफी में एंडरसन और तेंदुलकर की 'एक्शन' की छवि है और साथ ही उनके उभरे हुए हस्ताक्षर भी हैं। महान बल्लेबाज तेंदुलकर ने एक दशक से भी अधिक समय पहले अपने 200वें टेस्ट के बाद क्रिकेट से संन्यास ले लिया था, वहीं एंडरसन ने अपना 188वां और आखिरी टेस्ट 2024 में खेला था।



इंग्लैंड के लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के साथ तस्वीरें खिंचवाते सचिन तेंदुलकर और इंग्लैंड के जेम्स एंडरसन। ● एजेंसी

### अपने फैसलों पर फोकस रखें शुभमन : तेंदुलकर

**नई दिल्ली :** महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का मानना है कि भारतीय क्रिकेट में बदलाव के कठिन दौर में टीम की कमान संभालने जा रहे शुभमन गिल को उचित समय और सहयोग दिया जाना चाहिए। उन्होंने नये कप्तान को सलाह दी कि ड्रेसिंग रूम से बाहर की टिप्पणियों पर सोचे बिना वह अपनी रणनीति पर फोकस रखें। हेडिंग्ले में पहले टेस्ट से पूर्व पीटीआई को दिये इंटरव्यू में तेंदुलकर ने कहा मुझे लगता है कि उसे (गिल को) समय देना होगा।

## भारतीय क्रिकेट के पास प्रतिभा का भंडार : स्टोक्स

**लीड्स :** इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने बृहस्पतिवार को कहा कि उन्हें नहीं लगता कि विराट कोहली, रोहित शर्मा और आर अश्विन की गैर मौजूदगी से भारतीय टीम कमजोर हुई है। क्योंकि उसके पास इस कमी को पूरा करने के लिए प्रतिभा का भंडार है।

स्टोक्स ने पहले टेस्ट की पूर्व संध्या पर प्रेस कांफ्रेंस में कहा काफी कुछ कहा जा रहा है कि विराट नहीं है, रोहित नहीं है और अश्विन नहीं है लेकिन इसके यह मायने नहीं है कि भारत के खिलाफ यह पहले से आसान मुकाबला होगा। भारतीय क्रिकेट के पास प्रतिभा का भंडार है। उन्होंने कहा विराट, रोहित और अश्विन ने देश के लिए शानदार प्रदर्शन किया है लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि उनकी जगह लेने वाले खिलाड़ियों के सामने बल्लेबाजी या गेंदबाजी करना आसान होगा।

स्टोक्स ने कहा ये तीनों बहुत बड़े नाम हैं जिन्होंने देश के लिए शानदार प्रदर्शन किया है, लेकिन इनके नहीं होने से चुनौती आसान नहीं होगी।

### एक नजर

#### सैमसोनोवा ने दो मैच प्वाइंट बचाकर पेगुला को हराया

**बर्लिन :** लियुडमिला सैमसोनोवा ने दो मैच प्वाइंट बचाकर बुधवार को यहां तीसरी रैंकिंग की जेसिका पेगुला को 6-7 (8), 7-5, 7-6 (5) से हराकर बर्लिन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। विश्व में 20वीं रैंकिंग की खिलाड़ी सैमसोनोवा ने इस ग्रास कोर्ट टूर्नामेंट में तीन घंटे 21 मिनट तक चले मैच में गत विजेता के खिलाफ 18 ऐस लगाए। इससे पहले मंगलवार को नाओमी ओसाका को तीन सेटों में हराने वाली सैमसोनोवा ने पेगुला के खिलाफ निर्णायक सेट में 5-4 के स्कोर पर अपनी सर्विस पर दो मैच प्वाइंट बचाए। शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका का क्वालीफायर रेबेका मासरोवा के खिलाफ मैच बीच में स्थगित कर दिया गया क्योंकि कोर्ट फिसलन भरा हो गया था।

#### विंबलडन चैंपियन पेत्रा क्वितोवा ने कहा, सितंबर में संन्यास लूंगी

**लंदन :** दो बार की विंबलडन चैंपियन पेत्रा क्वितोवा ने सोशल मीडिया पर घोषणा की कि उनकी योजना कुछ महीनों के अंदर संन्यास लेने की है। चेक गणराज्य की इस खिलाड़ी को 30 जून से शुरू होने वाले विम्बलडन के लिए बुधवार को वाइल्ड कार्ड दिया गया था। क्वितोवा ने कहा, ''मैं एक बार फिर विम्बलडन चैंपियनशिप खेलने के लिए रोमांचित हूं जहां मेरे करियर की खुशगवार यादें हैं। मैं अपना करियर न्यूयॉर्क में अमेरिकी ओपन में खेलकर खत्म करने की इच्छा रखती हूं।

#### ऑल इंडिया लॉन टेनिस चैंपियनशिप में तपस्वी ने जीता स्वर्ण पदक

**सोनीपत :** हरियाणा के सोनीपत के कुंडली में आयोजित ऑल इंडिया लॉन टेनिस चैंपियनशिप सीरीज अंडर-14 में लिटल एंजल्स लॉन टेनिस एकेडमी के खिलाड़ी तपस्वी ने प्रतियोगिता के फाइनल मैच में दिल्ली के खिलाड़ी वेदांत को 6-4, 7-5 के स्कोर से हराकर स्वर्ण पदक जीता। तपस्वी ने इस जीत के साथ ना केवल अपनी एकेडमी बल्कि राज्य का नाम भी रौशन किया। प्रतियोगिता में लगभग 85 खिलाड़ियों ने भाग लिया। तपस्वी जूनियर स्तर पर अपने खेल का बेहतर प्रदर्शन करते हुए अब पुणे में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेगा।

## नायर की वापसी से राहुल उत्साहित

लीड्स, एजेंसी

- उम्मीद जताई कि लंबे समय तक देश की तरफ से खेलेंगे
- नायर और राहुल, दोनों 33 साल के हैं और करीबी दोस्त हैं

सीनियर बल्लेबाज केएल राहुल शुक्रवार से यहां इंग्लैंड के खिलाफ शुरू हो रही पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला में करुण नायर की भारतीय टेस्ट टीम में वापसी से काफी उत्साहित हैं।

उनको उम्मीद है कि वह अपने इस करीबी दोस्त के साथ लंबे समय तक देश की तरफ से खेलेंगे। नायर और राहुल, दोनों 33 साल के हैं और बचपन से ही एक साथ आयु वर्ग की क्रिकेट खेलते आए हैं और दोनों करीबी दोस्त हैं। राहुल जहां भारतीय टीम का अभिन्न अंग रहे हैं वही नायर को टेस्ट क्रिकेट में तिहरा शतक लगाने के बावजूद आठ साल तक टीम से बाहर रखा गया।

राहुल ने आईपीएल की अपनी टीम दिल्ली कैपिटल्स की मीडिया टीम से कहा हमने 11 साल की उम्र में एक साथ क्रिकेट खेलना शुरू किया था और तब से हम इस सफर पर हैं। हम दोनों के जीवन में उतार-चढ़ाव आए। उसे मौका मिला, उसने तिहरा शतक बनाया और इसके बाद कई कारणों से उसे मुश्किल समय का सामना करना पड़ा। उन्होंने घरेलू क्रिकेट में नायर के शानदार प्रदर्शन का जिक्र करते हुए कहा लेकिन उसने पिछले दो-तीन वर्षों में जिस तरह का प्रदर्शन किया है, वह उल्लेखनीय है। उसने काफी मुश्किलों का सामना किया और भारतीय टीम में वापसी करने में सफल रहा। मुझे उम्मीद है कि हम दोनों लंबे समय तक भारतीय टीम की तरफ से खेलेंगे। राहुल ने फिर से कहा कि सीरीज में विराट कोहली और रोहित शर्मा की कमी बहुत खलेगी।

## जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग लेंगे 640 मुक्केबाज

**नई दिल्ली :** देशभर से 640 मुक्केबाज गुरुवार से रोहतक में शुरू हो रही छठी जूनियर (अंडर-17) लड़के और लड़कियों की राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में भाग लेंगे।

जूनियर लड़के और लड़कियों की प्रतियोगिताओं में 44-46 किलोग्राम से लेकर 80 किलोग्राम से अधिक तक कुल 13 वजन वर्ग होंगे। सेना खेल नियंत्रण बोर्ड लड़कों के वर्ग में, जबकि हरियाणा लड़कियों के वर्ग में गत विजेता के रूप में उतरेगा।

## धूम मचाने के लिए तैयार हैं शुभमन : गैरी कर्स्टन

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के पूर्व मुख्य कोच गैरी कर्स्टन ने भारतीय टीम के नये टेस्ट कप्तान शुभमन गिल का समर्थन करते हुए कहा है कि वह शुक्रवार से लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ शुरू हो रही पांच मैचों की श्रृंखला से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में धूम मचाने के लिए तैयार हैं।

गिल की कप्तानी वाली आईपीएल टीम गुजरात टाइटन्स के मेंटोर रहे कर्स्टन का मानना है कि 25 वर्षीय गिल में अच्छे नेतृत्वकर्ता बनने के सभी गुण मौजूद हैं। कर्स्टन ने जियो हॉटस्टार से कहा मुझे लगता है कि शुभमन एक बेहतरीन कप्तान साबित होंगे। वह एक स्मार्ट क्रिकेटर हैं। उनके पास खेल के लिए अच्छा दिमाग है और वह अपने खेल को समझते हैं। वह बहुत प्रतिभाशाली हैं और एक अच्छे इंसान हैं, जो मुझे लगता है कि बहुत महत्वपूर्ण है।

दक्षिण अफ्रीका के इस पूर्व बल्लेबाज ने कहा शुभमन के बारे में मुझे जो एक बात सबसे ज़्यादा पसंद है, वह यह है कि वह जो कहते हैं, वही करते हैं। वह बहुत मेहनती हैं और यह बात दूसरे खिलाड़ियों के लिए बेहतरीन उदाहरण है। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज मैथ्यू हेडन ने कहा गिल को अभी टेस्ट क्रिकेट में अपनी जगह मजबूत करनी होगी।

## बीमार होने के कारण नहीं खेल पाए एमबाप्पे, ड्रा रहा मुकाबला

मियामी गार्डन्स (अमेरिका), एजेंसी

स्टार फारवर्ड किलियन एमबाप्पे बीमार होने के कारण नहीं खेल पाए। जिससे रियाल मैड्रिड क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट में अपेक्षित शुरुआत नहीं कर पाया और उसे सऊदी अरब के क्लब अल हिलाल के खिलाफ अपना पहला मैच 1-1 से ड्रॉ खेलना पड़ा।



रियाल मैड्रिड के कोच ज़ाबी अलोंसो ने हार्ड रॉक स्टेडियम में अल हिलाल के खिलाफ़ मैच से पहले कहा एमबाप्पे को बुखार है। वह अच्छा महसूस नहीं कर रहा है। उम्मीद है कि वह अगले मैच में वापसी करेगा। रियाल मैड्रिड के पास मैच के आखिरी समय में जीत हासिल करने का सुनहरा मौका था जब उसे वीडियो समीक्षा प्रणाली के जरिए इंजरी टाइम में पेनल्टी किक मिली थी लेकिन फेडरिको वाल्वरडे उसे गोल में नहीं बदल पाए। इस तरह से 15 बार के यूरोपीय चैंपियन के कोच के रूप में अपने पहले मैच में अलोंसो जीत से शुरुआत नहीं कर पाए। इससे पहले गोंजालो गार्सिया ने 34वें मिनट में रियाल मैड्रिड के लिए गोल किया। इसके सात मिनट बाद रूबेन नेवेस ने पेनल्टी किक पर अल हिलाल के लिए बराबरी का गोल किया। प्रतियोगिता के वाशिंगटन में खेले गए एक अन्य मैच में रैंडल कोलो मुआनी और फ्रांसिस्को कोन्सीसाओ के दो-दो गोल की मदद से युवेंटस ने अल ऐन को 5-0 से हराया। इटली के क्लब युवेंटस के लिए कोलो मुआनी ने 11वें मिनट में पहला गोल किया। इसके 10 मिनट बाद कोन्सीसाओ ने पेनल्टी बॉक्स के अंदर गेंद को ड्रिबल किया।

## जूनियर तीरंदाजों का अच्छा प्रदर्शन जारी

सिंगापुर, एजेंसी

भारतीय जूनियर तीरंदाजों ने अपना दबदबा कायम रखते हुए गुरुवार को यहां एशिया कप के दूसरे चरण में तीन स्पर्धाओं के फाइनल में प्रवेश किया। दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीय पुरुष रिकर्व टीम ने एकतरफा सेमीफाइनल में पांचवीं वरीयता प्राप्त बांग्लादेश को 5-1 से हराकर फाइनल में जगह बनाई, जहां उसका सामना तीसरी वरीयता प्राप्त जापान से होगा। विष्णु चौधरी, पारस हुड्डा और जुयेल सरकार की तिकड़ी ने शुरू से ही दबदबा बनाते हुए पहला सेट 55-48 से जीता। दूसरा सेट 55-55 से बराबर रहा, लेकिन भारतीय टीम ने अच्छी वापसी की और तीसरे सेट में सिर्फ एक अंक गंवाकर 59-56 से सेट और मैच अपने नाम कर दिया।



भारतीय जूनियर महिला तीरंदाज टीम। ● एजेंसी

वैष्णवी पवार, कीर्ति और तमन्ना की भारतीय महिला रिकर्व टीम को हालांकि निराशा हाथ लगी। भारत की पांचवीं वरीयता प्राप्त टीम पांच सेट तक चले क्वार्टर फाइनल के इस मुकाबले में शूट-ऑफ में चौथी वरीयता प्राप्त जापान से 4-5 (26-28) से हार गईं। भारतीय टीम ने पहला सेट 47-49 से गंवा दिया और दूसरे सेट में जापान के 55 अंकों के मुकाबले केवल 34 अंक ही हासिल कर सकी। भारतीय खिलाड़ियों ने हालांकि शानदार वापसी की तथा तीसरा सेट 55-53 से और चौथा सेट 54-52 से जीतकर स्कोर 4-4 से बराबर कर दिया। शूट-ऑफ में जापान सिर्फ दो अंकों से आगे रहा।

भारत ने कम्पाउंड पुरुष टीम स्पर्धा

### एशिया कप

के फाइनल में पहुंचने से एक और पदक पक्का किया। कुशल दलाल, गणेश थिरुमुरु और मिहिर अपार की शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय टीम ने सेमीफाइनल में पांचवीं वरीयता प्राप्त ऑस्ट्रेलिया को हराया। इसका फैसला शूट-ऑफ (30-29) से हुआ। दोनों टीमें चार सेटों के बाद 232 अंकों पर बराबर थीं। फाइनल में भारत का मुकाबला कजाकिस्तान से होगा। शानमुखी बुड्डे, तेजल साल्वे और तनिष्का थोकल की शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय कंपाउंड महिला टीम ने भी सेमीफाइनल में चौथी वरीयता प्राप्त कजाकिस्तान को 230-229 से हराकर पदक पक्का किया। फाइनल में उसका मुकाबला मलेशिया से होगा।

## बांध का दीदार



पुणे के खड़कवासला बांध में जलग्रहण क्षेत्र में बारिश के बाद बढ़े हुए जलस्तर का नजारा लेते पर्यटक। बांध में मुथा नदी बेसिन में लगभग 2000 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। एजेंसी

# ब्लैक बॉक्स कहां होगा डिकोड, एएआईबी लेगा निर्णय

## मंत्रालय ने कहा- साइट दस्तावेजीकरण और साक्ष्य संग्रह इकट्ठा करने का प्रमुख कार्य पूरा हो चुका

**मुंबई, एजेंसी**

विमान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो एयर इंडिया के दुर्घटनाग्रस्त विमान के ब्लैक बॉक्स को डिकोड करने के स्थान पर निर्णय लेगा। सरकार ने गुरुवार को यह जानकारी दी। विमान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो (एएआईबी) की एक टीम ने 12 जून को हुई दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है। इस दुर्घटना में लगभग 280 लोग मारे गए थे।

नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने कहा, डिजिटल फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर (डीएफडीआर) और कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर (सीवीआर) की एक संयुक्त इकाई 13 जून, 2025 को दुर्घटना स्थल से बरामद की गई है और दूसरा सेट 16 जून को मिला। विमान के इस मॉडल में दो ब्लैक बॉक्स सेट थे। मंत्रालय ने कहा कि स्थानीय प्राधिकारियों और एजेंसियों से सभी



आवश्यक सहयोग के साथ एएआईबी जांच लगातार आगे बढ़ रही है। साथ ही कहा कि साइट दस्तावेजीकरण और साक्ष्य संग्रह इकट्ठा करने का प्रमुख कार्य पूरा हो चुका है और अब आगे का विश्लेषण चल रहा है।

बयान में कहा गया है, कुछ मीडिया संस्थानों में यह खबर आई है कि एआई171 उड़ान से सीवीआर/डीएफडीआर (ब्लैक बॉक्स) को पुनः प्राप्ति और विश्लेषण के लिए विदेश भेजा जा रहा है... विमान के रिकॉर्डर को डिकोड करने के स्थान के बारे में निर्णय एएआईबी द्वारा सभी तकनीकी और सुरक्षा संबंधी पहलुओं के उचित मूल्यांकन के बाद लिया जाएगा।

### डीएनए जांच से 215 मृतकों की पहचान हुई, 198 शव सौंपे गए

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद में एअर इंडिया विमान हादसे में 270 लोगों की मौत होने के एक सप्ताह बाद 215 मृतकों की, डीएनए मिलान के जरिए अब तक पहचान कर ली गई है और 198 शव उनके परिजनों को सौंप दिए गए हैं। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। कुल 242 यात्रियों और चालक दल के सदस्यों को लेकर 12 जून को लंदन जा रहा एअर इंडिया का विमान एआई-171 अहमदाबाद के एक मेडिकल कॉलेज परिसर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था।

### दुर्घटनाग्रस्त विमान का अच्छी तरह से किया था रखरखावः एअर इंडिया

**मुंबई।** एअर इंडिया के सीईओ और प्रबंध निदेशक कैंपबेल विल्सन ने बृहस्पतिवार को कहा कि दुर्घटनाग्रस्त हुए बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर का अच्छी तरह से रखरखाव किया गया था तथा इस विमान की आखिरी बार गहन जांच जून 2023 में की गई थी और अगली जांच दिसंबर 2025 में होनी थी। यात्रियों को दिये एक संदेश में, एअर इंडिया प्रमुख ने यह भी कहा कि अगले कुछ सप्ताह के लिए कंपनी के बड़े विमानों के बेड़े के परिचालन में 15 प्रतिशत की कटौती एक अस्थायी कदम है। विमान का रखरखाव अच्छी तरह से किया गया था।

## एक नजर

### स्पेन ने नाटो के रक्षा खर्च में अनुमानित वृद्धि को अनुचित बता किया खारिज

**मैड्रिड।** स्पेन ने रक्षा जरूरतों पर सकल घरेलू उत्पाद का पांच प्रतिशत खर्च करने के नाटो के प्रस्ताव को अनुचित बताते हुए इसे खारिज कर दिया है। इस प्रस्ताव की घोषणा अगले सप्ताह होने की उम्मीद है। उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के महासचिव मार्क रुटे को गुरुवार को भेजे गए एक पत्र में स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने कहा कि स्पेन अगले सप्ताह हेग में होने वाले नाटो शिखर सम्मेलन में जीडीपी के संदर्भ में किसी विशिष्ट व्यय लक्ष्य के लिए प्रतिबद्ध नहीं हो सकता।

### अमेरिका में धोखाधड़ी करने वाले दो भारतीय छात्रों को सजा

**ह्यूस्टन।** अमेरिका में पढ़ाई करने वाले दो भारतीय छात्रों को बुजुर्गों से लाखों डॉलर की धोखाधड़ी करने के अलग-अलग मामलों में सजा सुनाई गई है। छात्र वीजा पर अमेरिका में रह रहे किशन राजेशकुमार पटेल (20) द्वारा धनशोधन की साजिश रचने का अपराध कबूल किए जाने के बाद इस सप्ताह उसे 63 माह (पांच साल से अधिक) जेल की सजा सुनाई गई। अमेरिका के न्याय विभाग (डीओजे) के अनुसार पटेल ने खुद को सरकारी अधिकारी बताकर बुजुर्गों को निशाना बनाया और डर दिखाकर उनसे रुपये और सोने के आभूषण ठग लिये। एक जांच में पाया गया कि उसने कम से 25 बुजुर्गों से 2,694,156 डॉलर ठगे पटेल को 24 अगस्त 2024 को टेक्सास के ग्रेनाइट शोल्स से गिरफ्तार किया गया था और 29 अगस्त से वह संघीय हिरासत में है।

### गोयल ने विमान हादसे में मारे गए लोगों को दी श्रद्धांजलि

**लंदन।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने लंदन की अपनी दो दिवसीय यात्रा की शुरुआत अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देकर की। लंदन के लिए रवाना हुआ एअर इंडिया का विमान 12 जून को अहमदाबाद में एक मेडिकल कॉलेज परिसर में गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इस हादसे में 280 लोगों की मौत हो गई थी। दुर्घटना के लगभग एक सप्ताह बाद एअर इंडिया की उड़ान से लंदन पहुंचे गोयल ने बुधवार को 'इंडिया ग्लोबल फोरम' (आईजीएफ) के वार्षिक सम्मेलन 'यूके-इंडिया वीक स्टेज' में एक मिनट का मौन रखा।

# खामेनेई को जीने का हक नहीं : इजराइल

## ईरान ने अस्पताल पर दागीं मिसाइलें, 40 घायल, इजराइल का ईरान के भारी जल रिएक्टर पर हमला

**बीरशेबा (इजराइल), एजेंसी**

ईरान की एक मिसाइल गुरुवार तड़के दक्षिणी इजराइल के मुख्य अस्पताल पर गिरी जिससे व्यापक पैमाने पर क्षति हुई लेकिन कोई गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ। अन्य मिसाइलें तेल अवीव के निकट एक ऊंची इमारत तथा कई अन्य आवासीय भवनों पर गिरीं। ईरानी मिसाइल हमलों के बाद इजराइल के रक्षा मंत्री काट्ज ने कहा कि ईरान के सर्वोच्च नेता खामेनेई का अस्तित्व नहीं बचेगा...उन्हें जीने का हक नहीं।

इजराइल की मैगन डेविड एडोम बचाव सेवा के अनुसार, इन हमलों में कम से कम 40 लोग घायल हुए हैं। दक्षिणी शहर बीरशेबा में स्थित सोरोका मेडिकल सेंटर से काला धुआं उठता देखा गया और आपातकालीन दलों ने मरीजों को बाहर निकाला। इजराइली मीडिया ने मिसाइल हमले के कारण क्षतिग्रस्त हुईं खिड़कियों और इलाके से उठते घने काले धुएं के फुटेज प्रसारित किए। इस बीच इजराइल ने ईरान के अराक भारी जल रिएक्टर पर हमला किया। ईरान के विशाल परमाणु कार्यक्रम पर यह हमला संघर्ष के सातवें दिन किया गया। इजराइल ने सात दिन पहले ईरान के सैन्य स्थलों, वरिष्ठ अधिकारियों और परमाणु वैज्ञानिकों को निशाना बनाकर अचानक हमले किए जिससे यह संघर्ष शुरू हो गया। वाशिंगटन स्थित एक ईरानी मानवाधिकार समूह ने बताया कि ईरान में 263 आम नागरिकों सहित कम से कम 639 लोग मारे गए हैं और 1,300 से अधिक लोग घायल हुए हैं। जवाबी कार्रवाई में ईरान ने करीब 400 मिसाइल और सैकड़ों ड्रोन दागे हैं, जिससे इजराइल में कम से कम 24 लोग मारे गए हैं और सैकड़ों लोग घायल हुए हैं। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि वह अपने यूरोपीय समकक्षों के साथ बैठक के लिए शुक्रवार को जिनेवा जाएंगे, जिससे संकेत मिलता है कि कोई नयी कूटनीतिक पहल आकार ले सकती है। ईरान की आधिकारिक समाचार एजेंसी आईआरएनए ने बताया कि बैठक में ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी के विदेश मंत्री और यूरोपीय संघ के शीर्ष राजनयिक शामिल होंगे।





इजराइल में विस्फोट के बाद अस्पताल से महिला को बाहर निकालते पुलिसकर्मी। दाएं : अस्पताल से हमले से उठता धुआं।

### ईरान और इजराइल के बीच समझौता कराने में मदद कर सकता है रूस : पुतिन

**सेंट पीटर्सबर्ग।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने इजराइल और ईरान के बीच संघर्ष को समाप्त कराने के लिए बुधवार को मध्यस्थता की पेशकश की और कहा कि मॉस्को एक ऐसा समझौता कराने में मदद कर सकता है, जिसके तहत ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम पर शांतिपूर्वक आगे बढ़ सकता है और इजराइल की सुरक्षा चिंताएं भी कम हो सकती हैं। अंतर्राष्ट्रीय समाचार एजेंसियों के पत्रकारों से बात करते हुए पुतिन ने कहा कि यह एक संवेदनशील मुद्दा है। मेरे विचार से, एक समाधान निकल सकता है। यह पूछे जाने पर कि इजराइल, ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या कर देता है तो रूस की क्या प्रतिक्रिया होगी, इस पर पुतिन ने जवाब देने से इनकार कर दिया और कहा कि "मैं ऐसी किसी आशंका पर चर्चा नहीं करना चाहता।

### इजराइली दूतावास से अमेरिका ने राजनयिकों को निकालना शुरू किया

**वाशिंगटन।** अमेरिका के विदेश विभाग ने इजराइल में अमेरिकी दूतावास से गैर-जरूरी राजनयिकों और उनके परिवारों को निकालना शुरू कर दिया है, क्योंकि इजराइल और ईरान के बीच संघर्ष बढ़ता जा रहा है और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संघर्ष में सीधे शामिल होने की संभावना को लेकर चेतावनी दी है। एक सरकारी विमान ने कई राजनयिकों और उनके परिवार के सदस्यों को निकाला, जिन्होंने बुधवार को देश छोड़ने के लिए कहा था।

### आयुध वाली ईरानी मिसाइल इजराइल के लिए बनी चुनौती

**सेना बीरशेबा।** इजराइली सेना ने बृहस्पतिवार को कहा कि ईरान ने अपने हमले में कई आयुधों वाली मिसाइल का इस्तेमाल किया, जिससे इजराइल की सुरक्षा के लिए नयी चुनौती पैदा हो गई है। कई आयुधों वाली मिसाइल इजराइल की आयरन डोम जैसी हवाई रक्षा प्रणालियों के लिए अधिक कठिन चुनौती पेश कर सकती हैं। इसका तत्काल कोई स्वतंत्र विश्लेषण नहीं किया जा सका।

# ईरान में फंसे 110 भारतीय छात्रों को लेकर दिल्ली पहुंचा विमान

**नई दिल्ली, एजेंसी**

युद्धग्रस्त ईरान से निकाले गए भारतीय छात्रों ने वहां के हालात को याद किया और घर वापसी के खातिर त्वरित कदम उठाने के लिए भारत सरकार को धन्यवाद दिया। ईरान से निकाले गए 110 भारतीय छात्रों को लेकर पहला विमान गुरुवार तड़के दिल्ली पहुंचा। इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते संघर्ष के बीच, ऑपरेशन सिंधु के तहत तेहरान से भारतीय छात्रों को निकाला गया और भारतीय दूतावास ने मंगलवार को 110 छात्रों को सुरक्षित रूप से आर्मेनिया में प्रवेश कराने में सहायता की। इसके बाद उन्हें दिल्ली लाया गया।

विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने कहा कि और लोगों को निकाला जा रहा है। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री का प्रभार भी संभाल रहे सिंह ने संवाददाताओं से कहा, हमारे पास विमान तैयार हैं। हम आज एक और विमान भेजेंगे। हम तुर्कमेनिस्तान से कुछ और लोगों को निकाल रहे हैं। निकासी अनुरोध के लिए हमारे दूतावासों से 24 घंटे संपर्क किया जा सकता है। जैसे-जैसे स्थिति बदलेगी, हम भारतीय नागरिकों को निकालने के लिए और विमान भेजेंगे।



दिल्ली पहुंची छात्रा परिजन से मिलती हुई।

### छात्रों ने बताया- पड़ोस में ही मिसाइल, बम गिर रहे थे

**नई दिल्ली।** हमारे पड़ोस में ही आसमान से मिसाइलें गिर रही थीं, बमबारी हो रही थी। यह कहना था युद्धग्रस्त ईरान से निकाले जाने के बाद गुरुवार को वतन लौटे एमबीबीएस छात्र मीर खलीफ का जिनकी लड़खड़ाती आवाज में वहां (ईरान) के भयावह हालात का डर साफ महसूस हो रहा था। खलीफ ने ईरान की भयावह यादों को एक बुरा सपना बताया और उन्हें पहले आर्मेनिया पहुंचाने, फिर वतन वापसी के लिए धन्यवाद दिया।

## केरल उच्च न्यायालय ने जहाज को सशर्त जब्त करने का दिया आदेश

**कोच्चि (केरल), एजेंसी**

केरल उच्च न्यायालय ने आदेश दिया कि लाइबेरियाई ध्वज वाले जहाज एमएससी पोलो द्वितीय को तब तक जब्त रखा जाए, जब तक कि उसकी मूल कंपनी केरल तट पर एमएससी एल्सा 3 के डूबने से माल की हानि के लिए समुद्री दावे के तहत 73.49 लाख रुपये जमा नहीं कर देती है।

न्यायमूर्ति एम ए अब्दुल हकीम ने केरल की एक काजू कंपनी 'सैंस कैश्यू इंडिया प्राइवेट लिमिटेड' द्वारा दायर याचिका पर यह फैसला दिया, जिसमें आरोप लगाया गया है कि 24-25 मई के बीच एमएससी एल्सा 3 के डूबने के बाद उसके माल से भरे कंटेनर समुद्र में खो गए थे। काजू कंपनी ने अपने मुकदमे में दावा किया है कि जहाज यांत्रिक, तकनीकी दोषों या उचित देखभाल के अभाव में और जहाज की अयोग्यता तथा चालक दल की




अक्षमता की वजह से जहाज में कंटेनरों के अनुचित भंडारण के कारण'' डूब गया। कंपनी ने दावा किया कि एमएससी एल्सा 3 और एमएससी पोलो द्वितीय सहयोगी जहाज हैं और इनका मालिकाना हक एमएससी मेडिटेरेनियन शिपिंग कॉ एसए के पास है।

उसने अपना सामान खोने के बदले में 73,49,596 रुपये का हर्जाना मांगा है। उसने एक अंतरिम याचिका दायर कर हर्जाना मिलने तक एमएससी पोलो द्वितीय को कब्जे में लेने का अनुरोध किया है। शिपिंग कंपनी ने अनुरोध किया कि अदालत सशर्त जब्ती का आदेश जारी न करे क्योंकि वह जुर्माना राशि जमा कर देगी।

## टेक्सास में परीक्षण के दौरान स्पेसएक्स के रॉकेट में विस्फोट

**आस्टिन (अमेरिका)।** स्पेसएक्स के एक रॉकेट में बुधवार रात को टेक्सास में परीक्षण के दौरान विस्फोट हो गया, जिससे आसमान में आग का गोला उठता दिखाई दिया। हालांकि, इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। कंपनी ने कहा कि टेक्सास के दक्षिणी सिरे पर स्थित स्पेसएक्स के प्रक्षेपण स्थल स्टारबेस में दसवें उड़ान परीक्षण की तैयारी के दौरान रात करीब 11 बजे रॉकेट स्टारशिप में एक बड़ी खराबी का पता चला।

स्पेसएक्स ने एक्स पर एक बयान में कहा, पूरे अभियान के दौरान प्रक्षेपण स्थल के चारों ओर सुरक्षित क्षेत्र बनाकर रखा गया था और सभी कर्मचारी सुरक्षित हैं और उनकी देखभाल की जा रही है।'' एलन मस्क के स्वामित्व वाली स्पेसएक्स ने कहा कि आस-पास के समुदायों को इस घटना से कोई खतरा नहीं पहुंचा।

## ब्रिटेन में भारतीय डॉ. को लेखन का शीर्ष सम्मान इंडिया ग्लोबल फोरम में किया गया सम्मानित

- ब्रिटेन की संस्कृति मंत्री लिसा नंदी ने दिया सम्मान

**लंदन, एजेंसी**

ब्रिटेन की संस्कृति मंत्री लिसा नंदी ने चिकित्सक और लेखिका शालिनी मलिक को उनके उपन्यास 'द वे होम' के लिए बेस्टसेलर लेखकों लॉर्ड जेफरी आर्चर और अमीश त्रिपाठी के नाम पर शुरू किया गया 25,000 अमेरिकी डॉलर का पहला आईजीएफ आर्चर-अमीश अवार्ड फॉर स्टोरीटेलर्स प्रदान किया।

मलिक के उपन्यास में तीन युवाओं की कहानी है जो गोवा में शरण लेते हैं और अपने निजी दुखों से जूझ रहे हैं। इस उपन्यास को दुख, पहचान और उपचार की मार्मिक और प्रासंगिक खोज के लिए उत्कृष्ट कृति चुना गया। बुधवार को लंदन में इंडिया ग्लोबल फोरम (आईजीएफ) यूके-इंडिया वीक में सम्मान प्रदान करते हुए नंदी ने पुरस्कार के व्यापक सांस्कृतिक महत्व तथा भारत एवं ब्रिटेन के साझा संबंधों पर जोर दिया। संस्कृति, मीडिया और खेल मामलों की भारतीय मूल की ब्रिटिश मंत्री नंदी ने कहा, "लोगों के बीच संपर्क हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा, वैश्विक स्तर पर हम खुद को विभाजित करने के कई तरीके खोज रहे हैं।

दुनिया खंडित हो रही है और ध्रुवीकृत हो रही है और ऐसी सरकारों की सख्त जरूरत है जो इन बाधाओं को पार करने में अग्रणी भूमिका निभाएं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर ने यही करने का संकल्प लिया है।



लंदन में ब्रिटेन की संस्कृति सचिव लिसा नंदी इंडिया ग्लोबल फोरम में शालिनी मलिक को कहानीकारों के लिए आर्चर-अमीश पुरस्कार प्रदान करती हुईं।

## द. अफ्रीका रंगभेद युग में हुई हत्याओं की नए सिरे से कराएगा जांच

**जोहानिसबर्ग।** नोम्बुइसेलो म्हलाउली को जब उनके पति का शव दफनाने के लिए सौंपा गया, तो उनके सीने में 25 से अधिक और पीठ में सात घाव थे तथा गले पर भी गहरा जख्म था। उनका दाहिना हाथ भी नहीं था।

सिसेलो म्हलाउली उन चार अश्वेत लोगों में से एक थे, जिन्हें 40 साल पहले इसी महीने दक्षिण अफ्रीका में रंगभेद दौर के सुरक्षा बलों ने अगवा कर लिया था, प्रताड़ित किया और मार डाला था। उनकी मौत के लिए किसी को भी जवाबदेह नहीं ठहराया गया। हालांकि, रंगभेद विरोधी कार्यकर्ताओं की हत्याओं की एक न्यायाधीश के नेतृत्व में नये सिरे से जांच इस महीने शुरू हुई है। ये कार्यकर्ता 'क्रैडॉक फोर' के नाम से जाने गए और वे न्याय से वंचित लोगों के लिए एकजुटता का नारा बन गए।

## पांचवीं पीढ़ी का स्टेल्थ लड़ाकू विमान बनाने की प्रक्रिया शुरू

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- भारत अपनी हवाई शक्ति को बढ़ाने की दिशा में एक कदम आगे बढ़ा

भारत ने अपनी हवाई शक्ति को बढ़ाने के लिए पांचवीं पीढ़ी का 'स्टेल्थ' लड़ाकू विमान विकसित करने की महत्वाकांक्षी परियोजना को क्रियान्वित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। रक्षा मंत्रालय के अधीन कार्यरत इकाई एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी (एडीए) ने विमान के प्रोटोटाइप विकसित करने के लिए रुचि पत्र (ईओ) आमंत्रित किए हैं।

इस परियोजना के अंतर्गत सरकार उन्नत मध्यम लड़ाकू विमान (एएमसीए) के पांच प्रोटोटाइप बनाने की योजना बना रही है। हल्के लड़ाकू विमान तेजस के साथ एएमसीए को भारतीय वायुसेना का मुख्य आधार बनाने की योजना है। एडीए ने कहा कि ईओआई का उद्देश्य तकनीकी रूप



से एएमसीए प्रोटोटाइप बनाने में सक्षम भारतीय कंपनियों को सूचीबद्ध करना है। आवेदक एकल कंपनी, संयुक्त उद्यम या कंपनियों का संघ हो सकता है। रक्षा क्षेत्र में अनुभव रखने वाली तथा एएमसीए के डिजाइन की क्षमता रखने वाली प्रतिष्ठित भारतीय कंपनियों को इस परियोजना के लिए चुना जाएगा। इसमें कहा गया कि चयनित इकाई के पास विमान के श्रृंखलाबद्ध उत्पादन के लिए विनिर्माण सुविधा स्थापित करने की क्षमता होनी चाहिए।

## यूक्रेन पर रूसी हमलों के बाद और शव मिले मृतकों की संख्या 28 हुई

**कीव।** रूस के मिसाइल हमले में तहस-नहस हुई कीव की नौ मंजिला इमारत के मलबे से बुधवार को आपात कर्मियों ने और शव निकाले, जिसके बाद यूक्रेन की राजधानी में हालिया हमलों में मरने वालों की कुल संख्या बढ़कर 28 हो गई। कीव के सोलोमिंस्की जिले में स्थित यह इमारत हाल में हुए हमले में ध्वस्त हो गई थी।

अधिकारियों ने बताया कि 23 शव इमारत के अंदर से निकाले गए हैं जबकि बाकी पांच लोगों की मौत शहर में दूसरे स्थान पर हुए हमलों में हुई। ये हमले सोमवार से मंगलवार के बीच हुए थे। रूस ने 440 से अधिक ड्रोन और 32 मिसाइलें दागीं थीं। इस बीच, अमेरिका के नेतृत्व में शांति प्रयासों में कोई प्रगति नहीं हुई है।

**दौरा** प्रधानमंत्री मोदी और क्रोएशियाई प्रधानमंत्री प्लेंकोविक ने सहयोग बढ़ाने का लिया संकल्प

# भारत और क्रोएशिया रक्षा सहयोग के लिए हुए राजी

**जगरेब, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने क्रोएशिया के प्रधानमंत्री आंद्रेज प्लेंकोविक के साथ वार्ता की जिसके बाद दोनों देशों ने रक्षा सहयोग योजना तैयार करने पर सहमति जतायी और व्यापार, नवीकरणीय ऊर्जा तथा सेमीकंडक्टर समेत कई अहम क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने का संकल्प लिया।

मोदी ने मीडिया में दिए अपने बयान में कहा कि उन्होंने और प्लेंकोविक ने इस पर सहमति जतायी कि आतंकवाद मानवता का दुश्मन है और यह लोकतंत्र में विश्वास रखने वाली ताकतों के लिए दुश्मन के समान है। मोदी अपनी तीन देशों की यात्रा के अंतिम चरण में कनाडा से बुधवार सुबह जगरेब पहुंचे। वार्ता में दोनों प्रधानमंत्रियों ने भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईसी) समेत क्षेत्रीय संपर्क मजबूत करने की महत्ता पर भी सहमति जतायी। विदेश मंत्रालय ने कहा कि क्रोएशिया मध्य और दक्षिण-पूर्वी यूरोप में भारत के प्रवेश द्वार के रूप में काम कर सकता है। दोनों पक्षों ने लोगों की आवाजाही को सुविधाजनक बनाने के लिए शीघ्र ही गतिशीलता समझौते को अंतिम रूप देने का भी निर्णय लिया।

मोदी ने कहा, हम 22 अप्रैल को भारत में आतंकवादी हमले पर संवेदनाएं व्यक्त करने के लिए क्रोएशिया के प्रधानमंत्री तथा सरकार के आभारी हैं। ऐसे कठिन समय में, हमारे मित्र देशों का समर्थन बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, हम दोनों ने सहमति जतायी कि आज के वैश्विक परिदृश्य में भारत और यूरोप के बीच साझेदारी का बहुत महत्व है। यूरोपीय संघ के साथ हमारी रणनीतिक साझेदारी मजबूत बनाने में क्रोएशिया का समर्थन एवं सहयोग बहुत महत्वपूर्ण है।



प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात करते क्रोएशिया के समकक्ष।

### युद्ध के मैदानों से नहीं पाया जा सकता समाधान

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वह और प्लेंकोविक दोनों इस बात का समर्थन करते हैं कि चाहे यूरोप हो या एशिया, समस्याओं का समाधान युद्ध के मैदानों से नहीं पाया जा सकता है। उन्होंने विस्तारपूर्वक जानकारी दिए बगैर कहा, बातचीत और कूटनीति ही एकमात्र रास्ता है। किसी भी देश के लिए क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता का सम्मान आवश्यक है। उनकी यह टिप्पणी पश्चिम एशिया में इजराइल और ईरान के बीच सैन्य टकराव बढ़ने के कारण पैदा हुयी स्थिति के बीच आई है। मोदी ने कहा कि रक्षा क्षेत्र में सहयोग के लिए एक रक्षा सहयोग योजना तैयार की जाएगी, जिस पर रक्षा उद्योग के साथ ही प्रशिक्षण और सैन्य आदान-प्रदान किया जाएगा।